www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 181 ■ जबलपुर सोमवार 22 दिसम्बर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# नाकामी छिपाने के लिए विपक्ष पर दोष मढ़ रहे प्रधानमंत्री

## मोदी के घुसपैठिए वाले बयान पर कांग्रेस का पलटवार



नई दिल्ली

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घुसपैठियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर पलटवार किया है। खरगे ने कहा कि केंद्र और असम दोनों जगह भाजपा की सरकारें हैं, जिसे वे खुद डबल इंजन सरकार कहते हैं। ऐसे में यदि सुरक्षा व्यवस्था में विफलता है तो उसकी जिम्मेदारी विपक्ष पर कैसे डाली जा सकती है? दरअसल पीएम मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त है। वह अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को असम में बसाने की कोशिश कर रही है। असम दौरे पर पीएम मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, केंद्र में उनकी सरकार है और असम में भी उनकी सरकार है, जिसे वे डबल-इंजन सरकार कहते हैं। अगर वे सुरक्षा देने में असफल हो जाते हैं, तो वे विपक्षी पार्टियों पर आरोप कैसे लगा सकते हैं? जब सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रहती है, तो सारा दोष विपक्ष पर मढ़ देती है। मैं ऐसे बयान की कड़ी निंदा करता हूं। खरगे ने आगे कहा, वे राष्ट्रविरोधी हैं, हम नहीं। हम देश के हित में जो भी अच्छा होगा, वह करेंगे, लेकिन हम आतंकवादियों, घुसपैठियों या किसी और का समर्थन नहीं करेंगे। वह सिर्फ दोष दूसरों पर डाल रहे हैं क्योंकि वे उन्हें रोकने में नाकाम रहे हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि असल में सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए आरोप-प्रत्यारोप कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पार्टी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त है और असम में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को बसाने में मदद कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी पार्टी का असमिया लोगों की पहचान, अस्तित्व और गौरव से कोई लेना-देना नहीं है, जिसे भाजपा ने बचाने की कोशिश की है। मोदी ने कहा, कांग्रेस मतदाता सूची में संशोधन का विरोध कर रही है क्योंकि वह केवल सत्ता हथियाना चाहती है, वह मेरे अच्छे कार्यों का विरोध करती है। भाजपा सरकार हमेशा असमिया लोगों की पहचान, भूमि, गौरव और अस्तित्व की रक्षा के लिए काम करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य असम को उतना शक्तिशाली बनाना है जितना कि वह अहोम साम्राज्य के समय हुआ करता था।औद्योगीकीकरण और कनेक्टिविटी असम के सपनों को पूरा कर रहे हैं। भाजपा की 'डबल-इंजन' सरकार युवाओं को नए सपने देखने के लिए सशक्त बना रही है।उन्होंने यह भी कहा कि नामरूप यूरिया संयंत्र से स्थानीय किसानों को मदद मिलेगी और असम के युवाओं के लिए हजारों नौकरियां सृजित होंगी।नामरूप उर्वरक संयंत्र असम में औद्योगिक विकास का प्रतीक बनेगा। यह दुख की बात है कि कांग्रेस ने संयंत्र को आधुनिक बनाने और किसानों की समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने के लिए कोई प्रयास नहीं किया।

### दीपू दास की हत्या पर बोले खरगे

बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की भीड़ द्वारा हत्या की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, मैं इस घटना की निंदा करता हूं। वहां हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए और भारत सरकार को बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए कदम उठाने चाहिए।

## महाराष्ट्र निकाय चुनावों में महायुति का दबदबा



**मुंबई।** महाराष्ट्र में इन दिनों स्थानीय निकाय चुनावों का दौर चल रहा है। इसके प्रथम चरण में आज 286 नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के लिए दो दिसंबर एवं 20 दिसंबर को हुए चुनावों के परिणाम आज घोषित हुए हैं। महाराष्ट्र में 286 नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के लिए हुए चुनावों में भाजपा ने 120 से अधिक स्थानों पर अपने नगराध्यक्ष जिताकर एक बार फिर अपनी ताकत सिद्ध कर दी है। सरकार में उसके सहयोगी दलों में से शिवसेना के 54 एवं राकांपा के 40 नगराध्यक्ष बन सकते हैं। दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी में कांग्रेस 34 स्थानों पर अपने नगराध्यक्ष बनाकर सबसे आगे हैं, जबकि शिवसेना (यूबीटी) के हिस्से में सिर्फ आठ एवं राकांपा (शरदचंद्र पवार) के हिस्से में सात नगराध्यक्ष पद ही आते दिख रहे हैं।

## 24 घंटे के भीतर पूरी करनी होगी वैष्णो देवी यात्रा

**जम्मू।** मां वैष्णो देवी की यात्रा को लेकर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड कुछ नियमों में बदलाव किया है। मां वैष्णो देवी की यात्रा आरंभ करने से पहले पंजीकरण के साथ ही आरएफआईडी यात्रा कार्ड प्राप्त करना प्रत्येक श्रद्धालुओं के लिए अनिवार्य है। अब श्रद्धालुओं को आरएफ आईडी यात्रा कार्ड प्राप्त कर 10 घंटे के भीतर अपनी मां वैष्णो देवी की यात्रा शुरू करनी होगी। तो दूसरी और श्रद्धालुओं को 24 घंटे के भीतर अपनी मां वैष्णो देवी की यात्रा पूरी कर आधार शिविर कटड़ा वापस आना होगा। जिसको लेकर नए आदेश श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए हैं।

## लेफ्टिनेंट कर्नल रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रक्षा मंत्रालय में पोस्टेड आर्मी अफसर को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उत्पादन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा पर बेंगलुरु की एक कंपनी से 3 लाख की रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआई ने शर्मा के घर से 2.36 करोड़ रुपए भी जब्त किए हैं। सीबीआई ने शर्मा की पत्नी कर्नल काजल बाली के खिलाफ भी मामला दर्ज किया।

## करणी सेना बनाएगी राजनीतिक पार्टी

**हरदा।** हरदा के नेहरू स्टेडियम में 21 सूत्रीय मांगों को लेकर करणी सेना परिवार का जनक्रांति आंदोलन रविवार को 11 घंटे तक लगातार चला। रात 8 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब आंदोलन के बजाय राजनीतिक दल बनाकर सर्व समाज की मांगों को लोकसभा और विधानसभा में उठाया जाएगा।

# राष्ट्रपति ने 'जी राम जी' बिल को दी मंजूरी

## देश की प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना मनरेगा में बड़े बदलाव का रास्ता साफ



नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी 'वीबी-जी राम जी' बिल 2025 को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही देश की प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना में बड़े बदलाव का रास्ता साफ हो गया है। इस मंजूरी के बाद करीब दो दशक पुराना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा अब नए कानूनी ढांचे से बदल दिया गया है, जिसे सरकार के विकसित भारत 2047 के विजन से जोड़ा गया है। नए कानून के तहत सबसे बड़ा बदलाव यह है कि ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली रोजगार गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन प्रति वित्तीय वर्ष कर दी गई है। सरकार ने इसे लाभों के विस्तार के रूप में पेश किया है और कहा है कि पहले 100 दिनों की सीमा अक्सर न्यूनतम गारंटी के बजाय एक सख्त अधिकतम सीमा की तरह काम करती थी। नए कानून में पहली बार यह प्रावधान भी जोड़ा गया है कि बुआई और कटाई के पीक सीजन के दौरान ग्रामीण रोजगार को अधिकतम 60 दिनों तक रोका जा सकता है। सरकार का तर्क है कि इससे खेती के अहम समय में मजदूरों की उपलब्धता बनी रहेगी और किसानों की मजदूरों की कमी की शिकायत दूर होगी। काम के दायरे को भी सीमित किया गया है। अब रोजगार मुख्य रूप से चार क्षेत्रों तक सीमित रहेगा जल सुरक्षा, बुनियादी ग्रामीण ढांचा, आजीविका से जुड़े संसाधन और जलवायु अनुकूलन। सरकार का दावा है कि इससे बनने वाली परिसंपत्तियों की गुणवत्ता और टिकाऊपन बेहतर होगा।

### फंडिंग व्यवस्था में बड़ा बदलाव

फंडिंग व्यवस्था में भी अहम बदलाव किया गया है। मनरेगा में जहां मजदूरी का पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाती थी, वहीं नए वीबी-जी रैम जी ढांचे में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझा फंडिंग का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 60:40 के अनुपात में खर्च होगा। इससे पहले पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों के लिए 90:10 और अन्य राज्यों के लिए 75:25 का पैटर्न लागू था। सरकार का कहना है कि इससे सहकारी संघवाद को बढ़ावा मिलेगा और राज्यों की जिम्मेदारी बढ़ेगी।

### विपक्ष ने किया कड़ा विरोध

हालांकि केंद्र सरकार का कहना है कि यह कानून विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप है, वहीं विपक्ष ने इसका कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने कानून के नाम से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर आपत्ति जताई है। उनका आरोप है कि यह बिल मनरेगा की अधिकार आधारित भावना को कमजोर करता है, फैसले केंद्र में समेटता है और मजदूरों के अधिकारों को सीमित करता है।

### पंचायतों को मिली योजना बनाने की शक्ति

इससे धरातल पर होने वाला काम दिखाई देगा और उसका लाभ भी ग्रामीण विकास में मिलेगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि कार्य तय करने का अधिकार पंचायतों को दिया गया है। ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों की सहमति से गांव की आवश्यकता के आधार पर कार्य निर्धारण होगा। इस अधिनियम में मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर या किसी भी स्थिति में कार्य की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर किए जाने की अनिवार्यता है। देरी होने पर विलंब मुआवजा दिया जाएगा। यह भी महत्वपूर्ण बदलाव है कि इस कानून के तहत कराए जाने वाले कार्यों को भी सरकार ने निश्चित कर दिया है।

# मनरेगा से गांधी का नाम हटाना उनकी दोबारा हत्या जैसा

## चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम



**चेन्नई।** कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना उनकी दोबारा हत्या करने जैसा है। गांधी जी को एक बार 30 जनवरी 1948 को मारा गया था। अब उन्हें दोबारा मारा जा रहा है। चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस में चिदंबरम ने कहा कि केंद्र सरकार गांधी और नेहरू को आधिकारिक रिकॉर्ड से मिटाने की कोशिश कर रही है, लेकिन वे भारतीय लोगों के मन में बसे हैं, जैसे बुद्ध या यीशु। कोई भी सरकारी आदेश उन्हें मिटा नहीं सकता। चिदंबरम बोले- 125 दिन रोजगार का दावा गलत है। 'वीबी-जी राम जी' जैसा नाम दक्षिण भारत के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले भारतीयों की समझ से बाहर है। हो सकता है कि कुछ मंत्रियों को भी यह समझ न आए कि इन नामों का क्या मतलब है। कानून अब कहता है कि जब तक राज्य इस सटीक नाम का इस्तेमाल नहीं करेंगे, उन्हें फंड नहीं मिलेगा। चिदंबरम ने भी सरकार के उस दावे को खारिज कर दिया कि वे काम के दिनों को बढ़ाकर 125 कर देंगे। दरअसल राष्ट्रीय औसत वर्तमान में 50 दिन है, और केवल कुछ ही मजदूर निर्धारित 100 दिन पूरे कर पाते हैं। मनरेगा योजना जो पहले यूनिवर्सल थी, लेकिन नया कानून केंद्र द्वारा चुने गए कुछ जिलों तक ही सीमित रहेगा। यह मनरेगा के मूल ढांचे के विपरीत है जो हर ग्रामीण जिले तक फैला हुआ था। नया वर्जन अब राष्ट्रीय स्तर का नहीं रहा और इसमें शहरी या कस्बों के पंचायत क्षेत्र शामिल नहीं होंगे। नए कानून में फंडिंग की जिम्मेदारी राज्यों पर डाली जा रही है। पहले केंद्र पूरी मजदूरी लागत और 75 प्रतिशत मटेरियल खर्च देता था। अब राज्यों को खर्च में हिस्सेदारी देनी होगी। अगर कोई राज्य कहता है कि उसके पास फंड नहीं है, तो योजना वहां लागू नहीं होगी।

# खड़े-खड़े अपराधी हो गई अरावली पर्वतमाला

## दिल्लीवासियों के लिए अखिलेश का भावुक पोस्ट



**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट के हाल के एक फैसले ने अरावली पहाड़ियों को लेकर पर्यावरणविदों और आम जनता के बीच बहस छेड़ दी है। इस फैसले को 100-मीटर का फैसला कहा जा रहा है, जिसमें यह साफ किया गया है कि अरावली इलाके में 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को अपने आप जंगल के तौर पर क्लासिफाई नहीं किया जा सकता। वहीं, अखिलेश यादव ने दिल्ली एनसीआर के निवासियों के लिए एक भावुक अपील की है। वो कहते हैं कि बची रहे जो 'अरावली' तो दिल्ली रहे हरीभरी! यह संदेश सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद और मुखर हो गया है, जिसमें अरावली की नई परिभाषा स्वीकार की गई, जिससे पर्यावरणविदों में चिंता बढ़ गई है। अरावली को बचाना कोई विकल्प नहीं है बल्कि ये तो संकल्प होना चाहिए। मत भूलिए कि अरावली बचेगी तो ही एनसीआर बचेगा। अरावली को बचाना अपरिहार्य है, क्योंकि यह दिल्ली और एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच है या कहें कुदरती ढाल है। अरावली ही दिल्ली के ओझल हो चुके तारों को फिर से दिखा सकती है, पर्यावरण को बचा सकती है। अरावली पर्वतमाला ही दिल्ली के वायु प्रदूषण को कम करती है और बारिश-पानी में अहम भूमिका निभाती है। अरावली से ही एनसीआर की जैव विविधता बची हुई है। जो वेटलैंड गायब होते चले जा रहे हैं, उन्हें यही बचा सकती है। गुम हो रहे परिंदों को वापस बुला सकती है। अखिलेश यादव ने कहा कि अरावली से एक भावात्मक लगाव भी है, जो दिल्ली की सांस्कृतिक-ऐतिहासिक धरोहर का हिस्सा है। अरावली को बचाना, दिल्ली के भविष्य को बचाना है, नहीं तो एक-एक सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहे दिल्लीवासी स्मॉग जैसे जानलेवा हालात से कभी बाहर नहीं आ पाएंगे।

## 26 दिसंबर से बढ़ जाएगा ट्रेन का किराया

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने रविवार को ट्रेन टिकटों के किराए में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। मंत्रालय के अनुसार, साधारण श्रेणी (ऑर्डिनरी क्लास) में 215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पर 1 पैसा प्रति किलोमीटर, जबकि मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की नॉन-एसी श्रेणियों और सभी ट्रेनों की एसी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई है। नए किराए 26 दिसंबर 2025 से प्रभावी होंगे। रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि उपनगरीय ट्रेनों के मासिक सीजन टिकट और 215 किलोमीटर तक की साधारण श्रेणी की यात्रा पर किराया नहीं बढ़ाया गया है। यानी रोजाना सफर करने वाले यात्रियों और छोटी दूरी की यात्रा करने वालों को इस बढ़ोतरी से राहत मिलेगी। रेल मंत्रालय के मुताबिक, इस किराया वृद्धि से रेलवे को 31 मार्च 2026 तक करीब 600 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि इससे पहले जुलाई 2025 में की गई किराया वृद्धि से अब तक रेलवे को 700 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है।

# एनडीए से नाता तोड़ेंगे जीतन राम मांझी!



केंद्रीय मंत्री ने बीजेपी पर लगा दिया बेईमानी का आरोप

**गयाजी।** शहर के हरिदास सेमिनरी स्कूल स्थित आर्ट गैलरी सह प्रेक्षागृह में रविवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा की ओर से नवनिर्वाचित विधायक एवं मंत्रियों के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में केंद्रीय मंत्री एवं हम पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी ने राज्यसभा सीट को लेकर आक्रामक तेवर दिखाते हुए बड़ा राजनीतिक बयान दिया। उनके इस बयान को राजनीतिक गलियारों में काफी अहम माना जा रहा है। जीतन राम मांझी ने कहा कि यदि इस बार उन्हें राज्यसभा की सीट नहीं मिली, तो वे न केवल मंत्री पद छोड़ देंगे, बल्कि एनडीए से भी नाता तोड़ने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के समय उन्हें राज्यसभा सीट देने का वादा किया गया था। अब यदि वादा पूरा नहीं हुआ, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। मांझी ने बीजेपी पर बेईमानी और वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनाव तक उन्हें कम करके आंका गया। जीतनराम मांझी ने मंच से ही अपने बेटे और हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में बने रहना है तो जोखिम लेना पड़ेगा। उन्होंने कहा, मन छोटा मत करिए, भाजपा से लड़ाई के लिए तैयार रहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर हमें कमजोर समझा गया, तो हम अलग रास्ते पर चलने से पीछे नहीं हटेंगे।

# हिंदू एक साथ खड़े हो जाएं तो बदल जाएंगे हालात

## बंगाल में बाबरी मस्जिद के निर्माण पर बोले मोहन भागवत



नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर कहा कि वहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं और हालात काफी कठिन हैं। हालात कठिन होने के बावजूद अधिकतम सुरक्षा के लिए वहां के हिंदुओं को एकजुट रहना होगा। दुनियाभर के हिंदुओं को उनकी मदद करनी चाहिए। मोहन भागवत ने कोलकाता में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपनी सीमाओं के भीतर रहकर जितनी मदद कर सकते हैं, उतनी मदद करनी चाहिए। हमें जो कुछ भी संभव है, वह करना होगा और हम कर भी रहे हैं। हिंदुओं के लिए एकमात्र देश भारत है। भारत सरकार को इस पर संज्ञान लेना होगा। उसे कुछ न कुछ करना पड़ेगा। संभव है कि वह पहले से ही कुछ कर रही हो। कुछ बातें सार्वजनिक की जाती हैं, कुछ नहीं की जा सकतीं। कभी नतीजे निकलते हैं, कभी नहीं निकलते। लेकिन कुछ न कुछ तो करना ही होगा। उन्होंने कहा कि अगर हिंदू समाज एकजुट होकर खड़ा हो जाए, तो बंगाल में हालात बदलने में देर नहीं लगेगी। जहां तक राजनीतिक बदलाव को लेकर मेरे विचारों का सवाल है, तो मैं साफ कर देना चाहता हूं कि राजनीतिक परिवर्तन के बारे में सोचना मेरा काम नहीं है। हम संघ के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के लिए काम कर रहे हैं। हिंदू राष्ट्र के सवाल पर मोहन भागवत ने कहा कि सूरज पूर्व से उगता है, हमें नहीं पता यह कब से हो रहा है। तो क्या इसके लिए भी संविधान की मंजूरी चाहिए? हिंदुस्तान एक हिंदू राष्ट्र है, जो भी भारत को अपनी मातृभूमि मानता है और भारतीय संस्कृति का सम्मान करता है, जब तक हिंदुस्तान की धरती पर एक भी ऐसा व्यक्ति जीवित है जो भारतीय पूर्वजों की गौरवशाली परंपरा में विश्वास रखता है और उसे संजोता है तब तक भारत एक हिंदू राष्ट्र है। यही संघ की विचारधारा है।

### यह राजनीतिक साजिश है

मोहन भागवत ने बेलडांगा में टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखे जाने के सवाल पर कहा कि अब यह बाबरी मस्जिद को फिर से बनाकर विवाद को दोबारा शुरू करने की एक राजनीतिक साजिश है। यह वोटों के लिए किया जा रहा है, इससे न तो मुसलमानों का भला है और न ही हिंदुओं का। ऐसा नहीं होना चाहिए। मेरी यही राय है।

# निरीक्षण में खुली पोल! गुणवत्ताहीन कार्य पर उपयंत्री को नोटिस, अधूरे कार्यों को तत्काल पूरा करने के निर्देश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी ने डिंडौरी विकासखंड की ग्राम पंचायत विदयपुर, हिनौता एवं जुनवानी में संचालित विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कार्यपालन यंत्री आरईएस ललित वैद्य, परियोजना अधिकारी मनरेगा प्रदीप कुमार शुक्ल, जनपद पंचायत के सीईओ प्रमोद कुमार ओझा, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री मनरेगा उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत विदयपुर के ग्राम खाम्ही रैयत में मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्मित पर्कोलेशन टैंक एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बने सार्वजनिक तालाब का निरीक्षण किया गया। सार्वजनिक तालाब में जल भराव पाए जाने पर जल संकट के समाधान एवं जल स्तर वृद्धि के प्रयासों की सराहना की गई। वहीं पर्कोलेशन टैंक में बंड निर्माण के दौरान पिचिंग कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने पर उपयंत्री रविन्द्र भाजीपाले को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए और सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को गुणवत्ता सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायत हिनौता में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बनाए जा रहे खेत तालाबों में श्रमिक नियोजन न होने एवं कार्य अपूर्ण पाए जाने पर उपयंत्री को तत्काल मस्टररोल जारी कर श्रमिकों का नियोजन सुनिश्चित करने तथा प्रतिदिन कार्य प्रगति की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात ग्राम पंचायत जुनबानी में प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत आयोजित सर्वे शिविर का निरीक्षण करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने सर्वे दल को घर-घर जाकर सर्वे करने, किसी भी मजरा टोला या ग्राम को वंचित न रखने तथा सभी प्रपत्र पूर्ण कर समय-सीमा में सर्वे कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर सर्वे की स्थिति की जानकारी भी ली।

जुनवानी के ग्राम खुरपार स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला का निरीक्षण करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने शिक्षकों को शैक्षणिक सत्र का पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम संबंधी प्रश्न पूछकर उनकी शैक्षणिक स्थिति का जायजा लिया गया। मध्याह्न भोजन योजना में निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन वितरित न पाए जाने पर संबंधित स्व-सहायता समूह को नोटिस जारी कर कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम खुरपार के ग्रामीणों द्वारा जल संकट की समस्या बताए जाने पर कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दो दिवस में जल आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अपूर्ण सीसी रोड निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने, मनरेगा के तहत किसानों को खेत तालाब का लाभ देने तथा स्थायी जल संकट समाधान हेतु सार्वजनिक तालाब के लिए स्थल चिन्हित कर सर्वे कर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिए गए।



# अस्मिता खेलो इंडिया सेपक टाकरा वूमेन्स लीग 2025 का जिला स्तरीय आयोजन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

अस्मिता खेलो इंडिया सेपक टाकरा वूमेन्स लीग 2025 के अंतर्गत वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम, शहपुरा (जिला डिंडौरी) में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद एवं भारत सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने किया। उन्होंने इसे नारी सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और ग्रामीण खेल प्रतिभाओं के प्रोत्साहन की दिशा में खेलो इंडिया की महत्वपूर्ण पहल बताया।

उद्घाटन अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्ञानदीप त्रिपाठी, संतोष साहू, भजन चक्रवर्ती, बसंत गुप्ता, अवध राज बिलैया, रानू तिवारी, नितिन गुप्ता, घनश्याम कछवाहा, अरुण अग्रवाल, हरीश साहू, संतोष अवधिया, रामजी गुप्ता, राजेश साहू, मनोज सोनी, राहुल रैकवार, प्राचार्य यशवंत साहू सहित सांदीपनी स्कूल की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन में मध्यप्रदेश सेपक टाकरा संघ के अध्यक्ष संतोष सिंह राजपूत, सचिव प्रतीक केसरवानी, सह सचिव आशीष मिश्रा, जिला एसोसिएशन सचिव विजय शर्मा, पी.एस. राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी साहू, कैलाश रजक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक समन्वयक, पीटीआई रमा साहू, सह सचिव शब्द साहू, कोषाध्यक्ष देवंती पुषाम सहित सदस्यों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

उल्लेखनीय है कि जिले के ग्रामीण अंचल की सांदीपनी स्कूल कन्या क्रीड़ा परिसर की खिलाड़ी देवंती पुषाम, अभिलाषा परस्ते एवं गंगोत्री मरावी ने सेपक टाकरा में राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचकर जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। देवंती पुषाम ने राष्ट्रीय टीम के लिए ट्रायल भी दिया है। सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण मुकाबलों के साथ खेल भावना और महिला सशक्तिकरण का संदेश प्रभावी रूप से सामने आया।

# 72 वीं बार रक्तदान कर अतुल सिंघई बने सिकल सेल प्रभावित जिले के लिए जीवनदाता



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

मानवता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समाजसेवी अतुल सिंघई ने 72वीं बार रक्तदान कर एक बार फिर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरेखा बनने का कार्य किया है। वर्षों से निरंतर रक्तदान और रक्त-सेवा के क्षेत्र में सक्रिय अतुल सिंघई का यह योगदान ऐसे जिले में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जहाँ सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक है और प्रतिदिन दर्जनों लोगों को जीवनरक्षक रक्त की आवश्यकता पड़ती है।

अतुल सिंघई न केवल स्वयं नियमित रूप से रक्तदान करते आ रहे हैं, बल्कि उन्होंने अपने सहयोगियों और युवाओं के साथ मिलकर एक संगठित रक्तदाता समूह भी तैयार किया है। यह समूह आपातकालीन परिस्थितियों में बिना विलंब मरीजों तक रक्त उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रहा है। उनके इस प्रयास से अब तक अनेक गंभीर रूप से बीमार मरीजों, सड़क दुर्घटना पीड़ितों और सिकल सेल से ग्रसित लोगों को समय पर रक्त मिल सका है, जिससे कई जिंदगियां बचाई जा चुकी हैं।

चिकित्सकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि अतुल सिंघई जैसे समाजसेवी समाज में निस्वार्थ सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उनका यह सतत योगदान युवाओं को रक्तदान और सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित कर रहा है, साथ ही यह संदेश भी दे रहा है कि सामूहिक सहभागिता और संवेदनशीलता से समाज की बड़ी समस्याओं का समाधान संभव है।

# खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए डिंडौरी के फिल्म निर्माता

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

मेकला फिल्म्स के निर्माता एवं गीतकार रविराज बिलैया ने ग्यारहवें खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में बतौर फिल्म निर्माता सहभागिता कर एक बार फिर जिले का मान बढ़ाया है। यह प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव 16 से 22 दिसंबर 2025 तक मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल खजुराहो में आयोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि रविराज बिलैया इससे पूर्व वर्ष 2018 में दिल्ली में आयोजित ग्लोबल नेचर फिल्म फेस्टिवल में भी सहभागिता कर चुके हैं। महोत्सव के दौरान हुई चर्चा में उन्होंने बताया कि इस वर्ष का खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव विशेष रूप से बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को समर्पित रहा। आयोजन के दौरान देश की नामचीन फिल्म हस्तियों द्वारा अभिनय और फिल्म निर्माण की बारीकियों पर प्रशिक्षण एवं संवाद सत्र आयोजित किए गए।



रविराज बिलैया ने जानकारी दी कि खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव एक वार्षिक आयोजन है, जिसका उद्देश्य कला, संस्कृति और सिनेमा को बढ़ावा देना है। इस महोत्सव का आयोजन 'प्रयास प्रोडक्शन' द्वारा मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से किया जाता है, जिसमें देश-विदेश से फिल्म प्रेमी, कलाकार और निर्माता शामिल होते हैं।महोत्सव के दौरान रविराज बिलैया की सिने जगत की कई दिग्गज हस्तियों एवं ज्यूरी सदस्यों से विशेष मुलाकात हुई। इनमें कार्यक्रम के आयोजक एवं प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक राजा बुंदेला, फिल्म प्रमाणन बोर्ड के सदस्य एवं राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता निर्माता-निर्देशक अशोक शरण, रामानंद सागर की चर्चित धारावाहिक 'रामायण' के संपादक सुभाष सहगल, संपादक असीम, प्रसिद्ध अभिनेता पंकज बैरी, दक्षिण भारतीय फिल्मों के निर्माता-निर्देशक कृष्णा हब्बाले तथा असम फिल्म के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता निर्माता-निर्देशक जे. एम. दत्ता सहित अन्य प्रमुख हस्तियां शामिल रहीं।इस अवसर पर रविराज बिलैया ने सभी को डिंडौरी जिले की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से अवगत कराते हुए जिले के स्थानीय कलाकारों को अवसर देने तथा डिंडौरी जिले में फिल्म शूटिंग के लिए आमंत्रित किया। उनकी इस सहभागिता से जिले को राष्ट्रीय फिल्म जगत में नई पहचान मिली है।

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस का गांधी चौक पर विशाल धरना-प्रदर्शन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में मनरेगा योजना का नाम बदलकर विकसित भारत, रामजी किए जाने के विरोध में गांधी चौक पर विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना-प्रदर्शन से पूर्व जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी सहित वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने को राष्ट्रपिता का अपमान बताया। धरना को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि मौजूदा सरकार को महात्मा गांधी से नफरत है, इसी कारण महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना का नाम बदला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के पास कोई नई योजना नहीं है और कांग्रेस सरकार के समय शुरू की गई योजनाओं का केवल नाम बदलकर श्रेय लेने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बदले की भावना से काम कर रही है और अपनी नाकामियों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए ऐसे निर्णय ले रही है। सरकार की मंशा पूरी योजना को ही खत्म करने की है और नाम बदलना सिर्फ एक बहाना है। बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की बदहाली और मजदूरों की समस्याओं जैसे मूल मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए श्नाम बदलने की राजनीति की जा रही है।



मनरेगा ने गांवों में करोड़ों लोगों को रोजगार का वैधानिक अधिकार दिया है और सामाजिक-आर्थिक बदलाव लाया है, ऐसे में नाम बदलना महात्मा गांधी और सामाजिक कल्याण की संवैधानिक गारंटी पर वैचारिक हमला है। धरना-प्रदर्शन के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, आजाद बहादुर सिंह, नीरज द्विवेदी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, धनपुरी नगरपालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल तथा वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीनिवास शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

## सायबर डिजिटल सुरक्षा अभियान के तहत छात्रों को बचाव के लिए मार्गदर्शन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पुलिस द्वारा जिले भर में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान जारी है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय के छात्रों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपायों से अवगत कराना और साइबर अपराधों से बचाव के लिए सशक्त बनाना है। इस अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव कर रहे हैं। संवाद सत्र और सार्वजनिक जानकारी प्रसार गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। सायबर सेल टीम पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में सायबर जागरूकता कार्यक्रम संबंधी विविध जानकारियों एवं तथ्यों से अवगत कराया गया।

# 2047 तक विकसित राष्ट्र का संकल्प युवाओं से आगे आने का आह्वान

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

युवा देश के भविष्य हैं और विकसित भारत के निर्माण में युवाशक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वर्ष 2047 तक आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर देश को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं को आगे आकर सक्रिय सहभागिता निभानी होगी। यह विचार जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका सिंह ने केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, प्रादेशिक कार्यालय भोपाल द्वारा आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के द्वितीय दिवस पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवाशक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और शिक्षा, तकनीक, नवाचार व सामाजिक दायित्व के माध्यम से युवा देश को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं। कार्यक्रम में पत्र सूचना कार्यालय भोपाल के निदेशक मनीष गौतम ने कहा कि विकसित भारतज्ज, च्वंदेमातरज्ज एवं च्सुशासनज्ज विषय पर आयोजित यह प्रदर्शनी युवाशक्ति, महिला, गरीब एवं किसान जैसे समाज के महत्वपूर्ण वर्गों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं आधारभूत संरचनाओं में सुधार के माध्यम से ही विकसित राष्ट्र का सपना साकार होगा।



# विधायक मनीषा सिंह ने डिजिटल एक्स-रे यूनिट का किया शुभारंभ



## जयसिंहनगर सिविल अस्पताल को मिली आधुनिक जांच सुविधा

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जयसिंहनगर क्षेत्र के नागरिकों को अब बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। विधायक ने सिविल अस्पताल जयसिंहनगर में नवस्थापित डिजिटल एक्स-रे यूनिट का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि डिजिटल एक्स-रे यूनिट शुरू होने से मरीजों को त्वरित, सटीक एवं आधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध होगी। इससे गंभीर रोगों की समय रहते पहचान हो सकेगी और मरीजों को बाहर रेफर कराने की आवश्यकता भी कम होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों में भी शहरों जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन को इलाज के लिए भटकना न पड़े।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने डिजिटल एक्स-रे यूनिट के संचालन, क्षमता एवं तकनीकी विशेषताओं की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से प्राप्त की और अस्पताल स्टाफ को बेहतर सेवा देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, अस्पताल कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सामूहिक ध्यान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार च्विश्व ध्यान दिवसज्ज के अवसर पर प्रदेश की समस्त इकाइयों एवं थानों में सामूहिक ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों में मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा, आत्मसंयम तथा कार्य के प्रति एकाग्रता को बढ़ावा देना रहा। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में सामूहिक ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस महानिरीक्षक, उपमहानिरीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन सहित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों में कार्यरत पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सेंट्रल बैंक स्थापना दिवस के अवसर पर आरसेटी मेला का हुआ आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस के अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के तत्वावधान में आरसेटी मेला का हुआ आयोजन। कार्यक्रम में डीडीएम क्षितिज श्रीवास्तव, एलडीएम अमित चौरसिया, डीपीएम अजय सिंह एवं आरसेटी डायरेक्टर संजय पुंडलिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर आरसेटी के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही आरसेटी से प्रशिक्षित सफल प्रशिक्षणार्थियों ने अपने स्वरोजगार की सफलता की कहानियाँ साझा कीं, जिससे उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के दौरान आरसेटी फैकल्टी दुर्गेश कुमार गुप्ता द्वारा भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि खाता योजना तथा मुद्रा ऋण योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने इन योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बीसी (बैंक मित्र) के माध्यम से मेले में उपस्थित लाभार्थियों के बचत खाते खोले गए, साथ ही पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई एवं सुकन्या समृद्धि खाता योजना के अंतर्गत पंजीकरण खाते भी खुलवाए गए।



आरसेटी मेला में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसका उद्देश्य उन्हें बाजार से जोड़ना एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देना रहा। अतिथियों ने मेले का अवलोकन कर प्रशिक्षणार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा भविष्य में ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में अजीविका मिशन से विनोद सिंह, संदीप दीक्षित, बृंदावन अहिरवार एवं डीएसटी स्नेहलता चौहान की उपस्थिति रही। वहीं सेंट आरसेटी शहडोल से सीनियर फैकल्टी दुर्गेश गुप्ता, ऑफिस असिस्टेंट ज्ञानसागर मांझी, अंजलि गुप्ता एवं अटेंडर काजल दाहिया उपस्थित रहे।

# ठेकेदार का पालने पेट, साहब ने बनवाया सिंडीकेट

## सहायक आबकारी आयुक्त और शराब ठेकेदार का गठजोड़ उजागर

**जबलपुर(स्वतंत्रमत)।** शराब ठेकेदारों ने एक बार फिर मोटी कमाई करने शराब सिंडीकेट बना लिया है। बताया जा रहा है कि यह शराब सिंडीकेट सहायक आबकारी आयुक्त के संरक्षण में शराब ठेकेदार आशीष शिवहरे के दबाव में बनाया गया है। जानकारी यह भी है कि कुछ ठेकेदार इस शराब सिंडीकेट में शामिल होने से इनकार कर रहे थे, लेकिन सहायक आबकारी आयुक्त और शराब ठेकेदार आशीष शिवहरे के दबाव के चलते उनकी एक नहीं चली। लेकिन शराब सिंडीकेट में शामिल न होना एक शराब ठेकेदार को भारी भी पड़ गया। ठेकेदार द्वारा सिंडीकेट में शामिल होने से मना करने पर आशीष शिवहरे ने अपने गुर्गों को भेजकर शराब दुकान में तोड़फोड़ करवा दी। वहीं आरोपियों द्वारा धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना की शिकायत शराब ठेकेदार द्वारा मदन महल थाने में की गई है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।




### पुलिस कर रही जांच

मामले में लिंक रोड स्थित शराब दुकान के संचालक राकेश राय ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसे पिछले कुछ दिनों से आशीष शिवहरे के लड़के दुकान के सामने गाड़ी लगाकर परेशान कर रहे है। ताकि मैं अपनी दुकान छोड कर चला जाऊ क्योंकि वह अन्य जिले से आकर दुकान का संचालन कर रहा है। वहीं उनके ठेकेदार को सिंडीकेट में शामिल होने का भी दबाव बनाया जा रहा है। 20 दिसंबर को रात लगभग 8 :55 बजे उसे मोनू राय (संचालक कार्क बार बल्देवबाग) के मोबाइल नंबर से फोन आया तो दूसरे तरफ से आशीष शिवहरे बात कर रहा था, जो कि उसे गाली-गलौज कर दुकान खाली करने के लिए धमका रहा था। जब उसने विरोध किया तो वह जान से मारने की धमकी देने लगा। जब वह रिपोर्ट करने थाने जाने लगा तो थाने के समीप दुकान में कार्यरत एक कर्मचारी का फोन आया कि दुकान में कुछ लोगों ने आकर तोड़फोड़ कर कर्मचारियों के साथ मारपीट कर रहे है। इसके बाद वह तत्काल दुकान पहुंचा जहां रास्ते में उसे दुकान के लड़के अनिकेत रजावत, अमित राय, देवेन्द्र राय, लवकुश राय मिले जिन्होंने बताया कि आशीष शिवहरे के गुर्गों ने दुकान में तोड़फोड़ कर कर्मचारियों को हथियार से हमला कर घायल कर दिया है। घटना में दुाकन कर्मचरी अनिकेत रजावत को दोनो पैरों में गंभीर चोटे आई हैं, जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

### एकछत्र राज चलाना चाहता है आशीष शिवहरे

जानकारी अनुसार शराब ठेकेदार आशीष शिवहरे शहर में अपना एक छत्र राज चलाना चाहता है। जिसके चलते ही उसने सहायक आबकारी आयुक्त के साथ मिलकर शहर में एकबार फिर शराब सिंडीकेट अन्य ठेकेदारों पर दबाव बनाकर बना लिया है। बताया जा रहा है कि शराब ठेकेदार आयोध्या प्रसाद राय द्वारा शराब सिंडीकेट में शामिल होने से मना कर दिया गया था। जिसके बाद लगातार उसपर सिंडीकेट में शामिल होने के दबाव बनाया जा रहा था। लेकिन उन्होंने सिंडीकेट में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया। जिसके बाद अशीष शिवहरे के गुर्गों द्वारा उनकी लिंक रोड स्थित शराब दुकान दुकान में तोड़फोड़ कर कर्मचारियों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी दुकान से रूपये और दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी ले गए।

### 72 करोड़ का घोटाला-ईडी से पड़ा पाला

शराब सिंडीकेट बनने के बाद सहायक आबकारी आयुक्त की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। कुछ माह पहले भी सहायक आयुक्त संजीव दुबे ने बरेला दुकान चैकिंग के नाम पर कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी थी। मामले का वीडियो भी वायरल हुआ था। वहीं शराब ठेकेदार द्वारा मामले में पुलिस शिकायत भी की गई थी। इतना ही नहीं इंदौर में फर्जी चालान के माध्यम से हुए लगभग 72 करोड़ के घोटाले में भी सहायक आबकारी आयुक्त संजीव दुबे से ईडी द्वारा पूछताछ की गई थी।

# वैदिक गणित के अंकों का जादू

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गणित दिवस पर हितकारिणी महिला महा विद्यालय के प्राचार्य डा. नीलेश पाण्डेय ने वैदिक गणित के कुछ मनोरंजक पहलू बताए हैं।

**1. कार (वाइक) का नम्बर बताना**
- अपने मित्र को कोई दो अंकों वाली संख्या लिखने को कहें ।
- इस संख्या में 7 जोड़े ।
- प्राप्त योगफल को 110 में से घटावें।
- प्राप्त अन्तर में 15 जोड़ें।
- इस संख्या में पहले सोची गई संख्या जोड़ें ।
- प्राप्त योगफल को 2 से भाग देवें।
- प्राप्त भागफल में 9 जोड़ें। घटायें
- प्राप्त योगफल में कार का नम्बर जोड़ दें।

**उत्तर बतायें-** प्राप्त परिणाम में से 50 घटाकर कार नम्बर बता दें।

**2. सबका शेष 7 ही बचेगा**
- कोई भी संख्या लो
- इस संख्या में 2 से गुणा करो।
- गुणनफल में 14 का योग करो।
- योगफल को 2 से भाग करो।
- भागफल में से पहले ली गई संख्या घटाओ घटने पर 7 ही बचेगा

**3. आपके जन्म का सन् क्या है।**
(जन्म का वर्ष + अगला वर्ष) × 5

**जैसे-** (1967 + 1968)×5 = = 3935 × 5 =19675 इकाई का अंक हटाकर 1967 जन्म का वर्ष।

## पिता की तरह भक्त का ध्यान रखते हैं भगवान



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मनुष्य को सदा भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए। क्योंकि जिस प्रकार पिता अपने पुत्र की रक्षा करता है, उसी प्रकार भगवान का सदा स्मरण और ध्यान करने वाले अपने भक्त की रक्षा करते हैं। संसार में आने के बाद जीव अपने स्वार्थ के लिए भगवान की पूजा, अर्चना करता है। कोई कष्टों से मुक्ति के लिए, कोई स्वर्ग प्राप्ति के लिए तो कोई परिवार के कल्याण के लिए भगवान से प्रार्थना करता है। लेकिन वास्तव में भगवान से हमको कुछ भी मांगने की जरूरत नहीं होती। क्योंकि जिस प्रकार पिता अपने बच्चे की आवश्यक जरूरतों को पूरा करते हैं, उसी प्रकार भगवान परम पिता परमेश्वर है, जो बिना कुछ मांगे ही अपने भक्त के मनोरथों को पूर्ण करते हैं। उक्त उद्गार गणेश नगर कछपुरा मालगोदम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में व्यासपीठ से शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक कथावाचक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने व्यास पीठ से व्यक्त किए। कथा के पूर्व शास्त्रीजी महाराज का श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। देवी देवताओं का पूजन अर्चन आचार्य अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय ने संपन्न कराया। कथा में मुख्य यजमान निशा वर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, सौरभ-नेहा श्रीवास्तव, विपुल-राखी श्रीवास्तव, आकाश-शिखा श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।

## खेरमाई वार्ड में सड़क निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खेरमाई वार्ड



में विधायक निधि से 25 लाख रूपये की स्वीकृति राशि द्वारा कराए जा रहे विभिन्न स्थानों पर सड़क (रोड़) निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि खेरमाई वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य जनआवश्कताओं को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत किया गया है। इन सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में श्याम पीपडा, रमेश पीपडा, नजर अली, मुन्नू पंडा, धर्मेन्द्र पटारिया, धीरेन्द्र विश्वकर्मा, ताहिर अली, इम्तियाज अली, कलीम खान, आमीन पहलवान, अशफाक, कल्लू खान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## डब्लूएसईसी हाईस्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन जबलपुर मंडल द्वारा संचालित डब्ल्यूएसईसी शाला में वार्षिकोत्सव उड़ान का भव्य आयोजन किया गया । उड़ान के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा विकसित भारत के लिए किए गए प्रयासों को अपनी कला के माध्यम से दर्शाया गया।

यह आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास और टीम भावना को बढ़ाने वाला रहा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल कुमार तलरेजा मंडल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल जबलपुर संभाग पूनम खत्री तलरेजा अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन पश्चिम मध्य रेल जबलपुर संभाग, आनंद कुमार अपर मंडल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल जबलपुर संभाग, सुनील टेलर अपर मंडल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल जबलपुर संभाग, डॉ आभारानी आनंद उपाध्यक्षा



महिला कल्याण संगठन आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुआ। तत्पश्चात किंडरगार्डन के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा डांस आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से अनेकता में एकता की भावना को दर्शाया गया।

माध्यमिक कक्षा की छात्राओं द्वारा तराना जो कि उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत का एक रूप है जो मध्यकाल में विकसित हुआ लयबद्ध गतिए भावों और फुटवर्क के माध्यम से दर्शकों को मंत्र मुक्त कर गया। तत्पश्चात

स्कूल आर्केस्ट्रा के माध्यम से छात्र छात्राओं द्वारा भारतीय संगीत का बेमिसाल जोड़ जिसमें सुर ताल के साथ गायकी की भावनाएं दर्शकों के दिलों को मंत्रमुग्ध कर गईं।

## कांबिंग गश्त में हुई अपराधियों की धरपकड़

### कई वर्षों से फरार मामलों के 219 वारंट किए गए तामील



**जबलपुर(स्वतंत्रमत)।** पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा शहर में कानून व्यवस्था सुदृढ करने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए गुंडे, बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उनके आपराधिक रिकार्ड को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिदिन प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर थानों में लंबित वारंटो की तमीली तथा मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए कांबिंग गस्त के लिए आदेश किया गया है। जिसके परिपालन में एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा तथा समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों/उप पुलिस अधीक्षक/एस.डी.ओ.पी. के मार्ग निर्देशन एवं उपस्थिती में समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी। कॉम्बिग गस्त के दौरान पुलिस टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षों से फरार 93 गैर म्यादी वारिटयों एवं 66 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 60 जमानती वारंट भी तामील किए गए है।

## ब्रह्मा कुमारीज़ ने रैली निकालकर दिया नशा मुक्ति का सन्देश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शिव स्मृति भवन भवरताल, नेपियर टाउन , सेवा केंद्र पर भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एमपावरमेंट विभाग एवं ब्रह्माकुमारीज़ के मेडिकल प्रभाग के द्वारा चलाए जा रहें। विशाल नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशों के दुष्प्रभावो से अवगत कराने एक नशा मुक्त रैली एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रुप में भ्राता रत्नेश सोनकर डॉ. श्यामजी रावत, डॉ पुष्पा पांडे ,डॉ एसके ठाकुर, राजयोगिनी बीके भावना भी उपस्थित इस रैली और कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य बताते हुए राजयोगिनी बी के भावना जी ने बताया की किस प्रकार आज समाज इन नशे की आदतों से ग्रस्त होकर निरंतर गर्त में जा रहा है।

## रामदास यादव का निधन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल निवासी श्री रामदास यादव का रविवार को निधन हो गया है। वे आशीष और श्रीराम यादव के पिता एवं वरिष्ठ पत्रकार विवेक यादव के मामा थे। अंतिम संस्कार रविवार को ग्वारीघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया ।

## जनता को भाया जैविक हाट बाजार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला प्रसाशन और कृषि विभाग के द्वारा प्राकृतिक खेती अपना रहे किसानों को प्रोत्सोहित करने तथा उनके उत्पाषदों को अच्छ्ा बाजार उपलब्धे कराने के उद्देश्यं से लगातार चौथे रविवार को जबलपुर कृषि उपज मंडी परिसर में जैविक हाट बाजार का आयोजन किया गया। जैविक हाट में किसानों द्वारा हरा मटर भारी मात्रा में लाया गया। वहीं, हरी सब्जि़यों में पालक, गोभी, मेथ, सरसों, लौकी गिलकी, भटे की भरमार रही। साथ ही चावलए दालए गुड, मूंग का विक्रय भी जैविक हाट में किया गया। जैविक हाट का मुख्य आकर्षण एम पी सोका से पंजीकृत गोदावरी जैविक कृषि फार्म कलगोड़ी बरेला और अर्चना ऑर्गेनिक फूड के उत्पाद रहे। पाटन के ग्राम मादा से आए कृषक कैलाश यादव ने बताया कि हाट बाजार में जैविक उत्पाद का भाव बाहरी बाजार से ज्यादा मिल रहा है। इसके फलस्वदरूप अब जैविक उत्पाद तैयार करने ज्यादा रुचि आने लगी है यदि किसानों को इसी तरह बाहरी बाजार से जैविक हाट में अच्छाक भाव मिलेगा तो आने वाले समय में जैविक खेती का रकबा बढ़ता जाएगा। उप संचालक कृषि



डॉ एस के निगम के अनुसार आज आयोजित किये गये जैविक हाट में कुछ किसान अपने अजैविक उत्पाद बेचने पहुंचे जिसकी सूचना मिलते ही उन्हेंय समझाइश देकर तुरंत हटाया गया।

उप संचालक डॉ निगम ने सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियो को तुरंत निर्देशित किया है कि विकासखंड से आने वाले जैविक किसानो के नामए ग्रामए मोबाइल नंबर और पासपोर्ट साइज का फोटो उपलब्ध कराए जिससे जैविक किसानो के आई कार्ड जारी किए जा सकें।

## 3 दिवसीय हार्टफुलनेस मेडिटेशन सत्र का समापन

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** पुलिस मुख्यायल भोपाल के आदेशानुसार, पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय की उपस्थिति में पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का विश्व ध्यान दिवस के द्वितीय वर्ष के अवसर पर सफलतापूर्वक समापन राष्ट्रगान से किया गया। इस अवसर पर हैदराबाद स्थित कान्हा शांति वनम से हार्टफुलनेस मेडिटेशन का प्रसारण गूगल मीट के माध्यम से पुलिस परेड ग्राउंड में एलईडी स्क्रीन पर किया गया, पुलिस परेड ग्राउण्ड पर ध्यान सत्र हार्टफुलनेस संस्था जबलपुर के प्रमाणिक प्रशिक्षक सुरेन्द्र विश्वकर्मा (6 वीं वाहिनी जबलपुर), तरूणेन्द्र सिंह, राम अयोध्या, श्रीमति आभा जैन (ज्वाइंट कमिश्नर जीएसटी) के सानिध्य में हुआ, ध्यान सत्र में एएसपी जितेन्द्र सिंह, एएसपी सूर्यकांत शर्मा, सीएसपी बी.एस. गोठरिया, रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य एवं सूबेदार अमित सोमवंशी सहित पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं पुलिस परिवार के लगभग 130 लोगों द्वारा सामूहिक रूप से ध्यान सत्र में सहभागिता की। स्क्रीन पर मुख्यमंत्री मोहन यादव का हार्टफुलनेस ध्यान के महत्व पर बधाई संदेश प्रसारित किया गया।



# चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की सफलता के लिए पूर्ण हुए 21 हजार सुंदरकांड पाठ

## रामायण के आदर्शों और मूल्यों से जोड़ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत युवाओं को रामायण के आदर्शों और मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से रामायण पर आधारित ऑनलाइन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी एवं धर्मशास्त्र नेशनल ला यूनिवर्सिटी के सहयोग से किया गया। यह प्रतियोगिता मेकिंग यूथ रामायण अम्बेस्डर्स अभियान का हिस्सा रही, जिसका उद्देश्य युवाओं को रामायण की नैतिकता, संस्कृति और जीवन दर्शन से जोड़ते हुए उन्हें रामायण राजदूत के रूप में तैयार करना है।

प्रतियोगिता का आयोजन अध्यक्ष अजय विश्नोई एवं आयोजन सचिव डॉ. अखिलेश गुमाश्ता के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीण त्रिपाठी, मोहन चक्रवेश, अनुश्री गुप्ता, तथा नेहा दवे के विशेष और सार्थक प्रयास रहे। रामायण क्विज के अंतर्गत देशभर के युवाओं से ऑनलाइन पंजीयन कराया गया। ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 21 दिसंबर 2025 को शाम 4 बजे से 4.20 बजे तक किया गया। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के प्रथम पांच विजेताओं को श्रीलंका भ्रमण का अवसर प्रदान किया जाएगा, जबकि चयनित 100 विजेताओं को अयोध्या भ्रमण कराया जाएगा।

### पूर्ण हुए 21 हजार सुंदरकांड पाठ

वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की सफलता हेतु लगातार धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में नेमा समाज मंडल के डॉ. गोविंद नेमा, राजेन्द्र नेमा, महेश नेमा एवं देवेन्द्र नेमा के सहयोग से सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया गया। यह आयोजन डॉ. अखिलेश गुमाश्ता एवं विनोद दुबे के सानिध्य में संपन्न हुआ। नर्मदा वनवासी वृद्ध आश्रम में आयोजित इस पावन अवसर पर आराधना चौहान, गजेन्द्र सिंह, प्रियंका सिंह तथा अनीता दुबे द्वारा विधिवत सुंदरकांड पाठ किया गया। पाठ के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और राम भक्ति की धारा प्रवाहित होती रही। वृद्ध आश्रम के रहवासियों ने भी इस आयोजन में सहभागिता कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। आयोजकों ने बताया कि अब तक कुल 21,000 सुंदरकांड पाठ आयोजित किए जा चुके हैं। यह श्रृंखला चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस को जन-जन से जोड़ने और रामायण के मूल्यों को समाज में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी प्रयास है।

# सांसद खेल महोत्सव 2025 का आगाज़ खिलाड़ी दिखाएंगे अपना दमखम

## महोत्सव में होगी शानदार बैण्ड की प्रस्तुति, 25 तक चलेगा आयोजन




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

जबलपुर में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन जिला स्तर पर 23 दिसंबर से 25 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है। विगत 2 माह में विकासखण्ड स्तर पर सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं। 23 दिसंबर 2025 को सांसद खेल महोत्सव के जिला स्तर पर कार्यक्रम का शुभारंभ रानीताल खेल परिसर में खेल, युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के मुख्य आतिथ्य में प्रात: 10 बजे होगा। शुभारंभ कार्यक्रम में खिलाडियों द्वारा मार्च पास्ट सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल प्रदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे और जिला स्तर पर खेल महोत्सव के प्रारंभ होने की विधिवत घोषणा होगी। समापन कार्यक्रम 25 दिसंबर 2025 को दोपहर 2 बजे रानीताल खेल परिसर में मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम भी रानीताल खेल परिसर में ही है। समापन कार्यक्रम में खेल प्रदर्शन के साथ-साथ बैण्ड की प्रस्तुति दी जायेगी एवं खिलाडियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र एवं पदक वितरित किये जाएंगे। सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत सिहोरा, गांधीग्राम, बरगी, मंगेली, शहपुरा, कटंगी, पाटन, कुण्डम, बघराजी, मझौली क्षेत्रों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं जिनमें एथलेटिक्स, वॉलीवॉल, कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट, खो-खो, रस्सा-कशी, हॉकी, बास्केटबॉल, वुशु, योगा प्रदर्शन आदि शामिल हैं। जिला स्तर पर भी 23 से 25 दिसंबर 2025 तक विभिन्न खेल परिसरों में यह सभी प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। युवा शक्ति के इस उत्सव सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम में 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअल माध्यम से खिलाडियों को संबोधित करेंगे। ग्रामीण से लेकर संसदीय स्तर तक आयोजित होने वाले इस खेल महोत्सव में भाग लेने वाले खिलाडियों के मनोबल को प्रधानमंत्री का उद्बोधन नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

### छिपी हुई प्रतिभा सामने लाना उद्देश्य

सांसद खेल महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य खिलाडियों और युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ-साथ छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को सामने लाना है। सांसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री मोदी के खेल और युवाओं के विकास के विजन की महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति है जिससे खिलाडियों के साथ-साथ आम नागरिकों और युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति फिटनेस और टीम वर्क की भावना बढ़ती है वहीं क्षेत्रीय विकास और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेल की संस्कृति मजबूत हो रही है वहीं स्थानीय युवाओं को खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के महत्वपूर्ण अवसर मिल रहे हैं। विजेताओं के साथ-साथ खेलों की विविधता के चलते युवा प्रतिभाओं को पुरस्कार मिलने से उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और खेल उत्सव में सांस्कृतिक आयोजन भी साथ में होते हैं जिससे खिलाडियों में उत्साह बढ़ता है और क्षेत्रीय एकता भी मजबूत होती है। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन सीए, भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक केंट अशोक रोहाणी, विधायक बरगी नीरज सिंह, निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर, विनोद गोटियां, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू भी उपस्थित रहे।

# निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर की तैयारियों को लेकर प्रबंध समिति की बैठक संपन्न




उमरिया (स्वतंत्रमत)

आगामी 25 दिसंबर को जिला रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला उमरिया के तत्वावधान में आयोजित होने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर की तैयारियों को लेकर प्रबंध समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।बैठक का आयोजन जिला रेड क्रॉस भवन में किया गया।बैठक में शिविर को सफल, सुव्यवस्थित एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में आमजन को प्राथमिक चिकित्सा, सामान्य रोग परीक्षण, रक्तचाप, मधुमेह जांच, नेत्र परीक्षण तथा आवश्यक परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की टीम सेवाएं देगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। प्रबंध समिति के सदस्यों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के ऐसे लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, जो आर्थिक या अन्य कारणों से नियमित चिकित्सा सुविधा नहीं ले पाते। इस अवसर पर यह भी तय किया गया कि शिविर के प्रचार-प्रसार हेतु नगर एवं आसपास के गांवों में सूचना पत्र, पोस्टर तथा जनसंपर्क के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग शिविर में पहुंच सकें। बैठक के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग समितियों का गठन किया गया। पंजीकरण व्यवस्था, चिकित्सकीय परामर्श, ,साफ-सफाई, पेयजल एवं बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक पहलुओं पर जिम्मेदारियां तय की गईं। स्वयंसेवकों को समय पर उपस्थित रहने एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। प्रबंध समिति ने यह भी निर्णय लिया कि शिविर स्थल पर बुजुर्गों, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार एवं एंबुलेंस की व्यवस्था रखने पर भी सहमति बनी। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

# विश्व ध्यान दिवस पर मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस के संयुक्त तत्वावधान में स्टेडियम में आयोजित हुआ कार्यक्रम

उमरिया (स्वतंत्रमत)

21 दिसंबर 2025 विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस की एक ऐतिहासिक एवं राज्यव्यापी पहल के अंतर्गत उमरिया जिले में 'हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान' कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ अमर शहीद स्टेडियम में प्रात: 9.30 बजे किया गया। जिले के पुलिस अधीक्षक श्री विजय भागवानी के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष ध्यान सत्र में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, उनके परिजन तथा स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की और ध्यान की शांति का अनुभव किया। यह राज्यव्यापी अभियान मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के बीच फरवरी 2025 में हुए समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के सभी थानों एवं पुलिस इकाइयों में प्रत्येक रविवार नियमित ध्यान सत्र आयोजित किए जाएंगे। रविवार 21 दिसंबर को अमर शहीद स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हार्टफुलनेस के



प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा गाइडेड मेडिटेशन सत्र का संचालन किया गया, जिसका हैदराबाद स्थित कान्हा शांतिवनम से लाइव प्रसारण भी किया गया। इस कार्यक्रम के अंतराल में ब्राईटर माइंड के स्टूडेंट्स ने अपनी प्रस्तुति दी। आंखों पर पट्टी बांधकर उन्होंने अलग-अलग रंग की गेंदे पहचानी और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।स्कूली छात्राओं ने भी ध्यान का अनुभव किया। प्रदेश पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में संचालित इस पहल का उद्देश्य पुलिसकर्मियों की तनावपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण ड्यूटी को ध्यान में रखते हुए उनके मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं आत्मबल को सुदृढ़ करना है। सुबह 9.30 बजे प्रारंभ हुए सत्र में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और ध्यान के सकारात्मक प्रभावों को महसूस किया। विशेषज्ञों के अनुसार नियमित ध्यान अभ्यास से निर्णय क्षमता, भावनात्मक संतुलन एवं कार्य दक्षता में उल्लेखनीय सुधार होता है। यह पहल न केवल पुलिस बल के लिए बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है। विश्व ध्यान दिवस पर उमरिया सहित पूरे मध्यप्रदेश में फैली यह ध्यान-लहर शांति, सद्भाव और आंतरिक शक्ति का संदेश दे रही है।

# लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने अमीन मोहम्मद को सौंपी प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी.. प्रदेश सचिव मनोनीत

उमरिया (स्वतंत्रमत)

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने मध्य प्रदेश में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। पार्टी के मध्य प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष हाजी नुरुल्ला ने अमीन मोहम्मद को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) मध्यप्रदेश का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है, उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अमीन मोहम्मद इससे पहले उमरिया जिले में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और सामाजिक मुद्दों को लेकर पार्टी की सक्रियता उल्लेखनीय रही है। जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गों के बीच पार्टी की पैठ मजबूत करना तथा संगठनात्मक अनुशासन कायम रखना उनकी प्रमुख उपलब्धियों में शामिल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष हाजी नुरुल्ला ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा कि अमीन मोहम्मद का संगठन के प्रति समर्पण, अनुभव और कार्यशैली पार्टी के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश सचिव के रूप में अमीन मोहम्मद मध्य प्रदेश में पार्टी की नीतियों और विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे तथा संगठन को नई दिशा देंगे। श्री मोहम्मद की नियुक्ति को लेकर हर्षित लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं। जिनमें चंद्रकांत दुबे, एड. चंद्रकुमार दुबे, पत्रकार वरूण नामदेव, यश कुमार शर्मा, आसिफ अली, मेंहदी हसन सहित इष्ट मित्रों ने खुशी जाहिर की है।



# मनरेगा से बापू का नाम हटाने के विरोध में कांग्रेस ने गांधी चौक उमरिया में दिया धरना, सरकार पर लगाये गंभीर आरोप

उमरिया (स्वतंत्रमत)

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदले जाने और उसमें किए गए संशोधनों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार 21 दिसंबर को उमरिया में धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर मनरेगा को कमजोर कर गरीबों और मजदूरों के रोजगार का अंतिम सहारा छीनने का गंभीर आरोप लगाया।

**योजना खत्म करने की साजिश: विजय कोल**- धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजी. विजय कोल ने कहा कि मोदी सरकार ने केवल महात्मा गांधी का नाम ही योजना से नहीं हटाया, बल्कि ऐसे संशोधन किए हैं जिनके दूरगामी दुष्परिणाम होंगे। उन्होंने बताया कि मनरेगा में



राज्यों का अंश बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि मध्यप्रदेश पहले से ही भारी कर्ज में डूबा है। ऐसी स्थिति में राज्य सरकार के लिए योजना का संचालन कठिन होगा और अंतत: यह योजना समाप्ति की ओर चली जाएगी।

जनकल्याणकारी योजनाओं के पीछे पड़ी भाजपा: अजय सिंह

पूर्व विधायक अजय सिंह ने कहा कि सार्वजनिक उद्योगों और संपत्तियों को निजी हाथों में सौंपने के बाद भाजपा सरकारें अब जनकल्याणकारी योजनाओं को खत्म करने में जुट गई हैं। उन्होंने कहा कि निजीकरण, आउटसोर्सिंग और बेरोजगारी के कारण लोगों को पलायन करना पड़ रहा है। यदि सरकार सुधार चाहती थी, तो नाम बदलने के बजाय मनरेगा में रोजगार के दिनों की संख्या बढ़ानी चाहिए थी।

**सरकार को दी चेतावनी**- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम को प्रमोद उपाध्याय, शकील खान, वीरेंद्र सिंह सेंगर, अंजू लल्लू सिंह, रवि मिश्रा, मनोज द्विवेदी, रोशनी सिंह, लाल बहादुर सिंह, अमृत लाल यादव, विक्रम प्रताप सिंह, प्रदीप नारायण तिवारी, संजय अग्रवाल, ओमकार सिंह, संजीव खंडेलवाल, पुष्पराज सिंह और पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा ने सरकार पर करारा हमला बोला। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मनरेगा को बिना बदलाव के पूर्ववत लागू रखने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि किसी भी तरह के संशोधन का कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर विरोध करेगी।

# सेन्ट्रल एकेडमी विद्यालय में तीन दिवसीय भव्य खेल वार्षिकोत्सव का आयोजन आज से

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले के प्रतिष्ठित षिक्षण संस्थान सेन्ट्रल एकेडमी इंग्लिष मीडियम स्कूल उमरिया में दिनांक 22 दिसंबर 2025 ;सोमवारद्ध को तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह ;लक्ष्य-2025-26द्ध बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के षारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम का षुभारंभ सोमवार 22 दिसंबर को प्रात: 11 बजे मुख्य अतिथि आषुतोष अग्रवाल अध्यक्ष भारतीय जनता




पार्टी, जिला-उमरिया तथा विषिष्ट अतिथि डॉण्व्हीण्एसण्चंदेल सीएमणएचणओण् उमरिया द्वारा ध्वजारोहण एवं मषाल प्रज्ज्वलन के साथ किया जायेगा इसके पष्चात विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक मार्च-पास्ट, पीण्टीण् प्रदर्षन तथा सांस्कृतिक झलकियाँ प्रस्तुत की जायेगी। खेल प्रतियोगिता में दौड़, लम्बीकूद, ऊँचीकूद, कबड्डी, खो-खो, बालीबॉल, रस्साकषी, भाला फेक, गोला फेक आदि खेल षामिल होंगे। विजयी प्रतिभागियों को समापन सत्र में पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये जायेगें। विद्यालय की प्राचार्या सोनिया मिश्रा ने बताया कि खेल विद्यार्थियों में अनुषासन ,टीम-भावना ,नेतृत्व क्षमता, संगठन षक्ति एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करते है। उन्होंने अभिभावकों एवं नगरवासियों से उपस्थित होकर कार्यक्रम की षोभा बढ़ाने का आग्रह किया है। विद्यालय के समन्वयक समीर बनर्जी तथा प्रबंधक हिमांषु तिवारी ने साझा जानकारी देते हुए बताया कि सीबीएसई गाइड लाइन के अनुसार विद्यालयीन खेल समारोह की सम्पूर्ण तैयारी व्यवस्थित रूप से कर ली गई है। हम छात्रों के इस महत्वपूर्ण समारोह में उनके प्रदर्षन के लिए उत्सुकता से प्रतीक्षारत हैं।

## बाघ ने किया श्रमिक पर हमला

उमरिया (स्वतंत्रमत)। बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व अंतर्गत मानपुर बफर क्षेत्र के ग्राम डोभा में सुबह गश्त के दौरान बाघ के हमले की घटना सामने आई है। बताया जाता है कि ग्राम डोभा निवासी दयाराम राम पिता जगदीश बैगा उम्र लगभग 48 वर्ष,जो कि बीट गुरुवाही में ही सुरक्षा श्रमिक के रूप में पदस्थ हैं,टाइगर के हमले में घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना आज सुबह लगभग 8 बजे की बताई जा रही है, जब दयाराम बैगा नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान पीएफ-612 से राजस्व क्षेत्र बोदवाह के बीच अचानक टाइगर ने उन पर हमला कर दिया।हमले में उन्हें सिर,आंख तथा बाएं हाथ में गंभीर चोटें आई हैं।

# उमरिया स्टेशन में कई ट्रेनों का स्टापेज न होने से यात्रियों में नाराजगी..!

उमरिया (स्वतंत्रमत)

वर्तमान समय में ट्रेनों के ठहराव में शहडोल संसदीय क्षेत्र के उमरिया व बिरसिंहपुर रेल्वे स्टेशन की मांगो को लगातार दरकिनार किया जा रहा है,जबकि शहडोल संसदीय क्षेत्र के उमरिया व बिरसिंहपुर प्रमुख रेल्वे स्टेशन है। उमरिया में बांधवगढ प्रोजेक्ट टाईगर व कोल माईस क्षेत्र है फिर भी यहां बार बार मांग रखने पर भी संतरागाछी कलकता से भोपाल कमलापति रेल्वे स्टेशन हमसफर एक्सप्रेस नं. 22170 तथा शालीमार भुज एक्सप्रेस 22830 रेलगाड़ियों का स्टापेज नहीं दिया जा रहा है, जबकि कोरोना काल में इनका स्टापेज बन्द कर दिया गया था जिसे अब पुन: प्रारम्भ करने की अत्यंत आवश्यकता है। संतरागाछी कमलापति भोपाल को जब अनुपपुर स्टापेज दिया जा रहा है तो उमरिया बांधवगढ क्यों नही दिया जा रहा है। बांधवगढ प्रोजेक्ट टाईगर आने वाले पर्यटकों में पश्चिम बंगाल के



सैलानियों का ज्यादा प्रतिशत होता है। उसी प्रकार कोल माईंस व बिरसिंहपुर संजय ताप विधुत केन्द्र में काम करने वाले कर्मचारियों व नागरिको को बिहार उतरप्रदेश के लिये बिरसिंहपुर रेल्वे से गुजरने वाली बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस 15231 के ठहराव को यहां करने से काफी लाभ मिलेगा।

## रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई, एक ट्रैक्टर जब्त

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 21 दिसंबर को बालाघाट तहसील अंतर्गत ग्राम धनसुवा (ओदा टोला) में रेत का अवैध



खनन कर परिवहन हेतु भरते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज विभाग एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम धनसुवा में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान रेत के अवैध खनन में संलिप्त ट्रैक्टर को मौके से जब्त किया गया। उक्त वाहन चालक दीपेश, पिता दीपक लोधी, निवासी धनसुवा, थाना भरवेली को अवैध खनन करते पाया गया। जब्त ट्रैक्टर को थाना भरवेली की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। मामले में वाहन मालिक एवं चालक के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# बालाघाट तहसील में राइस मिलों व ट्रेडर्स के गोदामों का औचक निरीक्षण, धान स्टॉक सीज

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशों के परिपालन में एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बालाघाट के आदेशानुसार बालाघाट तहसील अंतर्गत राइस मिलों एवं धान ट्रेडर्स के गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडी पोर्टल पर दर्ज स्टॉक के अनुरूप भौतिक सत्यापन किया गया तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। निरीक्षण में गोपाल एग्रोटेक, लिंगा में 1000 क्विंटल धान, मां संतोषी इंडस्ट्रीज, नैतरा में 70.64 क्विंटल



धान तथा अग्रवाल राइस इंडस्ट्रीज, लिंगा में 102 क्विंटल धान मंडी स्टॉक के अनुसार निर्धारित मात्रा में पाया गया। वहीं जय मां अम्बे राइस मिल एंड ट्रेडर्स, बगदरा में 1148 क्विंटल धान पाया गया, जिसका भौतिक सत्यापन करने पर निर्धारित मंडी स्टॉक से 86 क्विंटल अधिक धान पाया गया। इस अनियमितता पर प्रकरण दर्ज करते हुए संबंधित पर पांच गुना मंडी शुल्क के रूप में 10,260 रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई। निरीक्षण के दौरान चारों राइस मिलों में मौके पर बरामद कुल 2302.64 क्विंटल धान के स्टॉक को तहसीलदार बालाघाट द्वारा उपार्जन अवधि तक सीज किए जाने की कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई सुनील वर्मा, तहसीलदार बालाघाट के नेतृत्व में की गई।

# कपिलधारा योजना किसान की आय का मजबूत साधन

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत संचालित कपिलधारा मीनाक्षी तालाब निर्माण योजना बालाघाट जिले में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना ने न केवल किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई है, बल्कि उनकी आय के नए स्रोत भी सृजित किए हैं। जनपद पंचायत बालाघाट की ग्राम पंचायत हरदौली के निवासी मीना लाल तावड़े इस योजना की सफलता की जीवंत मिसाल हैं। निजी कृषि भूमि होने के बावजूद सिंचाई के अभाव में उनकी खेती पूरी तरह वर्षा पर निर्भर थी, जिससे फसल उत्पादन सीमित रहता था और आय में स्थिरता नहीं थी। किसान द्वारा आवेदन किए जाने पर वर्ष



2024ङ्क25 में मनरेगा के तहत 3 लाख 52 हजार 626 रुपये की लागत से मीनाक्षी तालाब का निर्माण कराया गया। इस कार्य की शुरुआत 29 जनवरी 2024 को हुई और 10 जनवरी 2025 को यह सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। तालाब निर्माण में ग्राम पंचायत, रोजगार सहायक एवं तकनीकी अमले की सक्रिय सहभागिता रही। तालाब निर्माण के बाद किसान को सिंचाई की स्थायी सुविधा प्राप्त हुई, जिससे फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इसके साथ ही मीना लाल तावड़े ने तालाब का बहुउपयोग करते हुए मछली पालन भी प्रारंभ किया। परिणामस्वरूप उन्हें खेती और मछली पालन से प्रति वर्ष लगभग 30 से 40 हजार रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त होने लगी है। जहां पहले सीमित संसाधनों के कारण खेती मुश्किल थी, वहीं अब सिंचाई सुविधा और अतिरिक्त आय के साधनों ने किसान की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है। इससे उनके जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आया है। कपिलधारा योजना के अंतर्गत मीनाक्षी तालाब निर्माण जल संरक्षण के साथ-साथ किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मीना लाल तावड़े की यह सफलता कहानी अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत है और ग्रामीण विकास की दिशा में योजना की सार्थकता को दर्शाती है।

# शानदार पहल : नक्सल मुक्त गांव के बच्चों को ट्रिप पर भेजा

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले की सीआरपीएफ द्वारा एक शानदार पहल की गई है जिसमें नक्सल मुक्त आदिवासी गांव के 20 युवाओं को ट्रिप पर गुरूगांव (हरियाणा) भेजा गया है जिसमें 11 लड़कियां और 09 लड़के है, जिससे कि वे अपने क्षेत्र और अपने गांव से बाहर निकलकर बाहर की दुनिया को देख सके और समझ सके कि उनके गांव क्षेत्र के बाहर भी एक दुनिया है जो बहुत ही खूबसूरत हैं। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) एवं मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के नक्सल मुक्त गांवों के आदिवासी युवक-युवतियों का चयन कर देश के विभिन्न शहरों का भ्रमण कराया जाता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाते हैं, जिससे राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिलता है। 17 वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत बालाघाट जिले के लांजी, बैहर, परसवाड़ा एवं बिरसा विकासखंडों से कुल 23 बैचों में 450 प्रतिभागियों को भारत



भ्रमण पर भेजा जाना है। अब तक 12 बैचों में कुल 230 प्रतिभागी लखनऊ, मुंबई, देहरादून, भुवनेश्वर, कोझीकोट, हैदराबाद, बैंगलोर, पुणे, नई दिल्ली, साउथ दिल्ली, चेन्नई एवं इंदौर जैसे विभिन्न शहरों का भ्रमण कर चुके हैं। सीआरपीएफ 123 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी देवेन्द्र प्रसाद दुबे ने कहा कि जिले के नक्सली प्रभावित क्षेत्र बैहर, लांजी, परसवाड़ा, बिरसा,किरनापुर सहित अन्य नक्सल मुक्त गांवो से सीआरपीएफ आदिवासी बच्चों का चयन करती हैं, 20 बच्चों को गुरूग्राम में भेजा गया हैं वहा पर दूसरे राज्य के भी आदिवासी बच्चों से परिचय कराया जायेगा। गुरूग्राम के अधिकारियों और उद्योगों से परिचय कराया जायेगा, जिससे की वह अपने आप को देश से जुड़ा हुआ समझेगें और गांव से निकलकर शहर की ओर बड़ेगें। इसका मुख्य उद्देश्य देश की मुख्यधारा की ओर जुड़े, नक्सलवाद जैसे भावनाओं से बचे और देश के विकास में अपना योगदान प्रदान करें। यह केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार राज्य सरकार की मेरा युवा भारत के तहत में सीआरपीएफ का एक अभियान है। बच्चों के साथ सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ जवान भी साथ भेजा जेता है, आगामी समय में हमारे 12 आयोजन होंगा जिसमें अगल-अगल शहरों से परिचय करायेगें। 21 दिसंबर को 13वें बैच के अंतर्गत 20 प्रतिभागियों को 02 सीआरपीएफ कर्मियों की सुरक्षा में 22 से 28 दिसंबर 2025 तक गुरूग्राम भ्रमण हेतु रवाना किया गया।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट न्यायालय जिला मण्डला द्वारा आरोपी मंगल सिंह यादव पिता विश्राम सिंह यादव उम्र 58 वर्ष निवासी चीमाघुधी थाना मोतीनाला को धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता एससी एसटी एक्ट एक्ट की धारा 3(2)(व्ही) में आजीवन कारावास एवं कुल 2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है अभियोजन कहानी इस प्रकरण है कि 18 जुलाई 2024 को मनोज मांगरे थाना मोतीनाला सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ था तब उसे मर्ग की सूचना प्राप्त हुयी थी। मर्ग की सूचना प्राप्त होने पर उसके द्वारा चीमाघुधी पहुंचकर मर्ग सूचना तस्दीक की गई। उक्त रिपोर्ट पर देहाती मर्ग सूचना प्रदर्श पी-05 धारा 194 बी.एन.एस.एस. एवं देहाती नालसी प्रदर्श पी-06 अपराध क्रमांक 0/2024 धारा 103 (1) बीएनएस का कायम किया गया। मृतक गुदरसिंह परते की शव पंचनामा कार्यवाही में उपस्थित होने धारा 195 बी.एन.एस.एस. का नोटिस जारी कर गवाह व पंचान चरण लाल परते, सुखीराम मरावी, दलसिंह धुर्वे, सुक्कलसिंह धुर्वे, अर्जुन लाल यादव सभी निवासी चीमाधुंदी को तलब कर घटना के संबंध में पूछताछ कर शव पंचनामा कार्यवाही की गई।

## एसोसिएशन ने मनाया पेंशनर डे

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** माहिष्मती घाट स्थित गौंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन द्वारा पित्रपुरुष डीएस नकारा की स्मृति में 37 वां पेंशनर दिवस को उत्सव के रूप में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विजेंद्र चौरसिया, डॉ. ओपी तपा, डॉ. हर्ष कर्महे, एचपी झरिया, पूरन सिंह ठाकुर के अतिथित्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया मंचासीन अतिथियों का पुष्प माला व शॉल से स्वागत किया। आरकेएस चौहान, योगेश श्रीवास्तव, केके दुबे, नंदकिशोर दुबे, सीके राय, एमएस परस्ते, सुरेश कुमार चौधरी, तेजलाल खरे, आरएल झरिया, डीआर रघुवंशी, शरद शुक्ला, सुनील बाली, महेश नामदेव, जैबुन्निशा कुरैशी, यशवंत बर्वे ने सरस्वती वंदना, गीत, गजल, गायन के माध्यम से दर्शकों का मनमोह लिया। भारतीय स्टेट बैंक से आए अधिकारी ने बताया की पेंशनरों के लिए भारतीय स्टेट बैंक ने नई योजनाएं चालू की है जिसमें 30 लाख तक निशुल्क एक्सीडेंटल लाभ व अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

## संवेदना की मिसाल बने कलेक्टर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कड़कड़ाती ठंड और शीतलहर के बीच जब पूरा शहर गहरी नींद में था उसी वक्त कलेक्टर मानवीय संवेदना का दीप जलाते नजर आए। देर रात स्वयं नगर भ्रमण पर निकले कलेक्टर ने न सिर्फ हालात का जायज़ा लिया बल्कि जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर ठंड से जूझ रहे गरीब और बेसहारा लोगों को राहत पहुंचाई। कलेक्टर नर्मदा तट किनारे स्थित आश्रय स्थलों तक पहुंचे जहां खुले आसमान के नीचे सो रहे असहाय लोगों को उन्होंने अचानक कंबल ओढ़ाकर ठंड से बचाने का प्रयास किया। यह दृश्य न सिर्फ दिल को छू लेने वाला था बल्कि प्रशासन की संवेदनशीलता का जीवंत उदाहरण भी बना। कलेक्टर ने आश्रय स्थलों में ठहरे लोगों से सीधे संवाद किया उनकी समस्याएं सुनीं और ठंड से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## आयुष कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधे लाल नरेटी ने बताया कि संभागीय आयुष अधिकारी जबलपुर के नाम डॉ.गायत्री अहाके जिला आयुष अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया । वर्ष 2016-17 से आयुष विभाग के जबलपुर संभाग में कार्यरत आयुर्वेद होम्योपैथी यूनानी औषधि संयोजकों के वर्षों से लंबित द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान से वंचित रखा गया है जबकि शेष संभागों में द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ पूर्व में ही दिया जा चुका है। आयुष विभाग में अनेक बार लिखित एवं मौखिक रूप से आवेदन ज्ञापन दिए जाने के बावजूद भी समयमान वेतनमान का लाभ से वंचित रखा है। जिससे कर्मचारी आर्थिक एवं मानसिक उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं।

## सीईओ ने ली समीक्षा बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना ने नैनपुर क्षेत्र का दौरा किया। यहाँ उन्होंने जनपद पंचायत के सभा कक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों के विरुद्ध प्रगति का रिव्यू किया। सीईओ श्री मीना ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं की जानकारी अंतिम पंक्ति के नागरिकों को मिले तथा शासन की मंशा के अनुसार लोग योजनाओं से लाभान्वित हों। बैठक में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, मध्याह्न भोजन, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, समग्र शिक्षा, निर्माण कार्य सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गयी।

# तस्वीर और रील शौकीनों के लिए बुरी खबर : उच्चतम न्यायालय ने दिए आदेश, अब पार्क के अंदर पर्यटक नहीं ले जा पायेंगे मोबाइल







मण्डला(स्वतंत्र मत)

कान्हा नेशनल पार्क के वीडियो अकसर सोशल मीडिया में दिखाई देते थे बाघों की अठखेली तो कहीं बाघों की लड़ाई के साथ प्रकृतिक सौन्द्रर्य के वीडियो वायरल होते रहते थे ये वीडियो कान्हा नेशनल पार्क पहुंचे पर्यटक अपने कैमरे पर कैद करते थे और सोशल मीडिया में वायरल किया करते थे लेकिन अब ऐसा नही होगा। तस्वीरों और रील के शौकीनों के लिए एक बुरी खबर सामने आई हैं जहां कान्हा नेशनल पार्क में सफारी करने वाले पर्यटकों के लिए अब मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित कर दिया गया है पहले पर्यटक पार्क के अंदर मोबाइल फोन ले जाया करते थे जहां से वे अपनी पंसद की फोटो, रील तैयार किया करते थे लेकिन हाल ही में हुए आदेश में कहा गया कि कान्हा टाईगर रिजर्व के अंतर्गत पर्यटन क्षेत्र में मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। क्षेत्र संचालक कान्हा टाईगर रिजर्व मंडला ने इस आशय का पत्र परिक्षेत्र अधिकारी और गेट प्रभारी के नाम से जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार मण्डला के पत्र क्रमांक/विनि/ वि.नि./1128 मण्डला, दिनांक/ 16/ 12/ 2025 परिक्षेत्र अधिकारी एवं गेट प्रभारी, परिक्षेत्र किसली, कान्हा, मुक्की, सरही फेन अभ्यारण्य खापा, सिझौरा, खटिया, कान्हा टायगर रिजर्व, मण्डला टायगर रिजर्व के अंतर्गत पर्यटन क्षेत्र में मोबाईल फोन का उपयोग न किये जाने प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) भोपाल का पत्र क्रमांक पर्यटन/10484 दिनांक 15.12.2025 उपरोक्त विषय में लेख है कि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश 17.11. 2025 के बिन्दु क्रमांक-48.5 बाघ अभ्यारण्यों के मुख्य आवास क्षेत्र के पर्यटन क्षेत्रों में मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित होना चाहिए के तत्काल निर्देश पालन के अंतर्गत पर्यटन जोन कोर क्षेत्र में मोबाईल ले जाना प्रतिबंधित किया गया है। जिसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है। पर्यटक, गाईड, वाहन चालक, नेचरलिस्ट, होटल मालिक एवं जिप्सी तथा गाईड एसोसिएशन को सूचित किया जा चुका है। वहीं मोबाईल फोन का उपयोग करते पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। इस आदेश के बाद पर्यटकों में निराशा के भाव देखे जा रहे हैं कुछ समय पहले उच्च न्यायालय ने नाइट सफारी में भी रोक लगा दी है जिससे पर्यटको में निराशा देखी गई। जिसमें बताया गया कि रात में सफारी से जंगल की नैचुरल एक्टिविटी डिस्टर्ब होती है और पूरा ईकोसिस्टम गड़बड़ा सकता है विशेषज्ञों का कहना है कि रात में मानव गतिविधियां बढ़ने से वन्यजीवों का प्राकृतिक व्यवहार प्रभावित होता है जिससे लंबी अवधि में पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंच सकता है टाइगर लवर्स का रोमांच फीका दिन की सफारी ही एकमात्र विकल्प हर साल देश और विदेश से हजारों टूरिस्ट केवल कान्हा की रोमांचक नाइट सफारी का अनुभव लेने यहां आते थे अब पर्यटकों को सिर्फ दिन की सफारी में ही जंगल की खूबसूरती और बाघों का दीदार करना होगा। नाइट सफारी संचालित करने वाले स्थानीय गाइड और जीप ऑपरेटर प्रभावित हुए हैं और वही अब मोबाइल फोन के प्रतिबंधित हो जाने से पर्यटकों की निराशा और बढ़ गई है जंगल और जानवरों का दीदार करने आए पर्यटकों को अब गेट बाहर ही अपनी फोन रील बनानी पड़ेगी जिससे निराशा देखी जा रही है। पर्यटकों का कहना है कि हजारों रूपए खर्च करने के बाद भी वन्य प्रणियों के दर्शन हो जाए ऐसा तो नही है जैसे तैसे फोटो रील बनाकर वे अपने उत्साह को बरकरार रखते थे उस पर भी रोक लगा दी गई है। बता दें कि कान्हा राष्ट्रीय उद्यान विश्व भर में प्रसिद्ध है। देश विदेश के पर्यटक जंगल का लुत्फ उठाने के लिए यहॉ आते हैं। कान्हा का जंगल और आसपास लगे ग्रामों मे आदिवासी जनों की मोहक परंपराएं पर्यटकों का मन मोह लेती हैं। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में सफारी करने के लिए 3 प्रवेश द्वार बनाएं गए हैं खटिया, मुक्की और सरही है जहां से पर्यटक पार्क के अंदर प्रवेश करते हैं साल सरई और सागौन के जंगल से पटा कान्हा नेशनल पार्क अपनी खूबसूरती के लिए पूरी देश दुनिया में पहचान बनाई हुए है।

# कभी पद या प्रतिष्ठा को लक्ष्य नहीं बनाया : मिश्रा

### जन्मदिन पर बधाईयों का तांता

मण्डला(स्वतंत्र मत)



राजनीति में ऊंचाईयां यूं ही नहीं मिलतीं इसके लिए वर्षों का संघर्ष, निष्ठा और सेवा भाव चाहिए और इसी सच्चाई को साकार किया है भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने। आज उनके जन्मदिन के अवसर पर पूरा जिला उनके संघर्षपूर्ण और प्रेरक सफर को याद कर रहा है। एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले प्रफुल्ल मिश्रा ने कभी पद या प्रतिष्ठा को लक्ष्य नहीं बनाया बल्कि संगठन और समाज की सेवा को ही अपना धर्म माना। वर्ष 1986 से राजनीति में सक्रिय रहते हुए उन्होंने पार्टी के हर आंदोलन हर कार्यक्रम और हर जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाया। शुरू से ही उनकी पहचान सहज सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के रूप में रही है। कार्यकर्ता हो या आम नागरिक हर किसी की समस्या को अपनी समस्या मानकर समाधान की कोशिश करना उनके स्वभाव में रहा है। यही कारण है कि वे आज भी जमीन से जुड़े हुए नेता माने जाते हैं। आज जब वे भाजपा जिला अध्यक्ष के रूप में संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं तो यह पद नहीं बल्कि वर्षों की मेहनत त्याग और विश्वास की पहचान है। उनके जन्मदिन पर मिल रही बधाइयां और शुभकामनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि उन्होंने दिलों में जगह बनाई है। जन्मदिन के इस पावन अवसर पर उनके मित्र सहयोगी सभी उनके स्वस्थ, दीर्घ और ऊर्जावान जीवन की कामना कर रहे हैं। जन्म दिन के उपलक्ष्य में आज दोपहर 12 बजे हिरदेनगर स्थित मॉ छपरावाली माता के मंदिर में पूजन अर्चन किया जायेगा। इसी के साथ शाम 4 बजे भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के द्वारा जन्म दिन मनाया जायेगा। वहीं शाम 6 बजे महिष्मति घाट में महाआरती का आयोजन होगा। साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किये जायेंगे।

## सिकल सेल जागरुकता अभियान 24 दिसंबर से

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सामाजिक संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार द्वारा शहीदी दिवस के अवसर पर 24 से 27 दिसंबर तक सिकल सेल एनीमिया रोकथाम को लेकर और रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया जाएगा सिकल सेल रोकथाम को लेकर जितना प्रयास करना चाहिए अभी उस परिस्थिति में नहीं हो रहा है आज यह बीमारी के रोकथाम को लेकर जमीनी स्तर पर प्रयास होना चाहिए। हमारे द्वारा कुछ दिनों पूर्व 28 नवंबर और 7 दिसंबर को अलग-अलग स्थानों पर दो शिविर आयोजित किए इस शिविर में हमारे द्वारा केवल कुछ लोगों की ही जांच करवाया गया महाराजपुर पोंड़ी में 114 लोगों की जांच हुई जिसमें 34 लोगों की वाहक मरीज होने की पुष्टि हुई ठीक उसी प्रकार बिछिया में 7 दिसंबर को जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 107 लोगों की जांच हुई तथा जिसमें से 33 वाहक मरीजों की पुष्टि हुई तथा पांच धारक मरीजों की पुष्टि हुई। जिले की जनसंख्या के आधार पर अभी भी हम सिकल सेल एनीमिया की जांच करने में असमर्थ हैं कारण यही है कि अभी हम ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं जहां तक हमें पहुंचना चाहिए जांच के पश्चात ठीक प्रकार से काउंसलिंग होना भी अति आवश्यक होना चाहिए ताकि हम नए-नए लोगों की जांच कराने में सफल हो सके समाज में सिकल सेल एनीमिया मिशन जागरूकता नुक्कड़ नाटक प्रदर्शनी शॉर्ट फिल्म लोक गायन दीवार लखनी रैली के प्रति एक महा अभियान प्रारंभ होना चाहिए भागीरथ सेवा विकास परिवार समिति के अध्यक्ष डॉ अजय वंशकार ने बताया कि इस अभियान को समिति अनेकों सदस्यों द्वारा चलाया जाएगा।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार




मण्डला (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के निर्माण परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ अधिकारीयो के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक डॉ.जयसिंह यादव द्वारा गठित टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। थाना महाराजपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक ग्रे रंग की सेंट्रो कार अवैध शराब लेकर घंसौर की ओर से आ रही है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी की गई। इसी दौरान सेंट्रो कार क्रमांक एमएच 02 बीटी 7221 को रोकने का प्रयास किया गया किंतु उनके द्वारा भागने का प्रयास किया गया पुलिस टीम द्वारा त्वरित घेराबंदी कर वाहन रोका गया। वाहन में सवार एक व्यक्ति भागने का प्रयास कर रहा था जिसे मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा व्यक्ति चालक सीट पर मौजूद था। गवाहों की उपस्थिति में विधिवत तलाशी पंचनामा की कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी पंकज कुमार परते, पिता सुद्धुलाल परते, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम हर्राटीकर, थाना मोहगांव, हिमेश ठाकुर, पिता विजयकिशोर ठाकुर, उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मुगदरा, थाना बम्हनी जप्त सामान कुल शराब 61 लीटर 800 एमएल कुल कीमत 39,100 अनुमानित कीमत 1,50,000/-उक्त जप्ती कर दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया थाना महाराजपुर में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी महाराजपुर के मार्गदर्शन में बीआर मेश्राम, रमेश पाल, विजय, अमित गरयार, सुंदर भलावी, शिवा नाविक, संदीप पूसाम, प्रशांत अवस्थी, हरिदास बिंझिया एवं मनोहर धुर्वे की सराहनीय भूमिका रही।

# मकर संक्रांति पर 14 व 15 जनवरी को चलें विशेष ट्रेनें

### श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा के लिए रेलवे से गुहार

### पड़ोसी राज्यों से आते हैं लाखों श्रद्धालु

नैनपुर( स्वतंत्र मत)

आगामी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मां नर्मदा के तटों पर होने वाले भारी जन-आगमन को देखते हुए मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने की मांग तेज हो गई है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 और 15 जनवरी को नर्मदा संगम घाट पर स्नान और दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। जानकारी अनुसार मां नर्मदा के प्रति अटूट आस्था के चलते केवल मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जैसे सीमावर्ती राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंडला पहुंचते हैं। इनमें अधिकांश लोग गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। जिनके लिए आवागमन का सबसे सुलभ और किफायती साधन रेलवे ही है। वर्तमान में परिवहन के सीमित साधनों के कारण यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है और निजी वाहनों का खर्च उठाना हर किसी के बस की बात नहीं होती।

***सुगम और सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता***- स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं का कहना है कि यदि मकर संक्रांति के अवसर पर दो दिवसीय विशेष रेल सेवा शुरू की जाती है, तो इससे न केवल भीड़ का दबाव कम होगा, बल्कि भक्तों की यात्रा भी सुगम और सुरक्षित हो सकेगी। रेल चलने से श्रद्धालुओं पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा और वे बिना किसी परेशानी के पवित्र स्नान के लिए पहुंच सकेंगे।

***प्रशासन और रेलवे से अपील***- बेहतर परिवहन व्यवस्था और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए क्षेत्रवासियों ने रेल मंत्रालय और क्षेत्रीय रेल प्रबंधन से मांग की है कि 14 एवं 15 जनवरी को मंडला फोर्ट के लिए नैनपुर से रेल के विशेष फेरे लगाए जाएं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस जायज मांग पर कितनी तत्परता से निर्णय लेता है। यदि ऐसा निर्णय लिया जाता है तो आस्था के इस महापर्व पर धर्म परायण यात्रियों को राहत मिल सकेगी।

### एकीकृत कस्तूरबा कन्या माध्यमिक शाला में बाल मेला

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार एकीकृत कस्तूरबा कन्या माध्यमिक शाला नैनपुर में संचालित प्री-प्रायमरी कक्षा नर्सरी, के जी 1, के जी 2 के बच्चों का बाल मेला आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकास खंड स्त्रोत समन्वयक वीजेन्द्रधर द्विवेदी , प्रधानाध्यापक विनोद कुमार चौरसिया, श्रीमती ज्योति उपाध्याय, आशा तेकाम एवं बच्चों की माताओ की उपस्थिति में बच्चों का मूल्यांकन किया गया।

## विद्यार्थियों को कराया भ्रमण, दी जानकारी

**मण्डला/अंजनिया(स्वतंत्रमत)।** शासकीय महाविद्यालय अंजनिया के विद्या र्थियों ने परियोजना कार्य पूर्ण करने के उद्देश्य से जिले के प्रमुख एवं ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों के दल को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा द्वारा हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय परिसर से रवाना किया गया। भ्रमण के प्रथम चरण में विद्यार्थियों ने जिला पुरातत्व संग्रहालय मंडला का अवलोकन किया जहां संग्रहालय प्रभारी श्रीमती सुलोचना मरावी द्वारा प्राचीन मूर्तियां, जीवाश्म, ब्रिटिश कालीन पत्र, मांग पत्र, क्रांतिकारियों के छायाचित्र, पुराने अस्त्र-शस्त्र सहित अन्य ऐतिहासिक सामग्री के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने स्वर्गीय रामभरोस अग्रवाल स्मृति लोक संस्कृति संग्रहालय, गोंडी ट्रस्ट माहिष्मती घाट का भ्रमण किया। यहां उन्हें जीवाश्मों के साथ-साथ जिले के प्रसिद्ध लेखकों, कवियों एवं प्राचीन सिक्कों से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई। विद्यार्थियों ने माहिष्मती घाट स्थित कलादीर्घा हस्तकला उत्पाद विक्रय केंद्र का भी अवलोकन किया जहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों से जिले के हस्तशिल्प, वन उत्पाद, रेशम उत्पाद आदि की जानकारी प्राप्त की तथा स्वयं उत्पादों का क्रय भी किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने माँ नर्मदा के पावन तट पर स्थित मंदिरों का भ्रमण किया।

## हिंद मजदूर किसान पंचायत ने की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** हिंद मजदूर किसान पंचायत इकाई की बैठक में निर्णय लिए गए हैं। जिनमें जिले के संगठित व असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों और छोटे-बड़े किसानों के साथ चल रहे भेदभाव से बचाने का निर्णय प्रमुख है जिला मीडिया प्रभारी सहजान परस्ते ने बताया है कि रिपटा घाट नर्मदा तट पर टीन शेड में हिंद मजदूर किसान पंचायत इकाई की बैठक रविवार 20 दिसंबर को संपन्न हुई। जिसमें मजदूर किसानों के साथ हो रहे अत्याचार और भेदभाव से बचाने के अलावा गांव-गांव तक संगठन के विस्तार का निर्णय लिया गया है? महासचिव पीडी खैरवार ने बताया है कि जिले में मजदूरों और किसानों का शोषण लगातार बढ़ता जा रहा है जिस पर काबू पाने में शासन-प्रशासन असक्षम साबित हो रहा है हिंद मजदूर किसान पंचायत एक-एक मजदूर किसानों के साथ होने वाले भेदभाव को चिन्हित करके उन पर काम करेगा कानूनी सलाह कार अधिवक्ता धर्मेंद्र धार्या ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर मजदूर किसान के हित में न्यायालय की शरण भी लेने संगठन तत्पर है नारायणगंज ब्लाक अध्यक्ष अरविंद बैरागी, नैनपुर ब्लाक अध्यक्ष आनंद पटैल, बिछिया ब्लाक अध्यक्ष किशोर तेकाम, उपाध्यक्ष सुमन सिंह तेकाम, सचिव प्रेम सिंह कुलस्ते खटोला पंचायत अध्यक्ष नंदेश्वर मरावी, घुघरी ब्लाक अध्यक्ष सरस्वती मरावी मोहगांव ब्लाक अध्यक्ष सुनैना धूमकेती, निवास ब्लाक अध्यक्ष दुलीचंद मार्को मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सड़कों पर लगती दुकाने, सब्जी मंडी के चबूतरे पड़े खाली

### सब्जी बाजार के निर्धारित स्थल पर बन गये गोदाम

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



मध्य प्रदेश शासन के द्वारा बेठकी बाजार लगाने हेतु नजूल शीट क्रमांक 1 में से 127650 वर्ग फिट भूखंड नगर पालिका नैनपुर को बैठकी बाजार लगाने हेतु आबंटित किया गया है। जिसका खसरा क्रमांक 7/2 राजस्व के दस्तावेजों मे दर्ज है। उक्त भूखंड का पूर्व के वर्षों में साप्ताहिक एंव दैनिक बैठकी बाजार लगाने नगरपालिका द्वारा उपयोग किया जाता रहा है। वर्ष 2009 - 10 में नगरपालिका द्वारा फुटकर सब्जी विक्रेताओं को बैठक व्यापार करने हेतु 35 से 40 लाख रूपए खर्च कर चबूतरों का निर्माण कराया गया था । जिनपर प्रशासनिक अनदेखी व की लापर वाही के चलते उक्त चबूतरों का निर्धारित कार्य में उपयोग नहीं हो पा रहा है । जबकि उक्त बैठकी बाजार के चबूतरों में सब्जी बाजार के अलावा अन्य दुकाने लगती आ रही है। चबूतरों में पक्के निर्माण कर लोगों के द्वारा गोदाम बनाकर रख लिया गया है । इससे फुटकर सब्जी विक्रेता एंव ग्रामीण क्षेत्रों से शहर आकर अपनी सब्जी दुकान चलाने बाले किसान व्यापारी लगातार हलाकान हो रहे हैं।

बाजार के लिए आबंटित स्थल और चबूतरों में सब्जी की दुकान न लगाकर अन्यत्र लगने से यह सिद्ध होता है कि बाजार के लिए निर्धारित स्थल और चबूतरों की भारी कमी है। जबकि कुछ चिन्हित सब्जी विक्रेताओं के द्वारा निर्धारित भूखंड से अधिक में कब्जा कर लिया जाना भी फूटकर सब्जी विक्रेताओं के लिए परेशानी का शबब बना हुआ है।

इन परिस्थितियों में की गई शिकायतो के आधार पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी डा. एल एस सारस के द्वारा विगत 2 मई 2025 को अपने दल बल के साथ बुधवारी बाजार का निरीक्षण भी किया गया था। इस अव्यवस्था को तत्काल सुधारने आश्वासन भी दिया गया था। इसके बाद पालिका प्रशासन के द्वारा दर्जनों नोटिस भी जारी कर व्यवस्था में सुधार लाने का प्रयास किया गया था। परंतु आज 8 माह बीत जाने के बाद भी व्यवस्थाएं बदहाल ही बनी हुई है। कार्यवाही न की जाना अवैध कब्जा धारियों व सड़कों पर दुकान लगाने बाले व्यापारियों का सम्बल बढ़ा रहा है। लगातार शिकवा शिकायतो और अव्यवस्थित बुधवारी बाजार की सुर्खियां नगर की इस प्रमुख समस्या की ओर इंगित कर रही है। मगर जिस नगर में शब्जी व्यापार जैसी व्यवस्था सुधार न किया जा सके वहां नगर में विकास और सुंदरता का सपना केवल दिवा स्वप्न ही कहा जा सकता है। नगर की बदहाली को बयां करती इस गंभीर समस्या के प्रति जबाबदारो को अपनी जबाबदेही तय कर नगर के साथ न्याय करने की आवश्यकता है।

संपादकीय

# प्रबंधनहीनता की पराकाष्ठा

फुटबॉल का जादूगर कोलकाता आया और बिना कोई करिश्मा दिखाए 10 मिनट में ही स्टेडियम से बाहर चला गया। कुछ पल हाथ जरूर हिलाया, लेकिन फैन्स उसे साझा नहीं कर सके। फुटबॉल के जादूगर, विश्व चैंपियन खिलाड़ी लियोनेल मैसी के आगमन पर उनके फैन्स ने जो उत्पात मचाया, कमोबेश उसे खेल की दीवानगी तो नहीं माना जा सकता। चूंकि मैसी-प्रेमी अपने चहेते खिलाड़ी की झलक तक नहीं पा सके, उनसे बातचीत करना या ऑटोग्राफ लेना तो बहुत दूर की बात थी, लिहाजा दर्शक भड़क उठे। उन्होंने 'सॉल्ट लेक स्टेडियम' में पानी की बोतलें फेंकी, कुर्सियां उछालीं और तोड़-फोड़ की, होर्डिंग्स फाड़ दिए, तंबू उखाड़ फेंके, आगजनी तक की और मैसी के लिए बनाई 'कैनोपी' तक को नहीं बख्शा। यह दीवानगी के नाम पर अराजकता और आयोजन की अव्यवस्था, प्रबंधनहीनता की पराकाष्ठा थी। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इसे फुटबॉल प्रेमियों के लिए 'काला दिन' करार दिया है। यह वाकई शर्मनाक रहा। विश्व चैम्पियन कप्तान मैसी मैदान पर एक किक तक नहीं मार पाए, क्योंकि सुरक्षा के घेरे टूटने तक की नौबत आ गई थी। बेशक बहुत कुछ कलंकित हुआ है। भारत 2026 के ओलिंपिक खेल आयोजन की बोलियां लगा रहा है, दावे कर रहा है, लेकिन उसके एक खेल-प्रेमी शहर में खेल के संस्कार ऐसे हैं, जो खेल की दृष्टि से निंदनीय और अस्वीकार्य हैं। कोलकाता अपनी चिरंतन सभ्यता, संस्कृति, भद्रलोक की छवि के लिए विख्यात रहा है। फुटबॉल वहां की दीवानगी है, जो पागलपन की हद तक है। यदि फुटबॉल के विश्व चैम्पियन खिलाड़ी मैसी के सम्मान में 70 फुट ऊंची प्रतिमा का सार्वजनिक अनावरण किया जाना था, तो सबसे बेहतर यह रहता कि उनका कुछ खेल देखा जाता, उन्हें एक सुरक्षित वाहन पर सवार कर स्टेडियम में घुमाया जाता, नेताओं को भी तो घुमाया जाता है, मैसी के प्रशंसक हाथ हिलाकर या हाथ जोड़कर अथवा किसी भी तरह अपने 'करिश्माई खिलाड़ी' का अभिनंदन कर सकते। दुर्भाग्य है कि आयोजक यह तय नहीं कर पाए। कुछ वीआईपी चेहरों, मंत्रियों, स्थानीय प्रतिनिधियों समेत दर्जनों सुरक्षाकर्मियों ने मैसी को इस कदर ढक लिया था कि फैन्स अपने 'हीरो' की झलक तक नहीं पा सके। दर्शकों ने कम से कम 3500 रुपए और अधिकतम 25,000 रुपए के टिकट खरीदे थे। ब्लैक में टिकट 40,000 रुपए तक बेचे गए। वह काला धन किसकी जेब में गया? ऐसी अराजकता और अव्यवस्था तो मैसी के इसी दौरे के दौरान हैदराबाद में नहीं हुई, जहां मैसी ने अपने खेल के कुछ 'जादुई स्पर्श' दिखाए, लेकिन वहां भी यह सवालिया जरूर रहा कि मैसी के साथ सेल्फी खिंचवाने के लिए 10-10 लाख रुपए वसूले गए। क्या फुटबॉल का जादूगर कोई उत्पाद है, जिसकी बोली लगाई गई? मैसी 14 सालों के बाद भारत आए हैं, जाहिर है कि जिन्होंने पूरे प्रवास का आयोजन किया है, तो उन्होंने मैसी का कुछ पारिश्रमिक भी तय किया होगा! मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विश्व चैम्पियन कप्तान और उनके साथी खिलाड़ियों से माफी मांगी है और एक जांच समिति का गठन किया है। मुख्य आयोजक को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन पुलिस ने फुटबॉल प्रेमियों को दौड़ा-दौड़ा कर, उन पर लाठीचार्ज क्यों किया? ऐसी स्थितियों में कोई भी आक्रोशित हो सकता है।

# बेलगाम बांग्लादेश की अशांति भारत के लिये खतरा



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

बांग्लादेश में बीते कुछ समय से जो घटनाक्रम सामने आ रहे हैं, वे किसी एक देश की आंतरिक समस्या भर नहीं रह गए हैं, बल्कि दक्षिण एशिया की समूची भू-राजनीतिक स्थिरता के लिए एक गंभीर चेतावनी बनते जा रहे हैं। युवा छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद जिस तरह ढाका सहित कई शहरों में हिंसा भड़की, उसने यह उजागर कर दिया कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार न तो कानून का शासन स्थापित कर पा रही है और न ही समाज को उन्माद व कट्टरता से बचाने में सक्षम दिखाई देती है। सड़कों पर उग्र भीड़, अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हमले, हिन्दू धर्म-स्थलों को ध्वस्त करना, मीडिया संस्थानों के दफ्तरों में आगजनी, पत्रकारों पर हमले और असहमति की आवाजों को दबाने की कोशिशें यह संकेत देती हैं कि बांग्लादेश तेजी से अराजकता के दलदल में धंसता जा रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के भविष्य के लिए जितनी भयावह है, उतनी ही खतरनाक क्षेत्रीय शांति के लिए भी है।

इस पूरे परिदृश्य का सबसे चिंताजनक एवं त्रासद पहलू 'भारत विरोधी नैरेटिव' का सुनियोजित एवं षड़यंत्रपूर्ण निर्माण है। शरीफ उस्मान हादी की हत्या के लिए बिना किसी ठोस जांच के भारत पर आरोप मढ़ना और उसके बाद भारतीय मिशनों को निशाना बनाने की कोशिशें यह बताती हैं कि हिंसा केवल स्वत:स्फूर्त जनाक्रोश नहीं, बल्कि एक सुविचारित राजनीतिक और वैचारिक साजिश का हिस्सा है। इतिहास गवाह है कि जब भी बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती है, कुछ कट्टरपंथी ताकतें भारत विरोध को एक आसान औजार की तरह इस्तेमाल करती हैं। इससे न केवल भीड़ को भड़काया जाता है, बल्कि आंतरिक विफलताओं से ध्यान हटाने का रास्ता भी मिल जाता है। अंतरिम सरकार की निष्क्रियता या मौन सहमति इस आशंका को और मजबूत करती है कि वह या तो इन ताकतों पर नियंत्रण खो चुकी है या फिर उनसे समझौता कर चुकी है। इसमें सबसे घातक है पाकिस्तान का साजिशपूर्ण तरीके से भारत विरोध को हवा देना। भारत द्वारा अपने वीजा केंद्रों को अस्थायी रूप से बंद करना और बांग्लादेशी उच्चायुक्त को तलब करना इस पृष्ठभूमि में एक आवश्यक और संतुलित कूटनीतिक कदम कहा जा सकता है। किसी भी संप्रभु राष्ट्र की यह जिम्मेदारी होती है कि वह विदेशी राजनयिकों और मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। ढाका में भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिशें और वहां प्रशासन की ढुलमुल प्रतिक्रिया यह दर्शाती हैं कि अंतरिम सरकार इस बुनियादी दायित्व को निभाने में विफल रही है। कूटनीति केवल सौहार्द की भाषा नहीं होती, बल्कि यह स्पष्ट संदेश देने का माध्यम भी होती है कि भारत अपने हितों और नागरिकों की सुरक्षा के प्रश्न पर किसी तरह की उदासीनता स्वीकार नहीं कर सकता।



इस अशांति का सबसे दर्दनाक और संवेदनशील पक्ष बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की बिगड़ती स्थिति है। कथित ईशनिंदा के आरोपों में एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या इस बात का प्रमाण है कि कट्टरपंथी तत्वों को अब प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है। जब न्याय भीड़ के हाथों में चला जाए और सरकार अल्पसंख्यक अधिकारों पर केवल औपचारिक बयान जारी करती रहे, तो यह लोकतांत्रिक राज्य की आत्मा पर सीधा प्रहार होता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चुप्पी भी इस संदर्भ में कई सवाल खड़े करती है। मानवाधिकारों और अल्पसंख्यक संरक्षण की दुहाई देने वाले वैश्विक मंच तब मौन क्यों हो जाते हैं, जब यह उल्लंघन रणनीतिक या राजनीतिक समीकरणों के भीतर घटित होते हैं। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पुत्र और सलाहकार साजीब वाजेद जॉय का यह कथन कि बांग्लादेश की आग से भारत अछूता नहीं रह सकता, केवल एक राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि एक कड़वी सच्चाई है। भारत और बांग्लादेश के बीच हजारों किलोमीटर की साझा सीमा, सांस्कृतिक-सामाजिक रिश्ते और आर्थिक निर्भरता ऐसी है कि ढाका की अस्थिरता का असर स्वाभाविक रूप से भारत के सीमावर्ती राज्यों पर पड़ेगा। अवैध घुसपैठ, कट्टरपंथी नेटवर्कों की सक्रियता और सीमा पार अपराधों का खतरा इस अस्थिरता के साथ बढ़ता ही जाएगा।

भारत का रुख हमेशा से एक स्थिर, समृद्ध और लोकतांत्रिक बांग्लादेश के पक्ष में रहा है। आर्थिक सहयोग, बुनियादी ढांचे के विकास और मानवीय सहायता के माध्यम से भारत ने यह साबित किया है कि वह अपने पड़ोसी के साथ सहयोगात्मक संबंध चाहता है, न कि वर्चस्ववादी। लेकिन यदि ढाका की अंतरिम सरकार अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों और सांप्रदायिक हिंसा के लिए होने देती है, तो द्विपक्षीय संबंधों में आई दरार को भरना बेहद कठिन हो जाएगा। यह केवल कूटनीति का प्रश्न नहीं, बल्कि विश्वास और साझी सुरक्षा का भी मुद्दा है। अंतरिम सरकार के सामने अब दो ही रास्ते हैं। पहला, वह कठोर कार्रवाई कर यह साबित करे कि वह किसी कट्टरपंथी विचारधारा की बंधक नहीं है और कानून का शासन बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरा, वह निष्क्रियता और तुष्टीकरण के रास्ते पर चलते हुए देश को और गहरे संकट में धकेल दे। इतिहास बताता है कि दूसरा रास्ता अंतत: लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने तीनों को नष्ट कर देता है।

बांग्लादेश एक ऐसे समय अराजकता में डूबा है, जब वहां चुनाव सन्निकट है। अब इन चुनावों का सही एवं लोकतांत्रिक तरीके से होना संदिग्ध है। इन चुनावों में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को भाग लेने से रोकना एवं पाकिस्तानपरस्त जमाते इस्लामी समेत अन्य कट्टरपंथी ताकतों को भी चुनाव लड़ने की छूट देना, अंतरिम युनूस सरकार की कुचेष्टा है। सबसे बड़ी चिन्ता की बात यह है कि चुनाव के बाद वहां इस्लामिक कट्टरपंथियों के वर्चस्व वाली ऐसी सरकार अस्तित्व में आ सकती है, जो भारत के खिलाफ खुलकर काम करते हुए अल्पसंख्यकों के संहार को अंजाम देगी। भारत के लिए इसीलिये भी यह समय केवल चिंता व्यक्त करने का नहीं, बल्कि सतर्क और सक्रिय कूटनीति अपनाने का है। सीमा सुरक्षा को मजबूत करते हुए वैश्विक मंचों पर बांग्लादेश की ताजा घटनाओं को स्पष्टता और तथ्यों के साथ उठाना आवश्यक है। पड़ोस में लगी यह आग यदि समय रहते नहीं बुझाई गई, तो इसकी तपिश केवल बांग्लादेश तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया को झुलसा सकती है। स्थिरता, लोकतंत्र और सह-अस्तित्व की रक्षा के लिए यह अनिवार्य है कि बांग्लादेश की मौजूदा अराजकता को एक चेतावनी की तरह लिया जाए, न कि एक क्षणिक राजनीतिक उथल-पुथल के रूप में।

बात पते की

# ... क्या से क्या हो गए मास्टरजी



देव शंकर अवस्थी

बच्चों को पढ़ाने, कापी जांचने वाले अब तराजू-कांटे पर नजर रखेंगे। जी हां, हम बात कर रहे सरकारी स्कूलों के मास्टरजी की, जो धान खरीदी केंद्रों में धान की तुलाई-भराई कराएंगे। मास्टर साब अभी-अभी मतदाता सूची के काम से तरीके से निवृत भी नहीं हो पाए कि उनके जिम्मे धान का काम लाद दिया। जबलपुर के जिला शिक्षा अधिकारी ने तो प्रशासन के आदेश का पालन करते हुए धान तुलाई-भराई केंद्रों का निरीक्षण भी कर डाला। यह पहला मौका है, जब शिक्षा महकमे को ऐसे काम में झोंका गया। हालांकि, मास्टरजी की इस तरह ड्यूटी लगना कोई नई बात नहीं। अब तो स्कूलों में स्टॉफ की काफी कुछ पूर्ति हो गई है, अन्यथा पहले तो ऐसे स्कूलों की कमी नहीं रही, जहां पहली से आठवीं तक का जिम्मा एकमात्र शिक्षक के भरोसे रहा। मासाब भी क्या करें, सबको इकट्ठा बैठाकर पढ़ा देते थे। इसके अलावा मध्यान्ह भोजन, जिंदगी की दो बूंद यानी पल्स पोलियो, मतदाता सूची, चुनाव, कोई अन्य सर्वे, स्कूल की सफाई-पुताई भी मास्टरजी के जिम्मे रहती थी। कुछ मिलाकर एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति रही। कई बार लंबी बहस के बाद निर्णय भी हुआ कि मास्टरजी केवल पढ़ाएंगे, इसके अलावा कुछ नहीं करेंगे लेकिन मास्टरजी की ऐसी किस्मत कहां? कोई भी नया काम आने पर वे कोल्हू के बैल की तरह जोत दिए जाते रहे। हमेशा मास्टरजी के साथ ही ऐसा क्यों होता रहा, यह सोचने वाली बात है। इसमें कहीं न कहीं कुछ मासाब लोगन की ही गलती है, जिसका खामियाजा पूरे शिक्षकों को भुगतना पड़ा। कुछ मास्टर साब की नौकरी को लोग आज तक नहीं भूल पाए। मनमर्जी से स्कूल जाना-आना। कुछ ने तो गांव के ही किसी लड़के को दो-चार हजार रुपए देकर पढ़ाने के लिए रख लिया था। यही कारण रहे कि मास्टर साब एक के बाद एक गैर शिक्षकीय कार्यों में ड्यूटी करने के लिए बाध्य होते गए। बहरहाल,धान खरीदी की नई ड्यूटी का विरोध तो शुरू हो गया, अब आगे देखिए होता क्या है?

## ... पकड़ जाएं लेकिन सुधरेंगे नहीं

अभी हाल ही में रिश्वत लेते कई अधिकारी और कर्मचारी दबोचे गए। पिछले कुछ दिनों से जैसे पकड़ने वालों की लाइन लग गई हो। एक बात समझ नहीं आती कि पकड़े जाने के बाद खबर सुर्खियों में रहती है, फिरभी पढ़ने के बाद उसी दिन रिश्वत लेने की हिम्मत कैसे पड़ जाती है? पकड़े जाने के बाद क्या होता है? जीवन कितना दुष्कर हो जाता है, आखिर इस बात को क्यों नहीं समझा जाता। महज थोड़ी सी लालच के पीछे न केवल नौकरी से हाथ धोना पड़ता है बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा भी तार-तार हो जाती है। कई मामलों में तो जीवनभर की कमाई की जब्ती और पेंशन के नाम पर फूटी कौंडी भी नहीं मिलती। अच्छा होगा यदि संतोषी सदा सुखी को ध्यान में रखा जाए तो स्वयं के अलावा सरकारी सिस्टम में काफी कुछ सुधार संभव है।

## ... और अंत में

मौसम भी चर्चा का एक बड़ा मुद्दा है। गर्मी, बरसात हो या ठंड, सभी में चर्चाओं का लंबा सिलसिला शुरु हो जाता है। गजब ठंड है यार। अभी क्या हुआ, अभी तो शुरुआत है। अरे.. अब कहां रही पहले जैसी ठंड। बरसात भी ऐसी होती थी कि हफ्ता-पंद्रह दिन सूरज ही नहीं दिखता था।.. और फिर मौसम चाहे कोई भी हो यदि चर्चा रात में हुई तो वह दौर तभी खत्म होता है.. तो फिर हो जाए।

# पंजाब में आप पार्टी का दबदबा



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

पंजाब के ग्रामीण जिला परिषदों व पंचायत समितियों के चुनाव में राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को जो प्रचंड विजय मिली है उससे यह संकेत मिलता है कि प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी को अपार सफलता मिल सकती है और लोगों में आप की भगवन्त मान सरकार के बारे में कोई सत्ता विरोधी भावना नहीं है। इन चुनावों में हालांकि राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस दूसरे नम्बर पर रही है मगर वह बहुत पीछे हैं और एक अन्य विपक्षी पार्टी अकाली दल अपनी खोई ग्रामीण जमीन हथियाने की कोशिश में पसीने-पसीने हो रही है। जहां तक भाजपा का सवाल है तो वह बहुत पीछे चौथे स्थान पर रही जिससे यह पता चलता है कि राज्य में इस पार्टी के प्रभाव में कोई विशेष बढ़ौतरी नहीं हो रही है। वैसे गौर से देखा जाये तो आजादी के बाद से पंजाब में कांग्रेस व अकाली दल प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टियां रही हैं मगर कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय कलेवरों के साथ पंजाब के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है लेकिन यह 21वीं सदी चल रही है और राज्य की राजनीति में आधारभूत परिवर्तन आ चुका है, विशेषकर 2022 के विधानसभा चुनावों में जनता ने जिस प्रकार आप पार्टी को अपना तूफानी समर्थन दिया और इसे विधानसभा में तीन चौथाई सीटें दीं उससे पंजाब की राजनीति में युगान्तकारी परिवर्तन आया क्योंकि इससे पहले यह सोचा भी नहीं जा सकता था कि आप जैसी नई पार्टी पंजाब के लोगों को भरमा सकती है और कांग्रेस समेत अकाली दल व भाजपा की राजनीति ध्वस्त हो सकती है। इसकी वजह यह थी कि आप पार्टी ने पंजाब के लोगों को जो सपने दिखाये उनमें राज्य की जमीनी हकीकत की कडुवाहट छिपी हुई थी जिसका प्रदर्शन प्रदेश की पिछली कांग्रेस व अकाली सरकारों के दौरान होता रहा था। पंजाब के लोग पूरे देश में सबसे ज्यादा प्रगतिशील सोच के समझे जाते हैं अत:उन्होंने एक नई पार्टी को मौका देना बेहतर समझा। पंजाब में अब हालत यह हो गई है कि शहरी इलाकों से लेकर गांवों के क्षेत्रों तक में आप पार्टी अपनी लोकप्रियता के शिखर को छू रही है। मगर इन ग्रामीण चुनावों के परिणामों से एक और संकेत मिलता है कि राज्य में अकाली-भाजपा गठजोड़ फिर से सिरे चढ़ सकता है क्योंकि इन दोनों पार्टियों ने अपने-अपने प्रभाव क्षेत्रों में पहले से बेहतर परिणाम दिखाये हैं। राज्य की कुल 347 जिला परिषदें हैं जिनमें से 346 पर चुनाव हुआ। इसके साथ ही 2838 पंचायत समितियों पर भी चुनाव हुआ। आप पार्टी को 218 जिला परिषदों में विजय मिली जबकि कांग्रेस को 62 व अकाली दल को 46 पर जीत मिली। इस विजय से ही स्पष्ट है कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब के गांवों में अपनी पकड़ बहुत गहरी बना ली है जबकि अकाली दल अभी बहुत पीछे है और कांग्रेस भी उसके आसपास ही घूम रही है। ध्यान देने वाली बात यह है कि अकाली दल गांवों की पार्टी मानी जाती थी। यदि ग्रामीण चुनावों में ही इसकी इतनी बुरी हालत है तो आगामी विधानसभा चुनावों में कुछ करिश्मा करने की उम्मीद उससे कैसे की जा सकती है। कमोबेश यही स्थिति कांग्रेस की भी है मगर राजनीति में कभी भी किन्ही हालात को गारंटीशुदा मान कर नहीं चला जा सकता है अत: विधानसभा चुनावों तक आप पार्टी को अपनी वर्तमान गति को जारी रखना होगा और अपनी लोकप्रियता को गिरने नहीं देना होगा। इन चुनावों की एक विशेषता और थी कि ये बैलेट पेपर के माध्यम से हुए थे। बैलेट पेपर से हुए चुनावों के बारे में विपक्षी दल अब कोई बहाना नहीं बना सकते हैं और ईवीएम मशीनों में गड़बड़ी होने का रोना नहीं रो सकते हैं। जिला परिषद चुनावों में भाजपा को केवल सात में ही जीत मिल पाई। इनमें से भी उन स्थानों पर जहां अपेक्षाकृत शहरीकरण का प्रभाव अधिक समझा जाता है। भाजपा से ज्यादा दस स्थानों पर तो निर्दलीय उम्मीदवार जीत गये। कुल 2838 पंचायत समितियों में से भी आप पार्टी को 1531 पर विजय मिली जबकि कांग्रेस केवल 612 पर और अकाली दल 445 पर ही जीत दर्ज कर पाये। भाजपा भी 73 पंचायत समितियां जीत गई जबकि बहुजन समाज पार्टी 28 पर और 144 पर निर्दलीय जीते। जिला परिषदों में भी बसपा तीन पर कब्जा जमाने में सफल रही जबकि निर्दलीयों ने दस पर अपना दबदबा कायम किया। इससे यह मालूम होता है कि प्रदेश में बसपा का प्रभाव नगण्य होता जा रहा है और यह नामचारे की ही पार्टी रह गई है। मगर 2022 के चुनावों में आप पार्टी की बहुत तेज लहर थी जिसका आभास सभी चुनाव पर्यवेक्षकों को पहले से ही था।

ग्रामीण चुनावों में ऐसी कोई स्पष्ट लहर नहीं देखी जा रही थी मगर यह समझा जा रहा था कि सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ कोई विरोधी जनभावना नहीं है लेकिन अकाली दल के पक्ष में एक तथ्य यह जा रहा है कि यह राज्य के मालवा क्षेत्र में पहले से मजबूत हुई है। पार्टी ने इस क्षेत्र के भठिंडा जिले की 17 जिला परिषदों में से 13 पर अपना झंडा गाड़ा जबकि मुक्तसर में 13 में से सात जिला परिषद जीती। इसी प्रकार मनसा में इसने 11 में से चार पर कब्जा किया और फरीदकोट की दस में से पांच पर अपना जोर दिखाया। पंजाब का मालवा इलाका घोर ग्रामीण इलाका माना जाता है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने जो सीटें जीती हैं वे मिलीजुली हैं। इसी प्रकार भाजपा भी पठानकोट जैसे इलाके में बेहतर स्थिति में रही है। कुल मिलाकर पंजाब के ग्रामीण चुनावों में आम आदमी पार्टी का दबदबा ही रहा है जिससे विपक्षी दलों को अपनी चाल बदलने की जरूरत है क्योंकि विधानसभा चुनाव भी बस एक वर्ष दूर ही हैं।

# पानी गर्म करने के लिए इस्तेमाल करते हैं इमर्शन रॉड? ध्यान रखें ये 5 बातें, वरना हो सकती है दिक्कत

**इमर्शन रॉड से पानी गर्म करने से पहले, हमेशा रॉड को पानी में पूरी तरह डुबाने के बाद ही स्विच ऑन करें, यह सुनिश्चित करें कि प्लग और वायर खराब न हो, पानी की मात्रा सही हो (कम या ज्यादा न हो), और बच्चों की पहुंच से दूर रखें; सबसे ज़रूरी है कि रॉड को पानी में डालने से पहले या पानी से निकालते समय कभी चालू न करें।**



डॉ. शुभम अवस्थी

## उपयोग करने से पहले ध्यान रखने योग्य बातें

**सुरक्षा जांच**- उपयोग करने से पहले रॉड की वायर, प्लग और बॉडी को देखें कि कहीं से कटा या टूटा हुआ तो नहीं है। ढ्ढस्ढ्ढ प्रमाणित रॉड का उपयोग करें।

**सही बाल्टी**- हमेशा मोटी प्लास्टिक या स्टील की बाल्टी का उपयोग करें, क्योंकि सामान्य प्लास्टिक की बाल्टी पिघल सकती है।

**सूखी जगह**- रॉड की बाल्टी को हमेशा सूखी जगह पर रखें और जमीन पर रखकर गर्म न करें।

## पानी गर्म करते समय सुरक्षा

**पहले पानी, फिर बिजली**- रॉड को बाल्टी में डालने के बाद ही प्लग लगाएं और स्विच ऑन करें। सूखी रॉड को चालू करने से शॉर्ट-सर्किट या विस्फोट का खतरा होता है।

**पूरी तरह डुबाएं** - सुनिश्चित करें कि रॉड का हीटिंग एलिमेंट पानी में पूरी तरह डूबा हो। पानी की मात्रा सही हो (न कम, न ज्यादा) ताकि हीटिंग एलिमेंट जले नहीं और बिजली की बर्बादी न हो।

**पानी को न छुएं**- जब रॉड चालू हो, तो पानी को बिल्कुल न छुएं, न ही हाथ डालें।

**अकेला न छोड़ें**- रॉड को ज्यादा देर तक चालू न छोड़ें, यह बाल्टी और रॉड दोनों को नुकसान पहुंचा सकता है और बिजली बर्बाद करता है।

## उपयोग के बाद

**पहले अनप्लग करें**- पानी गर्म होने के बाद, सबसे पहले स्विच ऑफ करें और प्लग निकालें।

**फिर निकालें**- प्लग निकालने के बाद ही रॉड को पानी से बाहर निकालें।

**बच्चों से दूर**- इस्तेमाल के बाद रॉड को बच्चों की पहुंच से दूर रखें।

# प्राचीन भारतीय गणितीय पद्धति है वैदिक गणित



डॉ. नीलेश पाण्डेय

आचार्य और प्राचार्य हितकारिणी महिला महाविद्यालय जबलपुर

वैदिक गणित प्राचीन भारतीय गणितीय पद्धति है, जो सरल, तेज और मानसिक गणना को बढ़ावा देती है। इसका आधार वेदों में निहित ज्ञान है, विशेषकर अथर्ववेद। भारत में, यह एक सर्वविदित और पारंपरिक रूप से स्वीकृत तथ्य है कि वेद समस्त ज्ञान के भंडार हैं, यह न केवल आध्यात्मिक है, बल्कि समस्त ज्ञान का दिव्य स्रोत भी है। वैदिक गणित की जड़ें वेदों में निहित हैं, जो 3,000 वर्ष से भी पहले रचे गए प्राचीन भारतीय ग्रंथ हैं। इसमें विज्ञान, वैदिक गणित, ज्योतिष, आयुर्वेद, धनुर्विद्या, वास्तुकला आदि शामिल हैं। वैदिक गणित विषय अथर्ववेद से संबंधित है।

### वेद और उपवेद

वैदिक गणित के इतिहास के अनुसार, वेद सर्वविदित हैं और संख्या में चार हैं। इन चारों वेदों में चार उपवेद और छह वेदांग भी हैं। ये सभी ईश्वरीय ज्ञान के अविभाज्य कोष हैं। ये इस प्रकार हैं- ऋग्वेद, आयुर्वेद, सामवेद, गंधर्ववेद, यजुर्वेद, धनुर्वेद अथर्ववेद, स्थापत्यवेद, प्रत्येक वेद कोई पुस्तक नहीं, बल्कि एक पुस्तकालय है, और उपवेद विभिन्न विषयों में वेदों का व्यावहारिक ज्ञान है। आइए इसे और अच्छी तरह समझते हैं-

परम पावन जगद्गुरु शंकराचार्य श्री भारती कृष्ण तीर्थजी महाराज ने गणित और वैदिक मानसिक गणना प्रणाली के वर्तमान स्वरूप को महत्वपूर्ण माना। वैदिक गणित स्थापत्यवेद की परिसीमा (ग्रंथसूची) से संबंधित है। इसे सुलभ सूत्र के नाम से भी जाना जाता है । यह संस्कृत भाषा में लिखा गया था। वैदिक एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है ज्ञान और बुद्धि। यह एक युग या काल का भी प्रतिनिधित्व करता है (जैसे वैदिक काल 1700 से 1100 ईसा पूर्व, लौह युग)। यहां वैदिक गणित के कुछ सबसे वास्तविक अनुप्रयोग दिए गए हैं। वैदिक गणित का उपयोग करके 5, 25, 50, 75, 125 से किसी भी संख्या का गुणन। वैदिक गणित के 16 सूत्र- तीव्र गणना की प्राचीन तकनीकें, अपने गणित के उत्तरों की जाँच या सत्यापन कैसे करें?

### वैदिक जाँच प्रणाली

गणित संख्या, राशि और स्थान का अमूर्त विज्ञान है जिसका प्रयोग भौतिकी और अभियांत्रिकी (अनुप्रयुक्त) जैसे अन्य विषयों में भी किया जाता है। ये दो शब्द वैदिक और गणित गणित के ज्ञान का प्रतिनिधित्व करते हैं।




इसका संबंध वैदिक काल से है, या दूसरे शब्दों में, वैदिक गणित प्राचीन भारतीय ऋषियों द्वारा प्रयुक्त गणित है। वैदिक गणित के इतिहास के अनुसार, वैदिक गणित शब्द परम पावन जगद्गुरु शंकराचार्य श्री भारती कृष्ण तीर्थजी महाराज , गोवर्धन मठ, पुरी (1884-1960) द्वारा गढ़ा गया था। गुरुदेव के अनुसार, वैदिक गणित गणना की वह प्राचीन प्रणाली है जिसकी पुन: खोज उन्होंने ही की थी। उन्होंने इसे अथर्ववेद के परिक्षित से खोजा था, जिसे सुलभ सूत्र या गणित सूत्र भी कहा जाता है । यह मूल रूप से संस्कृत में लिखा गया था।

### वैदिक गणित के 16 सूत्र

उन्होंने सात साल वेदांत का अध्ययन किया। इन सात वर्षों में उन्होंने 16 सूत्र लिखे, जिन्हें बाद में वैदिक गणित कहा गया। गुरुदेव हमेशा कहते थे, वैदिक गणित वह विज्ञान है जिसका व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है और जो भारत के प्राचीन ऋषियों द्वारा दिया गया है। वैदिक गणित 16 सूत्रों के इर्द-गिर्द घूमता है, जैसे एकाधिकेन पूर्वेण (पिछले वाले से एक अधिक) और निखिलं नवतश्चरमं दशत: (सभी 9 से और अंतिम 10 से)। ये विभिन्न गणितीय समस्याओं को कुशलतापूर्वक हल करने के सूत्र के रूप में काम करते हैं।

### वैदिक गणित की मूल प्रति

वैदिक गणित की मूल प्रति नागपुर में रखी गई थी। वैदिक काल के अन्य गणितज्ञों द्वारा कई अन्य पुस्तकें भी लिखी गईं। उनकी अधिकांश रचनाएँ या तो नष्ट कर दी गईं या विदेशियों द्वारा चुरा ली गईं। गणितज्ञों की कई पुस्तकें आज भी संग्रहालयों या पुस्तकालयों में सुरक्षित हैं।

### वैदिक गणित की विशेषताएँ-

1. 16 सूत्र और 13 उपसूत्र पर आधारित है।
2. बड़ी-बड़ी गणनाएँ भी मानसिक रूप से कुछ ही सेकंड में हल की जा सकती हैं।
3. जोड़, घटाव, गुणा, भाग, वर्गमूल, घनमूल, समीकरण हल करने में उपयोगी।

### वैदिक गणित के लाभ

- गणना कौशल में तेजी
- प्रतियोगी परीक्षाओं में उपयोगी
- बच्चों में गणित के प्रति रुचि बढ़ती है
- मानसिक शक्ति और स्मृति का विकास

### वैदिक गणित के मुख्य सूत्र

1. एकाधिकेन पूर्वेण- पूर्व संख्या में एक जोड़कर
2. निखिलम् नवतश्चरमम् दशत:- सभी 9 से और अंतिम 10 से घटाएँ
3. उर्ध्वतिर्यग्भ्याम्- ऊर्ध्व और आड़ा गुणा
4. परावर्त्य योजयेत्- व्युत्क्रम करके जोड़ें
5. शून्यं साम्यसमुच्चये- सम संख्याओं में अंतर शून्य होता है
6. (आनुरूप्येण)- समानुपात में हल
7. संकोचनवियोग्यकरणे- घटाव में संकोचन
8. पूर्वापरालम्भनम्- पूर्व से और पर से लेना
9. यावदूनम्- जितनी कमी हो
10. (व्यष्टिसंष्टिसम)- एकल और समूह का नियम
11. शेषाण्यङ्केन चरणेन- शेष से भाग देना
12. सोपान्त्यद्वयमन्त्यम् - अंतिम दो अंकों से संबंधित
13. एकन्यूनेन पूर्वेण- पूर्व संख्या में एक घटाकर
14. गुणितसमुच्चय: समुच्चयगुणित:- गुणनफल और समुच्चय का नियम
15. (गुणकसमुच्चय:)- गुणन और जोड़ का संबंध
16. (वर्गं व्यवस्तिथम)- व्यवस्थित वर्ग नियम

### वैदिक गणित स्कूल के साथ गणित को आसान बनाना

क्या आप गणित को सरल और तेज़ बनाना चाहते हैं? हितकारिणी महिला महाविद्यालय गणित विभाग स्कूल के छात्रों, शिक्षकों के लिए व्यावहारिक, संरचित पाठ्यक्रम तकनीक प्रदान करता हैं। चाहे आप प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होना चाहते हों, या अपने मानसिक गणित कौशल को निखारना चाहते हों, या रोज़मर्रा की गणनाओं को तेज करना चाहते हों,चरण-दर-चरण मार्गदर्शन और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के साथ, सीखना आसान

# यूनुस ने हादी के मिशन को मंत्र बताया, भारत पर लगाए गंभीर आरोप

ढाका



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत पर दुख जताते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया है। पिछले हफ्ते नकाबपोश हमलावरों ने हादी के सिर में गोली मार दी थी, जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादी के जनाजे में उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए यूनुस ने कहा कि हादी का मिशन अब एक मंत्र बन चुका है जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। यूनुस ने कहा, हम तुम्हें विदा करने नहीं, बल्कि वादा करने आए हैं। जो सपना तुमने देखा था, उसे हम और बांग्लादेश की आने वाली पीढ़ियाँ मिलकर पूरा करेंगे। भारत विरोधी रुख के लिए जाने जाने वाले नेता को याद करते हुए यूनुस ने कहा कि अब बांग्लादेश दुनिया के सामने सिर उठाकर चलेगा और किसी के सामने नहीं झुकेगा। यूनुस के अनुसार, हादी ने चुनाव लड़ने और प्रचार करने का एक नया तरीका सिखाया है जिसे देश कभी नहीं भूलेगा।

### तनाव की वजह क्या है?

32 साल के उस्मान हादी 2024 के छात्र विद्रोह के दौरान चर्चा में आए थे। पिछले शुक्रवार को ढाका में चुनावी अभियान के दौरान उन्हें गोली मार दी गई थी। इस घटना के बाद से ही स्थिति तनावपूर्ण है। पुलिस का कहना है कि हत्या के संदिग्ध भारत भाग गए हैं। इस दावे के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच राजनयिक तकरार बढ़ गई है और दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया है। हादी की मौत के बाद पूरे बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ढाका सहित कई शहरों में प्रदर्शनकारियों ने इमारतों में आग लगा दी, जिससे जान-माल का काफी नुकसान हुआ है।

## वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई विनाशकारी होगी

**ब्राजील।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने वेनेजुएला में किसी भी तरह की सशस्त्र सैन्य दखलअंदाजी को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। राष्ट्रपति ने आगाह किया कि अगर वेनेजुएला के खिलाफ किसी भी तरह का सशस्त्र बल प्रयोग इस पूरे क्षेत्र में घातक साबित होगा। शनिवार को मर्कोसुर और सहयोगी देशों के 67वें शिखर सम्मेलन में बोलते हुए राष्ट्रपति लूला ने अमेरिका की ओर से वेनेजुएला पर बनाए जा रहे सैन्य दबाव पर बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका की धमकियां, नौसैनिक नाकेबंदी और कैरिबियाई देश वेनेजुएला पर सैन्य मौजूदगी बेहद चिंताजनक है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, लूला ने इसे बाहरी क्षेत्रीय शक्ति की सैन्य दखल बताया, जिससे पूरा लैटिन अमेरिका हैरान और परेशान है। लूला दा सिल्वा ने साफ शब्दों में कहा कि दक्षिण अमेरिका के लिए शांति और समृद्धि ही एकमात्र सही रास्ता है।

# कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी, बारिश; चिल्ला-ए-कलां की शुरुआत

श्रीनगर



कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश हुई। कश्मीर में 40 दिन की सबसे कठोर शीत ऋतु की अवधि 'चिल्ला-ए-कलां' की शुरुआत के साथ घाटी के लोगों को लंबे शुष्क दौर के बाद काफी राहत मिली। अधिकारियों ने यहां बताया, उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित गुलमर्ग में बर्फबारी हुई, जहां लगभग दो इंच बर्फ जमा हो गई है। उन्होंने बताया कि श्रीनगर-कारगिल राजमार्ग पर स्थित सोनमर्ग में रविवार सुबह बर्फबारी शुरू हुई, जो आखिरी सूचना मिलने तक जारी थी। नियंत्रण रेखा के पास स्थित तंगधार सेक्टर को मुख्य कश्मीर घाटी से जोड़ने वाले साधना टॉप पर शनिवार रात से अब तक मध्यम बर्फबारी हुई है, जिससे लगभग छह इंच बर्फ जमा हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर और घाटी के अन्य हिस्सों में रातभर हल्की बारिश शुरू हुई जो रुक-रुक कर जारी रही। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे के दौरान घाटी में बर्फबारी और बारिश में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान जताया है।

कश्मीर में हुई बारिश से लंबे समय से जारी शुष्क दौर का अंत हो गया। शुष्क दौर के कारण खासकर बच्चों और बुजुर्गों में खांसी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारियों के मामलों में वृद्धि हो गई थी।

चिल्ला-ए-कलां के पहले दिन हुई बारिश और बर्फबारी को स्थानीय लोग शुभ संकेत मानते हैं और इसे अच्छी बर्फबारी का अग्रदूत माना जाता है। पिछले वर्ष शुष्क सर्दी के कारण स्थानीय निवासियों और पर्यटन से जुड़े लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा था। चिल्ला-ए-कलां (बड़ी ठंड) की अवधि 30 जनवरी को समाप्त होगी। इसके बाद 'चिल्ला-ए-खुर्द' (छोटी ठंड) और 'चिल्ला-ए-बच्चा' (हल्की ठंड) का दौर आएगा।

# सड़क चलते लोगों पर हमलावरों ने बरसाईं गोलियां, साउथ अफ्रीका में अंधाधुंध फायरिंग में 9 की मौत

नई दिल्ली



दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के बाहरी इलाके के एक टाउनशिप में अज्ञात बंदूकधारियों अंधाधुंध फायरिंग की। इस हमले में 9 लोगों की जान गई है। इस घटना में 10 लोगों के घायल होने की खबर है।

दरअसल, शहर से करीब 40 किलोमीटर दूर सोने की खदान वाले इलाके बेकर्सडेल में रात 1.00 बजे से पहले ठीक पहले हमलावरों ने वहां पर मौजूद लोगों पर गोलीबारी की।

शुरुआती जानकारी में पुलिस ने बताया था कि कुल 10 लोगों की मौत हुआ है, लेकिन आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 9 लोगों की जान गई है।

पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा कि दो गाड़ियों में आए हमलावरों ने शराखाने में बैठे लोगों पर गोलियां चलाईं और मौके पर भागते समय भी अंधाधुंध फायरिंग करते रहे।

प्रांतीय पुलिस कमिश्नर मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने एसएबीसी टेलीविजन को बताया कि मरने वालों में एक ऑनलाइन कार-हेलिंग सर्विस का चाल भी शामिल था। वह बार के बाहर था। पुलिस का कहना है कि हमलावरों को पकड़ने की तलाश जारी।

## एक्सप्रेसवे पर पलटा ट्रक, घायल ड्राइवर को छोड़ मछलियां बटोरने लगे लोग

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर एक हैरान कर देने वाली घटना देखने को मिली। तेज रफ्तार से जा रहा एक कैंटर अचानक सड़क पर पलट गया। यह कैंटर मछलियों से भरा हुआ था। हादसे के बाद सड़क पर चारों तरफ मछलियां ही मछलियां बिखर गईं, जिससे एक्सप्रेसवे कुछ समय के लिए मछली बाजार जैसा दिखाई देने लगा। यह घटना थाना चांदीनगर क्षेत्र के सिंगोली गांव के पास हुई। कैंटर के एक टायर के अचानक फट जाने से वाहन का संतुलन बिगड़ गया। चालक ने गाड़ी को संभालने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार होने के कारण कैंटर अनियंत्रित होकर पलट गया। जैसे ही कैंटर पलटा, उसमें लदी सैकड़ों किलो मछलियां सड़क पर फैल गईं।

# ब्रिटेन की कोर्ट ने सुनाया फैसला, भारतीय मूल के तीन लोगों को सजा

नई दिल्ली

ब्रिटेन के डर्बी शहर में 2023 में एक कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान भड़की हिंसा के मामले में तीन भारतीय मूल के व्यक्तियों को जेल की सजा सुनाई गई है। डर्बी पुलिस के अनुसार, बूटा सिंह, दमनजीत सिंह और राजविंदर तखर सिंह को नवंबर में चले मुकदमे में दोषी पाए जाने के बाद 19 दिसंबर को डर्बी क्राउन कोर्ट ने सजा सुनाई। दरअसल, ब्रिटेन के डर्बी में 20 अगस्त 2023 की शाम कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान दो विरोधी गुटों के बीच पहले से योजना बनाकर झड़प हुई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने वीडियो फुटेज हासिल किया जिसमें बूटा सिंह को विरोधी गुट के सदस्यों का पीछा करते हुए देखा जा सकता है।



### हिंसक अव्यवस्था फैलाने का आरोप

पुलिस ने दो दिन बाद उसकी कार रोकी और डिग्गी में दो धारदार हथियार बरामद किए। फुटेज में दमनजीत सिंह और राजविंदर तखर सिंह को भी दंगे के दौरान बड़े चाकू लिए हुए दिखाया गया है। तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर हिंसक अव्यवस्था फैलाने के आरोप में उन पर मुकदमा चलाया गया। नवंबर में डर्बी क्राउन कोर्ट में दोषी पाया गया। बूटा सिंह पर हिंसक अव्यवस्था फैलाने का आरोप है। हिंसक अव्यवस्था और आपत्तिजनक हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार 19 दिसंबर को सजा सुनाए जाने पर बूटा सिंह को चार साल, दमनजीत सिंह को तीन साल और चार महीने तथा राजविंदर तखर सिंह को तीन साल और दस महीने की जेल की सजा सुनाई गई।

### योजना बनाकर की गई हिंसा

वहीं मामले में डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर मैट क्रूम ने कहा कि जो दिन खेल देखने का होना था, वह दिन हिंसा और चोट का दिन बन गया। उन्होंने कहा कि इस घटना और जांच का स्थानीय लोगों और मैच देखने आए दर्शकों पर बड़ा असर पड़ा। पुलिस ने बताया कि यह झगड़ा पहले से योजना बनाकर किया गया था और समूह ब्रंसविक स्ट्रीट, डर्बी में पहले से इकट्ठा हुआ था।

# झारखण्ड में कोयला खदान का एक हिस्सा ढहने से दो मजदूर फंसे

हजारीबाग

झारखंड के हजारीबाग जिले में एक खदान का हिस्सा ट्रक पर गिरने से दो मजदूर फंस गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार रात करीब 11 बजे उरीमारी थाना क्षेत्र के 'सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड' (सीसीएल) के कमांड क्षेत्र में उस समय हुई, जब खदान का एक हिस्सा कोयला ढोने वाले वाहन पर गिर गया। बड़कागांव के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) पवन कुमार ने बताया कि ट्रक में फंसे श्रमिकों की पहचान सुनील यादव (30) और राजू पासवान (50) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया, दोनों श्रमिकों को बचाने के लिए बचाव अभियान जारी है। एक अन्य व्यक्ति को दुर्घटनास्थल से निकाल लिया गया और उसे यहां के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



एसडीपीओ ने बताया कि फंसे श्रमिकों को कोयला श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन, अंधेरा और कोहरे के कारण शनिवार रात नहीं निकाला जा सका। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद खदान में काम करने वाले मजदूरों ने कोयला खनन का काम रोक दिया।

# 850 तबाही मचाने वाले सुपर किलर, दुश्मनों के खिलाफ भारतीय सेना की बड़ी तैयारी

नई दिल्ली



भारतीय सेना समय के साथ खुद को बेहतर बनाने में लगातार जुटी हुई है। हाल ही में दुनिया भर की लड़ाई में देखी गई आधुनिकता को भारत ने सामने से देखा और उससे सीख भी ली। ऑपरेशन सिंदूर से मिले अनुभवों के आधार पर भारतीय सेना अब 850 का कामिकाजे ड्रोन खरीदने की तैयारी में है। जिसके लिए लगभग 2000 करोड़ की डिफेंस प्रोक्योरमेंट डील करने जा रही है भारतीय सेना। जिसके तहत खरीदे ड्रोंस का इस्तेमाल थल सेना, वायु सेना, नौसेना और विशेष बलों को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। भारतीय सेना का यह प्रस्ताव खरीद प्रक्रिया के अंतिम चरण में है। जहां रक्षा सूत्रों के अनुसार इस महीने की आखिरी हफ्ते में होने वाली डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल की उच्च स्तरीय बैठक में इस खरीद को हरी झंडी मिल सकती है।

भारतीय सेना का यह प्रस्ताव अधिग्रहण प्रक्रिया के उन्नत चरण में है। रक्षा सूत्रों ने एएनआई को बताया कि इस महीने के अंतिम सप्ताह में होने वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद की उच्च स्तरीय बैठक में इसे जल्द ही मंजूरी मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना विभिन्न स्रोतों से प्राप्त बड़ी संख्या में ड्रोन का उपयोग करती है और निकट भविष्य में अपनी सभी लड़ाकू सेनाओं को लैस करने के लिए लगभग 30,000 ड्रोन शामिल करने की योजना बना रही है। उन्होंने बताया कि सेना की पैदल सेना बटालियनों में अब एक-एक अश्विनी प्लाटून होगी, जो दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने और आतंकवाद विरोधी अभियानों में उपयोग किए जाने वाले ड्रोन के संचालन के लिए जिम्मेदार होगी।

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिदूर के दौरान पाकिस्तान के भीतर आतंकी मुख्यालयों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में चलाए गए इस ऑपरेशन में, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, भारत ने ऑपरेशन के पहले दिन नौ में से सात आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। बाद में, ड्रोन का इस्तेमाल पाकिस्तानी सेना के खिलाफ भी किया गया, जिसने अपने समर्थित आतंकवादियों के बचाव में जोरदार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि सेना के हमलों में हताहतों की संख्या बहुत अधिक थी और इससे सीमा पर दुश्मन के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा।

# इस्लामी विचारधारा से अमेरिका को खतरा :तुलसी गेबार्ड

वाशिंगटन

अमेरिका में वार्षिक फेस्ट या एमफेस्ट 2025 सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मलेन में अमेरिका की डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस तुलसी गबार्ड ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इस्लाम और इस्लामी विचारधारा को अमेरिकी स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्वतंत्रता और इस्लामवाद में फर्क है, और राजनीतिक इस्लाम, जिसे उन्होंने इस्लामी कट्टरपंथ कहा, अमेरिकी समाज में अपने विचारों को कानून या हिंसा के जरिए थोपने की कोशिश करता है। गैबार्ड ने पैटर्सन और ह्यूस्टन जैसी जगहों का उदाहरण दिया, जहां इस तरह के रुझान देखे जा रहे हैं। तुलसी गैबार्ड ने अपने संबोधन में इस्लामी विचारधारा को बढ़ते खतरे के रूप में सामने रखा। उन्होंने कहा, जब क्रिसमस आ रहा है, जर्मनी में इस्लामी विचारधारा के खतरे के चलते क्रिसमस बाजार रद्द हो रहे हैं। इसके अलावा मिशिगन और मिनयापोलिस जैसे शहरों में मौलवी खुलेआम इस विचारधारा का प्रचार कर रहे हैं और युवाओं को कट्टरपंथी बना रहे हैं। इस साल की शुरुआत में, इस्लामिक संगठनों की बैठक में अमेरिका में शरिया कानून लागू करने की बात हुई थी। ह्यूस्टन में ये पहले से ही लागू हो चुका है और पैटर्सन, न्यू जर्सी को खुद को पहला मुस्लिम शहर मानने पर गर्व है। उन्होंने यह भी कहा कि इस्लामी कानूनों को अमेरिकी समाज पर थोपने की कोशिश की जा रही है, जो उनके अनुसार, देश की स्वतंत्रता और संविधान के खिलाफ है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# अंगूरी भाभी पर कमेंट करना शिल्पा शिंदे को पड़ा भारी



टीवी का सबसे चाहेता शो भाबीजी घर पर हैं दर्शकों के दिलों में अलग ही जगह बनाई है। ये शो साल 2015 में शुरु हुआ था और आज भी लोग इसे शो को काफी पसंद कर रहे हैं। इस शो में अंगूरी भाभी का किरदार भी काफी पसंद किया जाता है। अब भाबी जी घर पर हैं एक नए वर्जन के साथ वापस आ रहा है और इस वर्जन के साथ शिल्पा शिंदे शो में वापसी कर रही हैं। दर्शको के लिए खुशखबरी की बात है कि अंगूरी भाभी बनकर अब शिल्पा शिंदे शो में वापिस आ रही हैं। जब यह शो शुरु हुआ था तब शिल्पा ने शो के निर्माताओं संग मतभेद होने के कारण महज एक साल के अंदर ही छोड़ दिया था। इसके बाद उनकी जगह शुभांगी अत्रे ने ले ली। अब दोबारा शिल्पा शिंदे शो में वापसी करने जा रही हैं। हाल ही में शिल्पा ने शुभांगी को लेकर कुछ ऐसा बयान दिया, जिसे सुनने के बाद अब सौरभ जैन ने उनको लताड़ दिया।

शिल्पा शिंदे का बयान वयारल होने बाद लोगों ने सोशल मीडिया पर काफी नाराजगी जताई है। इस बीच, टीवी के श्रीकृष्ण यानी सौरभ जैन भी उन पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। सौरभ ने अपनी इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शुभांगी का सपोर्ट किया है और शिल्पा को लताड़ लगाई। सौरभ ने एक औरत होते हुए दूसरी औरत की आलोचना करने पर शिल्पा को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। लेकिन, सौरभ ने अपनी पोस्ट पर किसी का नाम नहीं लिया है, हालांकि उनका इशारा शिल्पा की ओर है।

सौरभ राज जैन ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लिखा, जिस एक्ट्रेस को रिप्लेस किया गया, उसने करीब 10 साल तक दर्शकों का मनोरंजन किया। उसे हर समय प्यार मिला और पता नहीं क्यों, जब पहली एक्ट्रेस उसी किरदार में वापस आईं जिसे 10 साल पहले उसने न जाने किन कारणों से छोड़ दिया था, मीडिया से कहती है कि रिप्लेस की गई एक्ट्रेस उनकी जितनी स्टार नहीं है। उनमें कॉमिक टाइमिंग की कमी है। नहीं मैम। वो आप हैं, जिनमें बुनियादी शिष्टाचार की कमी है। अगर आप समझ गए तो समझ जाइए।



## कार हादसे में मामूली रूप से घायल हुईं नोरा फतेही

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही शुक्रवार दोपहर यहां उपनगरीय अंबोली के लिंक रोड पर एक कार दुर्घटना में मामूली रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने इस सिलसिले में विनय सकपाल (27) नाम के युवक को गिरफ्तार किया है, जिसकी कार ने उस वाहन को कथित तौर पर टक्कर मारी थी, जिसमें अभिनेत्री सवार थीं।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि संदेह है कि विनय शराब के नशे में था। नोरा सनबर्न संगीत समारोह में एक प्रस्तुति देने के लिए जा रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। सूत्रों के अनुसार, मेडिकल जांच के बाद, उन्होंने दक्षिण मुंबई में आयोजित समारोह में भाग लिया।

# करवाचौथ पर प्रियंका चोपड़ा को चांद दिखाने बादलों के ऊपर ले गए थे निक जोनस



द ग्रेट इंडियन कपिल शो का चौथा सीजन नेटफ्लिक्स पर शुरु हो चुका है। शो में बतौर पहली गेस्ट प्रियंका चोपड़ा आई हैं। शनिवार 20 दिसंबर को शो का पहला एपिसोड स्ट्रीम हो चुका है नेटफ्लिक्स पर, इस दौरान प्रियंका चोपड़ा का सेट से वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में प्रियंका चोपड़ा कपिल शर्मा से अपनी और निक जोनस से जुड़ा हुए एक रोमांटिक करवाचौथ का किस्सा सुना रही हैं। वायरल वीडियो में प्रियंका चोपड़ा कहती हैं कि उनके पति निक जोनस को करवाचौथ बहुत पसंद है। उनका फेवरेट हॉलीडे है वो। प्रियंका ने कहा कि उन लोगों ने बहुत अजीब-अजीब जगह पर चांद को ढूंढने की कोशि की है। प्रियंका चोपड़ा ने बताया, एक बार वो दोनों किसी स्टेडियम थे। स्टेडियम में शो हो रहा था। बादल छा गए थे, बारिश आनेवाली थी....और 60-70 हजार लोग, वो शो कर रहे हैं। 10 बज गए, 11 बज गए... ये बहुत रोमांटिक चीज है.... वो मुझे अपने प्लेन में बिठाकर ऊपर ले गए और वहां पर मैंने व्रत खोला। इसके बाद कपिल शर्मा ने प्रियंका से शरारती अंदाज में पूछा कि हवा में सिर्फ व्रत ही खोला। इस पर प्रियंका भी मजाकिया अंदाज में जवाब देती हैं- मिठाई भी खाई। अर्चना पूरन सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू , कपिल और प्रियंका की बातों पर ठहाके लगाकर हसंते नजर आए।

# ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार हुए अभिनेता गजेंद्र चौहान



महाभारत टीवी सीरियल में युधिष्ठिर की भूमिका निभाने वाले मशहूर अभिनेता गजेंद्र चौहान से साइबर जालसाजों ने लगभग एक लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से उनका पैसा वापस मिल गया।ओशिवारा थाने के अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने धोखाधड़ी से जब्त की गई राशि को 'फ्रीज' कराकर उसे अभिनेता के खाते में सफलतापूर्वक वापस अंतरित करवा दिया। उन्होंने बताया कि चौहान ने हाल में थाने पहुंचकर पुलिसकर्मियों को उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए धन्यवाद दिया। अधिकारी ने बताया कि कुछ दिन पहले चौहान को फेसबुक पर सूखे मेवों पर छूट का विज्ञापन दिखा। अभिनेता ने ऑर्डर देने के लिए लिंक पर क्लिक किया, जिसके बाद उन्हें अपने मोबाइल फोन पर एक ओटीपी प्राप्त हुआ। अधिकारी का कहना है कि जैसे ही चौहान ने 'ऑर्डर' की पुष्टि के लिए 'ओटीपी' दर्ज किया, उन्हें एक संदेश मिला जिसमें बताया गया था कि उनके बैंक खाते से 98,000 रुपये काट लिए गए हैं। धोखाधड़ी का शिकार होने का एहसास होने पर अभिनेता तुरंत ओशिवारा थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अभिनेता के बैंक स्टेटमेंट की जांच की और पता लगाया कि पैसा किस खाते में भेजा गया था। पुलिस ने तुरंत संबंधित बैंकों के नोडल अधिकारियों से संपर्क किया और लेन-देन को रोक दिया। उन्होंने बताया कि बाद में वह पैसा अभिनेता के खाते में वापस भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के द्वितीय चरण के तहत संयुक्त संचालक जबलपुर संभाग डॉ. मिश्रा ने

# गोटेगांव विकासखंड का किया निरीक्षण

### जिले में 19 दिसम्बर तक 3 हजार 681 पशुपालकों के घर जाकर किया सम्पर्क

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।



पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेश सहित जिले में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा है। पशु पालन विभाग नरसिंहपुर द्वारा पशुपालकों के घर जाकर उनसे संवाद कर पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

इसी क्रम में संयुक्त संचालक जबलपुर संभाग डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने जिले के गोटेगांव विकासखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पशुपालकों के घर जाकर सीधा संवाद किया। उन्होंने दी जा रही सुविधाओं का फीडबैक लिया और अभियान की जानकारी ली। उन्हें अवगत कराया गया कि विकासखंड गोटेगांव में 19 दिसम्बर तक 798 पशुपालकों से सम्पर्क स्थापित किया जा चुका है। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एसके ब्रजपुरिया ने बताया कि जिले में 19 दिसंबर 2025 तक 3 हजार 681 पशुपालकों के घर जाकर विभाग के मैत्री (स्नुन्नक्ष्ठ) और एव्हीपीओ- सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी ने भेंट किया। इस दौरान पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

अभियान के अंतर्गत गोटेगांव में 798 पशुपालकों, नरसिंहपुर में 786 पशुपालकों, चांवरपाठा में 596 पशुपालकों, करेली में 573 पशुपालकों, चीचली में 568 पशुपालकों और साईखेड़ा में 360 पशुपालकों से घर जाकर सम्पर्क स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में दुग्ध संवर्धन संपर्क अभियान- 2 सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत अब तक जिले के 436 ग्रामों में व्यापक स्तर पर पशुपालकों से संपर्क किया गया है।

अभियान के दौरान विभागीय टीम द्वारा पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए नस्ल सुधार के तहत बेहतर दुग्ध क्षमता वाले पशुओं के लिए वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी, पशु पोषण के तहत संतुलित आहार और पोषण प्रबंधन के महत्व पर चर्चा और पशु स्वास्थ्य के तहत बीमारियों से बचाव और टीकाकरण के प्रति जागरूकता किया जा रहा है।

# प्रबंधक संचालक डॉ. सत्यनिधि शुक्ला ने किया जिले के ग्रामों का निरीक्षण

### जिले के ग्राम हीरापुर व कठई में पशुपालकों से किया संवाद

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप राज्य शासन के निर्देशानुसार पशु पालन एवं डेयरी विभाग विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और पशुपालकों की आय को दोगुनी करने के उद्देश्य से दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम भोपाल के प्रबंधक संचालक डॉ. सत्यनिधि शुक्ला ने जिले के ग्रामों का भ्रमण किया। राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम भोपाल के प्रबंधक संचालक डॉ. सत्यनिधि शुक्ला ने ग्राम हीरापुर और कठई में पशुपालकों के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने पशुपालकों को पशु पोषण, नस्ल सुधार और पशु स्वास्थ्य प्रबंधन की बारीकियों की जानकारी दी। प्रबंध संचालक ने विभाग द्वारा पोर्टल पर दर्ज की गई प्रविष्टियों- डाटा का मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन भी किया। विभागीय योजनाओं और अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी क्रम में ग्राम कठई में राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम भोपाल के प्रबंधक संचालक डॉ. शुक्ला ने डेयरी प्लस योजना के क्रियान्वयन का जायजा लिया। उन्होंने योजना के हितग्राही श्री राघवेंद्र ठाकुर से चर्चा कर उनसे इस योजना के माध्यम से उनके जीवन स्तर और दुग्ध उत्पादन आय सकारात्मक परिवर्तन के बारे में जाना। इसी तारतम्य में उन्होंने गाडरवारा में ब्रीडर एसोसिएशन के संभावित सदस्यों से ब्रीडर एसोसियेशन संबधी चर्चा की। डॉ. शुक्ला ने जिले में संचालित बकरी प्रक्षेत्र उमरिया पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं देखी। उन्होंने प्रक्षेत्र के आगामी विस्तार, प्रस्तावित सुधार और अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रबंधक डॉ. बीके मुड़िया ने प्रक्षेत्र के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान उप संचालक डॉ. सुनील ब्रजपुरिया, डॉ. प्रवीण पटेल, डॉ. एमपी तिवारी, डॉ. पूनम दोहरे, डॉ. कुशराम, डॉ. आनंद जैन, श्री लक्ष्मण कौरव, श्री पीयूष साहू आदि मौजूद थे।

### सीईओ ने विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण किया

**नरसिंहपुर।** जिले में पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को गति देने के लिए चलाए जा रहे दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान (द्वितीय चरण) के तहत सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने करेली विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण कर अभियान के तहत की जा रही गतिविधियों का अवलोकन किया।



# भारतीय रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन एवं जनरल सेकेट्री का नरसिंहपुर हुआ आगमन

### वृद्धाश्रम बरमान में वृद्धजनों को वितरित किए किट व वस्त्र

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मध्यप्रदेश भारतीय रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन रिटायर्ड आईएएस डॉ. श्याम कुमरे और जनरल सेकेट्री श्री रामेन्द्र सिंह गुरैया का शुक्रवार को नरसिंहपुर जिले में आगमन हुआ। उन्होंने वृद्धाश्रम बरमान पहुंचकर वृद्धजनों से मुलाकात की और उन्हें दैनिक उपयोगी किट, वस्त्र आदि वितरित किए। इसके पश्चात रेडक्रास सोसायटी नरसिंहपुर कार्यालय पहुंचकर उन्होंने समिति के सदस्यों से चर्चा कर कुष्ठ रोगियों को पोषण आहार किट का वितरण किया। साथ ही रेडक्रास संरक्षक सदस्य श्री संतोष अवधिया एवं श्री चंद्रशेखर साहू का सम्मान किया। इसके साथ ही उन्होंने रेडक्रास भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने रेडक्रास भवन, वृद्धाश्रम में क्या- क्या सुधार कार्य और व्यवस्थाएं की जा सकती हैं, इस पर निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने झौंतेश्वर वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां की व्यवस्थाएं देखी और आवश्यक जानकारी ली। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी नरसिंहपुर के चेयरमेन डॉ. अनंत दुबे, श्री प्रमेश शंकर शर्मा, श्रीमती सुनंद भट्ट, श्री सुनील कोठारी, श्री लाल साहब जाट, श्री अजितेन्द्र नारोलिया, श्रीमती निशा सोनी, श्रीमती सुमन शर्मा, श्री एसके चतुर्वेदी और रेडक्रास सोसायटी के सदस्य मौजूद थे।

# जल संचय अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से लगातार किया जा रहा बोरी बंधान का कार्य

### ग्राम ढाना की ऊमर नदी में 180, ग्राम तिंसरा के समीपी नदी में 65 और कोदरासखुर्द घोघरा की माछा नदी में 88 बोरियों का हुआ बंधान

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।




जिले में जल संचय अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में विभिन्न ग्रामों की नदियों, झरनों व नालों में बोरी बंधान का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम ढाना की ऊमर नदी में 180, ग्राम तिंसरा के समीपी नदी में 65 और कोदरासखुर्द घोघरा की माछा नदी में 88 बोरियों का बंधान किया गया। यह कार्य मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में परिषद से जुड़ी समिति, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों, परामर्शदाताओं सहित नागरिकों की सहभागिता से किया जा रहा है। विकासखंड चीचली में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के तत्वाधान में ग्राम ढाना की ऊमर नदी में निकट 180 बोरियों का बंधान बनाया गया। इस कार्य में परिषद की विकासखण्ड समन्वयक सुश्री स्मिता दांडे, नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया के अध्यक्ष श्री रामकृष्ण राजपूत, सचिव, नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भमका, पाठ्यक्रम के परामर्शदाता सहित अन्य नागरिक मौजूद थे। इसी तरह विकासखण्ड करेली के अंतर्गत नवांकुर संस्था महाराणा प्रताप नव अंकुर समिति बम्हौरी के तत्वाधान में ग्राम पंचायत तिंसरा के समीप नदी में 65 बोरियों का बंधान बनाया गया। इस दौरान विकासखंड समन्वयक श्रीमती माधवी पाठक, नवांकुर संस्था महाराणा प्रताप नव अंकुर समिति बम्हौरी से संस्था समन्वयक श्री अनिल कुमार राजपूत, सचिव, सरपंच, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता सहित ग्रामीणजन मौजूद थे। जिले के ग्राम कोदरासखुर्द घोघरा में माछा नदी में गोरखपुर सेक्टर पर चयनित नवांकुर संस्था सतपुड़ा जन कल्याण समिति कोदरासकला के तत्वाधान में 88 बोरियों का बंधान बनाया गया।

इस कार्य में जिला समन्वयक श्री जयनारायण शर्मा, सतपुड़ा जन कल्याण समिति कोदरासकला के अध्यक्ष श्री गंगा राम डेहरिया, सचिव सहित समिति के सदस्य मौजूद थे। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने बताया कि जिले में जल संचय अभियान 15 नम्बर से 31 दिसंबर 2025 तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नदियों, झरनों आदि में बोरी बंधान करने का कार्य किया जा रहा है, बहते जल को संग्रहण करके उसका सदुपयोग हो सके।

## जल संचय अभियान के तहत ग्राम कल्याणपुर के पास बारूरेवा नदी में 74 और मानेगांव की बाणगंगा नदी में 81 बोरियों का हुआ बंधान

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में जल संचय अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से बोरी बंधान का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम कल्याणपुर के पास बारूरेवा नदी में 74 और ग्राम मानेगांव की बाणगंगा नदी में 81 बोरियों का बंधान कर जल संरक्षण व संवर्धन का कार्य किया गया। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर श्री जयनारायण शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान नवांकुर संस्था जय ज्वाला शिक्षा प्रचार प्रसार समिति नरसिंहपुर के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कल्याणपुर के सहयोग से ग्राम कल्याणपुर के पास बरूरेवा नदी में 74 बोरियों का बंधन जन सहभागिता के साथ किया गया। इसी तरह नवांकुर संस्था प्राणी मित्र समिति के तत्वाधान में ग्राम पंचायत मानेगांव की बाणगंगा नदी में विकासखंड समन्वयक गोटेगांव श्री प्रतीक दुबे के मार्गदर्शन में 81 बोरियों का बंधान किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि यह अभियान जिले में 31 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। जल के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में जन सहभागिता के साथ-साथ परिषद की नवांकुर संस्थायों, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थियों व परामर्शदाता इस कार्य में अपनी सहभागिता दे रहे हैं।

## पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों का 21वीं सदी के कौशल एवं सिटीजन स्किल आधारित त्रिदिवसीय कौशल उन्नयन प्रशिक्षण सम्पन्न

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।



प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के अंतर्गत शिक्षकों में आधुनिक शिक्षण तकनीकों, समावेशी एवं समग्र दृष्टिकोण, कौशल व प्रतिभा पहचान, तकनीकी एकीकरण, तथा उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण को बढ़ावा देकर था, विद्यालयों को वास्तविक रूप में मॉडल स्कूलों के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में जिले के चिन्हित पी एम श्री विद्यालयों के 85 शिक्षकों के लिए 21वीं सदी के कौशल एवं सिटीजन स्किल पर आधारित त्रिदिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक डाइट नरसिंहपुर में सम्पन्न हुआ। डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव के नेतृत्व तथा प्रशिक्षण प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता गोविंद बड़कुर के कुशल प्रबंधन में 6 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन पी.टी. अभ्यास , समूह-कार्य, कार्यशालाएँ, संवाद सत्र एवं अभिनव शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं एवं मास्टर ट्रेनर्स ललित दुबे, बलिराम अहिरवार, दीपक ठाकुर, एवं श्रीमती अर्चना कहार द्वारा विभिन्न विषयों पर विषयानुरूप, सक्रिय एवं व्यवहारिक सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।डाइट प्राचार्य श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षणों का मूल उद्देश्य शिक्षकों को सशक्त, सक्षम और नवोन्मेषी बनाना है, जिससे वे विद्यार्थियों को सकारात्मकता, कौशल और ज्ञान से परिपूर्ण कर सकें।

प्रशिक्षु शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण को अपने व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए आश्वासन दिया कि प्राप्त ज्ञान व कौशल का अधिकतम उपयोग कर वे विद्यार्थियों को लाभान्वित करेंगे।प्रशिक्षण के दौरान डाइट स्टाफ से व्याख्याता संजय शर्मा, एल.एस. उप्रे?लिया, आनन्द शर्मा, प्रहलाद पटेल, अरुण दीक्षित ने सक्रिय सहभागिता की गइ।



## डांस प्रतियोगिता में आरोन बने विजेता

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

विगत दिवस जबलपुर में जोश उत्सव संस्था द्वारा गोलबाजार स्थित सेठ गोविन्द दासआडिटोरियम में एक प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें डांस कैटेगरी में नगर के आरोन रियान कुमार विजेता रहे उन्हें जोश उत्सव संस्था द्वारा दस हजार रुपये नगद व ट्राफी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । नगर का गौरव बढ़ाने वाले आरोन रियान कुमार वीजसेन वार्ड निवासी स्वप्निल राजकुमार के सुपुत्र एवं संजय राजकुमार पप्पू भैया के पोते हैं । डांस वर्ल्ड क्लास के रोनित राजपूत सहित उनके सभी शुभचिंतकों ने अपनी बधाइयां दी है ।

# शक्ति शुगर मिल हादसा, गंभीर रूप से घायल मजदूरों को मुआवजा व इलाज की मांग

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

गाडरवारा तहसील अंतर्गत ग्राम कोंडिया स्थित शक्ति शुगर मिल में 20 दिसंबर 2025 को कार्य के दौरान हुए भीषण औद्योगिक हादसे में चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा गन्ने के जूस की पाइपलाइन फटने से हुआ, जिसमें मजदूर बुरी तरह झुलस गए।

घटना में गंभीर रूप से घायल दो मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि अन्य मजदूरों का इलाज जिला अस्पताल नरसिंहपुर में जारी है। हादसे के बाद मजदूरों और उनके परिजनों में भय व आक्रोश का माहौल है।

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता पवन पटेल ने इस मामले को गंभीर बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल सहित संबंधित विभागों को ईमेल के माध्यम से शिकायत पत्र भेजा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मिल प्रबंधन द्वारा श्रम कानूनों की अनदेखी की गई और मजदूरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए।

शिकायत में मांग की गई है कि गंभीर रूप से घायल मजदूरों को मिल प्रबंधन के खर्च पर समुचित व निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाए तथा उन्हें तत्काल उचित आर्थिक मुआवजा दिया जाए, जिससे उनके परिवारों को राहत मिल सके। साथ ही दोषी मिल प्रबंधन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने यह भी मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सभी शुगर मिलों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

मजदूर संगठनों ने प्रशासन से इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# जनशिक्षा केंद्रों मे पहली दूसरी के शिक्षकों का शैक्षिक संवाद आयोजित

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।




राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में प्रतिमाह शनिवार को होने वाले शैक्षिक संवाद का आयोजन चीचली तथा साईखेड़ा विकासखंड के सभी जन शिक्षा केन्द्रों में हुआ। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के शैक्षिक संवाद को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या, जन शिक्षा केंद्र प्राचार्य भूपेश ठाकुर तथा हाई स्कूल गांगई प्राचार्य वीरेंद्र राजपूत ने शैक्षिक संवाद के प्राथमिक विभाग के विषय एफएलएन कक्षाओं में मिशन अंकुर के अंतर्गत प्राप्त शिक्षण सामग्री के उपयोग, स्वतंत्र रचनात्मक लेखन, कक्षा प्रबंधन रणनीति, बहु स्तरीय अधिगम स्तर के विकास पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि शैक्षिक संवाद से शिक्षकों में नेतृत्व गुणों में निखार एवं विषयगत कठिनाइयों का समाधान प्राप्त होता है। शैक्षिक संवाद में प्राप्त तकनीक का उपयोग शिक्षण कक्ष में परिलक्षित हो सभी शिक्षक ऐसा प्रयास करें। शैक्षिक संवाद केवल पुस्तकों में लिखे ज्ञान को ग्रहण करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विचारों के आदानङ्कप्रदान, अनुभवों की साझेदारी और जिज्ञासा के सतत प्रवाह से विकसित होती है। इसी प्रक्रिया का मूल आधार शैक्षिक संवाद है। शैक्षिक संवाद शिक्षक और विद्यार्थी के बीच, तथा विद्यार्थियों के आपसी संबंधों में विचारों की वह सेतु-भूमि है, जो शिक्षा को जीवंत और प्रभावी बनाती है। शैक्षिक संवाद के प्रभारी सत्यम ताम्रकार तथा सहजकर्ता मन्नालाल पटले, गिरीश ताम्रकार, दीपक मेहरा द्वारा पिछले संवाद के पोस्ट वर्क, प्रतिभागियों की अपेक्षाएं, संवाद के उद्देश्य एवं डिजाइन, शिक्षक संदर्शीका के उपयोग पर चर्चा, कक्षा प्रबंधन, सक्रिय सहभागिता, पोस्ट वर्क तथा फीडबैक पर विस्तृत चर्चा की गई।

उल्लेखनीय है कि विकासखंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय चीचली, कठौतिया, सूखाखैरी, तेंदूखेड़ा, करपगांव, शाहपुर, सालेचौका, बारहाबड़ा, कठौतिया तथा साईखेड़ा विकासखंड के कन्या नवीन, आमगांवछोटा, आदर्श, बम्होरीकला, पलोहाबड़ा, बनवारी, जन शिक्षा केंद्र में शैक्षिक संवाद का आयोजन डाइट नरसिंहपुर से प्रशिक्षित जनशिक्षकों तथा सहजकर्ताओं द्वारा किया गया जिसकी मॉनिटरिंग अधिकारियो द्वारा की गई।

# अवैध खनिज परिवहन पर आधा दर्जन वाहन जब्त

## अवैध रेत खनन पर टास्क फोर्स की ताड़बतोड़ कार्यवाही जारी

कटनी (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले भर में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर कार्यवाहियां की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को खनिज और पुलिस विभाग द्वारा रेत खनन की सूचना मिलने पर तहसील ढीमरखेड़ा में कड़ी कार्यवाही की गई। जिसमे ग्राम सगमा, दशरमन के पास से चार ट्रेक्टर जब्त किए गए। सभी में कार्यवाही कर सुरक्षित पुलिस चौकी सिलोंडी में खड़ा कराया गया। इसके अलावा दो वाहन मार्बल



खंण्डा और मार्बल ब्लॉक का ईटीपी से अतिरिक्त मात्रा का परिवहन करते हुए जब्त किया गया। जिन्हें स्लीमनाबाद पुलिस थाने में सुरक्षार्थ सौंपा गया है। टास्क फोर्स की संयुक्त कार्यवाही में उप संचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, खनिज निरीक्षक कमलकांत परस्ते, सिपाही ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस थाना प्रभारी अभिषेक चौबे की सराहनीय भूमिका रही। टास्क फोर्स द्वारा आगामी समय में जिले कि अन्य तहसीलों में भी ज्वॉइंट ऑपरेशन जारी रखा जाएगा।

## दतला नदी में अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत दतला नदी घाटों में लंबे समय से चल रहे अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। माइनिंग विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश देकर अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टरों को पकड़कर ज़प्त किय और सिलौड़ी चौकी में सुरक्षार्थ रखा गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के विभिन्न नदी घाटों से लंबे समय से अवैध रूप से रेत निकासी की जा रही थी। जिससे शासन को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा था। लगातार शिकायतों के बाद यह मामला कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा तक पहुंचा, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर संयुक्त कार्रवाई की योजना बनाई गई। ढीमरखेडा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि पुलिस द्वारा अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ लगातार दबिश दी जा रही थी, लेकिन पुलिस की भनक लगते ही माफिया मौके से फरार हो जाते थे। बुधवार को माइनिंग इंस्पेक्टर कमलेश परस्ते, पवन कुशवाह के नेतृत्व में माइनिंग विभाग की टीम के साथ टीआई ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व वाले पुलिस बल ने दतला नदी घाट में अचानक दबिश दी। कार्रवाई के दौरान दतला घाट, बम्होरी गांव के पास अवैध रूप से रेत उत्खनन करते हुए चार ट्रैक्टर पकड़े गए, जिन्हें सिलौड़ी चौकी में लाकर जब्त किया गया।



पुलिस और माइनिंग विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई को लेकर आमजन में संतोष देखा जा रहा है। वहीं अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा और किसी भी स्थिति में माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा।

# गांजा तस्करी करते दो गिरफ्तार ढीमरखेडा पुलिस की कार्रवाई

कटनी (स्वतंत्रमत)

थाना प्रभारी ढीमरखेडा निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में ढीमरखेडा पुलिस टीम द्वारा सफलता प्राप्त की है। प्रथम प्रकरण में ग्राम झिन्नापिपरिया चंढी माता मंदिर के पास एक व्यक्ति मोटर सायकिल होण्डा कंपनी की सीडी 100 सफेद काले रंग की जिसकी पैटोल टंकी पर सफेद प्लास्टिक की बोरी रखे हुये था झिन्नापिपरिया तरफ से आ रहा था जो पुलिस को देखरकर घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा जिसे हमराह स्टाफ घेराबंदी कर पकडा जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम बृजभान पिता अमर सिंह परस्ते उम्र 25 साल निवासी मखडार थाना कुंडम जिला जबलपुर का होना बताया जिसकी मोटर सायकिल से 01 सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में कुल 2 किलो 400 ग्राम




मादक पदार्थ गांजा एवं एक मोटर सायकिल जप्त कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इसी तरह दूसरे प्रकरण में ढीमरखेडा पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते हुयें ग्राम खमतरा बिचुआ मोड मेनरोड एक व्यक्ति एक काले रंग का बैग हाथ में लिये खड़ा था जो पुलिस को देख घबराकर भागने की कोशिश करने लगा जिसे हमराह स्टाफ घेराबंदी कर पकडा जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम पंचम पिता अमर सिंह उम्र 46 साल निवासी ग्राम जामूनचुआ थाना ढीमरखेडा का होना बताया हाथ में लिये काले रंग के बैग में कुल 3 किलो 100 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। तथा आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# स्वसहायता समूह की महिलाओं को डेयरी एवं जैविक कृषि फार्म का अवलोकन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में स्व सहायतासमूह की 35 महिलाओं को प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता द्वारा कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिलवाया गया। महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार



स्थापित करने के लिए श्याम श्री गौसंरक्षण गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म तेवरीका भ्रमण कराया गया। जहां जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा केंचुआ निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा निर्माण विधि बर्मी वाश के निर्माण एवं फसलों में उपयोग का अवलोकन कराया गया।

# कड़ाके की ठंड को देखते हुए समाजसेवियों ने बढ़ाया हाथ

## सार्वजनिक स्थलों पर जलवाए अलाव

कटनी (स्वतंत्रमत)

उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण पूरे प्रदेश सहित कटनी जिले में भी कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। जिले का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुँच जाने के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस कड़ाके की ठंड में आम जनमानस और मुसाफिरों को राहत देने के लिए समाज सेवा विकास संस्था की टीम एक बार फिर आगे आई है। शनिवार को संस्था के सदस्यों ने बड़वारा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कराई। इन प्रमुख स्थानों पर हुई व्यवस्था राहगीरों और मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संस्था ने योजनाबद्ध तरीके से लकड़ियों का इंतजाम किया। समाजसेवियों ने मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य



केंद्र यहाँ रात के समय आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को ठंड से बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में ठिठुरते हुए यात्रियों के लिए यह अलाव किसी वरदान से कम साबित नहीं होगो। बड़वारा थाना परिसर व लोक सेवा केंद्र में अपने कार्यों से आने वाले ग्रामीणों को ठंड से बचने का सहारा मिलेगा रूपोंद रोड़ बास्टेण्ड में आवागमन करने वाले राहगीरों के लिए भी अलग-अलग पॉइंट पर लकड़ियों का ढेर रखकर अलाव जलाए संस्था की ओर से समाजसेवी पूजा सिंह ने बताया कि समाज सेवा विकास संस्था का मुख्य उद्देश्य ही जनसेवा है। उन्होंने कहा, पारा गिरने के कारण लोग ठिठुरने को मजबूर हैं। हमारी टीम ने पूर्व में भी अलाव की व्यवस्था की थी और वर्तमान स्थितियों को देखते हुए आज पुनः अस्पताल, रेलवे स्टेशन, थाना परिसर और बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में अलाव जलाए गए हैं। आने वाले दिनों में यदि ठंड और बढ़ती है, तो संस्था इस अभियान को और विस्तार देगी। अस्पताल और स्टेशन पर मौजूद लोगों ने समाजसेवियों की इस पहल की सराहना की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन के साथ-साथ जब सामाजिक संस्थाएं इस तरह की जिम्मेदारी उठाती हैं, तो बेसहारा और राहगीरों को विषम परिस्थितियों में संबल मिलता है। अलाव जलने से न केवल ठंड से राहत मिली, बल्कि देर शाम बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर सन्नाटे के बीच लोग अलाव के इर्द-गिर्द राहत महसूस करते नजर आए।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के मामले में कटनी टॉप 5 जिलों में शामिल

## पुलिस, जिला पंचायत और नगर निगम ने भी हासिल किया ए-ग्रेड

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिला सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में कटनी टॉप 5 जिलों में शामिल है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी जिले ने प्रथम समूह के 28 जिलों में चतुर्थ स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा शनिवार को प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर समीक्षा कर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 83.87 वेटेज स्कोर के साथ ए-ग्रेड हासिल कर चौथा स्थान अर्जित किया है। कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में चौथे स्थान पर है। कलेक्टर ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बीते नवंबर माह में प्राप्त कुल 7 हजार 406 शिकायतों में से 83.87 वेटेज स्कोर के साथ जिले ने ए-ग्रेड हासिल कर 50.35 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण



निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि सीएम हेल्पलाइन की निरंतर समीक्षा के परिणामस्वरूप कटनी जिला पिछले 17 माहों से लगातार प्रदेश के 5 अग्रणी जिलों में शामिल है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर ने जिला प्रशासन के अमले को शाबाशी देते हुए भविष्य में भी इसी जोश और जज्बे के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें सहूलियत दी जाए। शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण से आमजन का प्रशासन पर भरोसा बढ़ता है।

### पुलिस, नगर निगम और जिला पंचायत ने भी हासिल किया ए-ग्रेड

कलेक्टर के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के पुलिस विभाग को आठवां स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने नवंबर माह में 836 शिकायतों में से 53.47 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए-ग्रेड हासिल किया। जबकि सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिला पंचायत को सातवां स्थान मिला है। जिला पंचायत अपने समूह में 88.23 वेटेज स्कोर के साथ ए-ग्रेड में तथा नगर निगम द्वारा छठवां स्थान पर रहकर नवंबर माह में प्राप्त 512 शिकायतों का 94.2 वेटेज स्कोर के साथ ए-ग्रेड हासिल किया है। कलेक्टर ने इन सभी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगनशीलता की सराहना की है।

# कार्यालय अधीक्षण अभियंता कटनी वृत में समीक्षा बैठक



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 20 दिसम्बर को मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र के द्वारा कार्यालय अधीक्षण अभियंता कटनी वृत में समीक्षा बैठक ली गयी, मुख्य अभियंता के द्वारा समीक्षा बैठक में सभी संभागों के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवम कनिष्ठ अभियंताओ की बैठक ली गयी, मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र एस के गिरिया के द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायत को त्वरित संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने एवम कृषि फीडरों पर बिना व्यावधान निर्बाध 10 घंटे नियमानुसार विद्युत आपूर्ति हेतु निर्देशित किया गया है, खराब ट्रांसफॉर्मर को तत्काल स्टोर लौटने एवम बदलने योग्य पात्र ट्रांसफॉर्मर को तत्काल बदलने हेतु निर्देशित किया गया, मुख्य अभियंता द्वारा मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित समाधन योजना में पात्र उपभोक्ताओं को लाभान्वित उपभोक्ताओं की समीक्षा की गयी एवं कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे आगामी माहो में कम से कम 30 प्रतिशत उपभोक्ताओं के पंजीकरण करने एवं लाभान्वित उपभोक्ताओं की संख्या में बढ़ोत्तरी करने हेतु निर्देशित किया गया। राजस्व संग्रह एटी और सी हानि, बिलिंग दक्षता, राजस्व संग्रहण दक्षता पर कंपनी द्वारा प्रदान लिए गए लक्ष्य के अनुरूप कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, कृषि कनेक्शनों पर सतत जांच करते हुए पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक स्थाई कनेक्शन जारी करने एवम 25 प्रतिशत राजस्व संग्रहण हेतु निर्देशित किया गया है। मुख्य अभियंता के द्वारा आरडीएसएस योजना के अंतर्गत समस्त कार्यो के प्रगति की समीक्षा की गयी, यूनिवर्सल कंपनी के द्वारा कटनी वृत में 5 उपकेन्द्र के निर्माण हो चुके है एवं शेष बचे खिरहनी उपकेंद्र पर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया आरडीएसएस योजना के अंतर्गत स्वीकृत अन्य पैकेजों पर वृस्तृत समीक्षा कर जल्द से जल्द शासन एवम कम्पनी की मंसा अनुसार पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है, साथ ही कार्ययोजना वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कार्यो को माह मार्च-26 तक योजना बद्ध तरीके से समय सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गए है। मुख्य अभियंता के द्वारा कटनी भ्रमण के दौरान विभिन कर्मचारी संगठनों मध्य प्रदेश तानिकी कर्मचारी संघ, पेंशनर एशोसिएशन एवं अन्य संघटनो के सदस्यों से भेंट की गयी उनकी समस्या को जाना एवं यथोचित निराकारण हेतु आश्वश्त किया।

# जनसंतुष्टि पर आधारित थानों की रैंकिंग जारी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जनसेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार एवं पुलिसिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा की अभिनव पहल के अंतर्गत माह नवंबर 2025 हेतु जिले के समस्त थानों की जनसंतुष्टि आधारित रैंकिंग जारी की गई है। आगंतुकों से व्यवहार एवं संवाद का स्तर, समस्याओं की गंभीरता से सुनवाई, समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई, थाना परिसर की साफ-सफाई एवं अनुशासन, फीडबैक की सत्यता हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा क्रॉस कॉलिंग, माह नवंबर 2025 के शीर्ष 3 रैंकिंग वाले थाने थाना बडवारा-आगंतुक-96, फीडबैक- 61, संतुष्टि- 92.5 प्रतिशत, थाना विजयराघवगढ़-आगंतुक- 98, फीडबैक- 57, संतुष्टि- 92.33 प्रतिशत, थाना कुठला-आगंतुक- 131, फीडबैक- 91, संतुष्टि- 91.83 प्रतिशत, निम्न रैंकिंग वाले थाने अजाक थाना- आगंतुक- 03, फीडबैक- 01, संतुष्टि- 71.42 प्रतिशत, थाना बरही- आगंतुक- 16, फीडबैक- 07, संतुष्टि- 71.42 प्रतिशत, थाना बहोरीबंद- आगंतुक- 11, फीडबैक- 04, संतुष्टि- 80.35 प्रतिशत, पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा शीर्ष प्रदर्शन करने वाले थानों के प्रभारी अधिकारियों को बधाई दी गई है ।

# हत्या का प्रयास करने वाले फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसीया एवं थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी झिंझरी द्वारा हत्या का प्रयास करने बाले फरार आरोपी गोलू बरकत मंसूरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। 14 दिसम्बर को स्कारपियो कार क्रमाँक एमपी 51 डी 0187 में बैठे तीन अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा ग्राम पिपरौंध मे रात्रि करीबन 01:30 बजे पिपरौंध निवासी शुभम जायसवाल व दीपक जायसवाल के साथ हत्या की नियत से चाकू



से मारपीट कर चोट पहुँचाने की घटना पर प्रार्थी शुभम जायसवाल की रिपोर्ट पर तीन अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना माधवनगर मे अपराध क्रमाँक 1046/2025 धारा 109 (1), 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना चौकी झिंझरी पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के कायमी दिनाँक से हर संभव प्रयास किये जाकर आरोपी एजाद उर्फ भूरा कुरैसी पिता सरफराज कुरैसी उम्र 22 साल निवासी असफाक उल्लाह वार्ड मण्डी मदार टेकरी थाना हनुमानताल जिला जबलपुर म.प्र को 18 दिसम्बर को जबलपुर से गिरफ्तार किया गया मामले के अन्य फरार आरोपियों की पता तलाश के हर संभव प्रयास किए जाकर आरोपी गोलू उर्फ बरकत मंसूरी पिता शेख सलीम उम्र 26 वर्ष निवासी रानी दुर्गावती वार्ड मोहल्ला सुपाताल थाना गढ़ा जिला जबलपुर को 21 दिसम्बर को जबलपुर रोड से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया जाकर माननीय न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया गया है।

# मदन मोहन चौबे वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

## लगभग 13 लाख रूपये के निर्माण कार्यो से वार्ड विकास को मिली नई गति

कटनी (स्वतंत्रमत)

नगर विकास के क्रम में मदन मोहन चौबे वार्ड में नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में रविवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य तथा क्षेत्रीय पार्षद सुशीला मिश्रीलाल एवं क्षेत्रीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में लगभग 13 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू सहित पार्षद सुमित्रा रावत, प्रभा गुप्ता, शशिकांत तिवारी, उमेंद्र अहिरवार व अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। वार्डों की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त कर नगर के समुचित विकास हेतु संपन्न भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान भूमि प्रगट शारदा माता मंदिर के पास लगभग 2 लाख 50 हज़ार की लागत से रोड निर्माण कार्य एवं मदन मोहन चौबे वार्ड के विभिन्न स्थानों में 5 लाख रूपये की लागत से नाला कवरिंग कार्य, सहित बंधवा टोला क्षेत्र में कुंआ के पास 6.50 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण के विकास कार्य शामिल है। इन विकास कार्यों से क्षेत्र में आवागमन सुविधा सुदृढ़ होगी एवं जल निकासी की समस्या के समाधान होने से स्थानीय नागरिकों को सुचारू सफाई व्यवस्था भी मिल सकेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने महापौर प्रीति संजीव सूरी तथा क्षेत्रीय पार्षद को पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत करते हुए वार्ड में कराए



जा रहे विकास कार्यों हेतु निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

**मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता- महापौर** -महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता में शामिल है। विकास कार्य अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है, नागरिकों की प्राथमिकता एवं सुविधाओं को देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा आगे भी विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस दौरान आपने क्षेत्रीय नागरिकों से विकास कार्य के दौरान निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने का आग्रह भी किया। कार्यक्रम के दौरान महापौर सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भूमि प्रगट शारदा माता मंदिर में माँ के दर्शन कर माता का आशीर्वाद लिया तथा नगरवासियों के सुख-समृद्धि एवं विकास की कामना की गई। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक कल्पना रजक, रीना सरकार, संगीता लोधी, सुनीता गुप्ता सहित जयश्री बर्मन, पूजा रजक, लक्ष्मी रजक, अन्नू रजक की उपस्थिति रही।

# पाकिस्तान ने जीता अंडर-19 एशिया कप का खिताब

## भारत को 191 रनों से दी शिकस्त

दुबई (वार्ता)।

समीर मिन्हास (172) और अहमद हुसैन (56) की शानदार पारियों के बाद अली रजा (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को भारत को 191 रनों से हरा दिया। 348 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम शुरुआती विकेट गिराने के बाद दबाव को झेल नहीं पाई और ओवरों में रन पर सिमट गई। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम का पहला विकेट 32 के स्कोर कप्तान आयुष म्हात्र (दो) के रूप में गिरा। इसके बाद 49 के स्कोर पर भारत दो महत्वपूर्ण विकेट और गंवा दिये। ऐरन जॉर्ज (16) और वैभव सूर्यवंशी 10 गेंदों में (26) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और तू चल मैं आया की तर्ज पर विकेट गंवाते रहे। हालांकि भारत की आखिरी जोड़ी ने चौके, छक्के लगाते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान दीपेश देवेंद्रन ने छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (36) रनों की पारी खेली। उभारतीय टीम 26.2 ओवर में 156 रन ही बना सकी और 191 रनों से खिताबी मुकाबला हार गई।




## अली रजा ने चार विकेट लिये

पाकिस्तान के लिए अली रजा ने चार विकेट लिये। मोहम्मद सय्याम, हुजैफा एहसान और अब्दुल सुभान को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले आज यहां भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 रन के स्कोर पर हम्जा जहूर (18) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये उस्मान खान ने समीर मिन्हास के साथ दूसरे विकेट के लिए 92रन जोड़े। 17वें ओवर में खिलन पटेल ने उस्मान खान (35) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। चौथे बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरे अहमद हुसैन ने समीर मिन्हास के साथ तीसरे विकेट के लिए 137 रन जोड़कर बड़े लक्ष्य की नींव रखी। 38वें ओवर में भारतीय गेंदबाजों ने वापसी की और खिलन पटेल ने अहमद हुसैन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अहमद हुसैन ने 72 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 56 रनों की पारी खेली।

## समीर मिन्हास ने 172 रनों की पारी खेली

43वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे समीर मिन्हास को कनिष्क चौहान के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। समीर मिन्हास ने 113 गेंदों में 17 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 172 रनों की पारी खेली। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के रनों पर लगाम लगाई और उसके बल्लेबाजों तो सस्ते में आउटकर पवेलियन भेज दिया। हुजैफा एहसान (शुन्य ), कप्तान फरहान युसूफ (19), मोहम्मद शयान (सात) और अब्दुल सुभान (दो) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तान की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 347 रनों का स्कोर खड़ा किया। निकाब शफीक 12 रन बनाकर और मोहम्मद सय्याम 13 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से दीपेश देवेंद्रन ने तीन विकेट लिये। हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने दो-दो विकेट झटके। कनिष्क चौहान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



# बीसीसीआई ने भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को किया सम्मानित

मुंबई (वार्ता)।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्व कप जीतने वाली भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को 19 दिसंबर को मुख्यालय में गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए सम्मानित किया। बीसीसीआई की ओर से रविवार को बताया गया कि भारतीय ब्लाइंड महिला जो पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। बीसीसीआई के मानद कोषाध्यक्ष रघुराम भट्ट ने उन्हें सम्मानित किया, खिलाड़ियों से बातचीत की और बोर्ड की ओर से हार्दिक बधाई दी। यह दौरा भारत में ब्लाइंड महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो राष्ट्रीय स्तर पर इस खेल के लिए बढ़ती पहचान और समर्थन को रेखांकित करता है। भारत ने नेपाल के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। भारतीय टीम ने 115 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 12.1 ओवर में सात विकेट से जीत दर्ज की।

इस शानदार जीत ने भारतीय टीम के लिए एक यादगार अभियान का समापन किया। बीसीसीआई ने कप्तान दीपिका टीसी, उनकी टीम के साथियों और सहयोगी सदस्य को उनके शानदार प्रयास के लिए बधाई दी। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने भी बातचीत के दौरान टीम को वर्चुअली संबोधित किया और बोर्ड की ओर से निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया, जिसमें भविष्य के दौरों के लिए प्लेइंग किट और यात्रा में सहायता शामिल है। इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए बीसीसीआई ने टीम की सफलता को एक मील का पत्थर माना। बीसीसीआई के कई वरिष्ठ धिकारियों ने खिलाड़ियों की सहनशक्ति और दृढ़ संकल्प के लिए उनकी सराहना की। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा, यह ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और एक ऐसा क्षण है जिस पर पूरा देश गर्व कर सकता है। ऊंचाइयों को छूते रहें।




## ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 82 रनों से हराकर एशेज 3-0 से अपने नाम किया

**एडिलेड (वार्ता)।** मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस, नाथन लियोन (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन इंग्लैंड को दूसरी पारी में 352 के स्कोर पर समेट कर 82 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की निर्णायक बढ़त बना ली। आज यहां इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 206 रनों क स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की दूसरी पारी में 352 रनों पर सिमट गई। हालांकि जेमी स्मिथ (60) और विल जैक्स (47) ने जोरदार संघर्ष किया। सुबह के सत्र में मिचेल स्टार्क ने जेमी स्मिथ को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद 93वें ओवर में स्टार्क ने विल जैक्स को भी अपना शिकार बना लिया। जोफ्रा आर्चर तीन रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों ने तनावपूर्ण आखिरी सेशन में धैर्य बनाए रखा, जिसमें मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड ने निर्णायक वार किए। 103 वें ओवर की पहली गेंद पर स्कॉट बोलैंड ने जॉश टंग (एक) को आउटकर मेहमान टीम की दूसरी पारी का 352 के स्कोर पर अंत कर दिया।

# चेप्टेगेई ने जीती टाटा स्टील वर्ल्ड 25 किमी रेस

## भारतीय धावकों ने रिकॉर्ड बनाए

कोलकाता (वार्ता)।

युगांडा के दो बार के ओलंपिक चैंपियन जोशुआ चेप्टेगेई ने रविवार को टाटा स्टील वर्ल्ड 25 किलोमीटर कोलकाता 2025 दौड़ में समय 1:11:49 के साथ पुरुषों के एलीट वर्ग में खिताबी जीत दर्ज की। इस दौड़ में भारतीय धावक गुलवीर सिंह और सीमा ने क्रमश: भारतीय पुरुष और महिला खिताब जीते, दोनों ने नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर में विश्व रिकॉर्डधारी चेप्टेगेई ने 25 किलोमीटर की दूरी 1:11:49 का समय निकालकर विश्व स्तरीय पुरुषों के एलीट वर्ग में शानदार जीत दर्ज की। यह जीत इस साल भारत में चेप्टेगेई की दूसरी जीत है। तीन ओलंपिक पदक, जिसमें दो स्वर्ण पदक शामिल हैं, के साथ कई बार के विश्व चैंपियन युगांडा के महान धावक चेप्टेगेई ने अपनी सहनशक्ति और सामरिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए तंजानिया के अल्फोंस फेलिक्स सिंबू, और लेसोथो के टेबेलो रामाकोंगोआना से आगे रहे। इससे पहले उन्होंने अप्रैल में वर्ल्ड 10किमी. बेंगलुरु जीती थी। भारतीय पुरुषों की एलीट दौड़ में, गुलवीर सिंह ने शानदार तरीके से अपना खिताब बचाव किया और 1:12:06 के समय के साथ एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। यह प्रदर्शन पिछले साल इसी कोर्स पर बनाए गए उनके अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 1:14:10 से बेहतर है। गुलवीर की दौड़ विशेष रूप से उल्लेखनीय थी क्योंकि वह पुरुषों की एलीट स्टैंडिंग में कुल मिलाकर पांचवें स्थान पर रहे और वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस में अंतरराष्ट्रीय सितारों और ओलंपियनों से भरे क्षेत्र में अपनी जगह बनाई। 3000 मीटर, 5000 मीटर और 10,000 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर ने एक बार फिर एलीट स्तर पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा और निरंतरता को रेखांकित किया। हरमनजोत सिंह और सावन बरवाल ने भारतीय पुरुषों के एलीट पोडियम को पूरा किया। भारतीय महिलाओं की एलीट दौड़ में भी एक ऐतिहासिक प्रदर्शन देखने को मिला। इसमें पहली बार भाग लेने वाली सीमा ने 25 किलोमीटर की दूरी पर एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 1:26:04 का समय निकालकर एल सूरिया के 1:26:53 के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को तोड़ दिया।




पिछले साल की चैंपियन संजीवनी जाधव 1:30:34 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि निर्मबेन ठाकोर ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं की एलीट वर्ग में, इथियोपिया की डेगितु अजिमेराव ने 1:19:36 का समय निकालकर जीत हासिल की और अपना दूसरा टाटा स्टील वर्ल्ड 25किमी. कोलकाता खिताब जीता, उन्होंने पहले 2017 में यह रेस जीती थी। उन्होंने इसी के साथ हमवतन सुटुमे केबेडे को इस स्पर्धा में जीत की हैट्रिक बनाने से रोक दिया।



## न्यूजीलैंड ने दिया वेस्टइंडीज को 462 रनों का मुश्किल लक्ष्य

**माउंट मॉन्गानुई (न्यूजीलैंड) (वार्ता)।** कप्तान टॉम लेथम (101) और डेवन कॉन्वे (100) की शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने रविवार को तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में 420 के स्कोर पर समेटने के बाद 155 की बड़ी बढ़त के साथ अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 306 के स्कोर पर घोषित कर दी। वेस्टइंडीज ने 462 रनों के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टंप्स के समय बिना कोई विकेट खोए 43 रन बना लिये है और उसे अभी भी जीत के 419 रनों की आवश्यकता है। आज यहां वेस्टइंडीज ने कल के छह विकेट पर 381 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में वेस्टइंडीज का सातवां विकेट एंडरसन फिलीप (17) के रूप में गिरा। उन्हें जेकब डफी ने आउट किया। इसके बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के निचले बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। हालांकि इस दौरान केवम हॉज एक छोर थामे खड़े रहे।

# जेम वायदा नीलामी मॉड्यूल से 2200 रुपए की संपत्तियां बिकीं

नयी दिल्ली (वार्ता)।

सरकार के इलेक्ट्रॉनिक बाजार मंच (जेम) के वायदा नीलामी माड्यूल के माध्यम से 2021 से 2025 के बीच 2,200 करोड़ रुपये से अधिक की सरकारी संपत्तियों का निपटान किया गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार जेम के इस वायदा नीलामी माड्यूल के माध्यम से 13,000 से अधिक नीलामियां आयोजित की गयीं, जिनमें 23,000 से अधिक बोलीदाताओं ने भाग लिया। डिजिटल प्लेटफॉर्म जेम के माध्यम से मंत्रालय, विभाग और सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाएं वस्तुओं और सेवाओं की खरीद करती हैं। इसके अतिरिक्त यह अपने वायदा नीलामी माड्यूल के माध्यम से सरकारी संपत्तियों के निपटान को सुगम बनाने के लिए नीलामी कराता है। यह उस प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और मूल्य निर्धारण में सुधार करता है जो परंपरागत रूप से खंडित और कागजी कार्रवाई से भरी हुई थी। वायदा नीलामी माड्यूल एक डिजिटल बोली प्रक्रिया है जिसके माध्यम से सरकारी विभाग स्क्रैप, ई-कचरा, पुराने वाहन, मशीनरी और पट्टे पर ली गई संपत्तियों (जिसमें भवन और भूमि शामिल हैं) जैसी संपत्तियों को उच्चतम बोली लगाने वाले को बेचते हैं। इस प्रक्रिया में, सरकार प्लेटफॉर्म पर एक वस्तु सूचीबद्ध करती है, पंजीकृत बोलीदाता प्रतिस्पर्धी बोलियां लगाते हैं और उच्चतम बोली को सफल घोषित किया जाता है। जेम के सुरक्षित डिजिटल इंटरफेस के माध्यम से, विभाग आरक्षित मूल्य निर्धारित कर सकते हैं, भागीदारी की शर्तें परिभाषित कर सकते हैं और वास्तविक समय में बोली की निगरानी कर सकते हैं, जिससे नीलामी की पूरी प्रक्रिया में दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है।




वायदा नीलामी माड्यूल का महत्व विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक क्षेत्रों तक फैला हुआ है, और इस प्लेटफॉर्म पर सरकारी संपत्तियों की एक विस्तृत श्रृंखला को लाया जाता है।

## शीर्ष 10 की छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

मुंबई (वार्ता)।

घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) बीते सप्ताह 75,257 करोड़ रुपये बढ़ गया जबकि अन्य चार कंपनियों का 45,842 करोड़ रुपये घट गया। सप्ताह के दौरान सूचना एवं प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 22,595 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 16,972 करोड़ रुपये बढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक के एमकैप में 15,923 करोड़ रुपये और विविध क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज में 12,315 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल को बाजार पूंजीकरण में 7,384 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टूब्रो में 68.78 करोड़ रुपये का फायदा हुआ। नुकसान उठाने वालों में एचडीएफसी बैंक का एमकैप 21,920 करोड़ रुपये और भारतीय जीवन बीमा निगम का 9,614 करोड़ रुपये घट गया।

# चावल, गेहूं मजबूत- चीनी, दालें नरम, तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गये। ग्राहकी आने से गेहूं में भी तेजी रही। वहीं, चीनी और दालों में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 71 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,827 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं 10 रुपये चढ़कर 2,858.33 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा 3,305.69 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा।



बीते सप्ताह मूंगफली तेल 16 रुपये और सोया तेल 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं, वनस्पति 55 रुपये और सरसों तेल 49 रुपये मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल में 37 रुपये और पाम ऑयल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गयी। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 59 रुपये और उड़द दाल की 58 रुपये प्रति क्विंटल उतर गयी। मसूर दाल 24 रुपये और मूंग दाल 19 रुपये सस्ती हुई।



## उद्योगों के आंकड़ों, वैश्विक कारकों पर रहेगी निवेशकों की नजर

मुंबई (वार्ता)

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर उद्योगों के आंकड़ों और वैश्विक कारकों पर रहेगी। आने वाले सप्ताह में सोमवार को आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के आंकड़े जारी किये जायेंगे जो बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा वैश्विक कारकों पर भी निवेशकों की नजदीकी नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 338.30 अंक (0.40 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 84,929.36 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 80.55 अंक यानी 0.31 प्रतिशत गिरकर 25,966.40 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों के सूचकांक निफ्टी मिडकैप-50 में 0.06 प्रतिशत की मामूली गिरावट रही जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक पूरे सप्ताह के उतार-चढ़ाव से होता हुआ सपाट रहा।

# अहमदाबाद हादसे से इंडिगो संकट तक: भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए चुनौतियों भरा रहा पूरा साल

**नयी दिल्ली (वार्ता)** भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए साल 2025 बेहद चुनातीपूर्ण रहा - साल के पूर्वार्द्ध में जहां एयर इंडिया विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया, वहीं अंतिम महीने में इंडिगो संकट लाखों यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना और विमान सेवा कंपनियों के प्रति उनके विश्वास को कमजोर किया।

विमानन क्षेत्र के लिए मार्च तक सब कुछ काफी अच्छा चल रहा था। साल के पहले तीन महीने में यात्रियों की संख्या भी 10.35 प्रतिशत बढ़कर 4.32 करोड़ पर पहुंच गयी थी और उम्मीद की जा रही थी कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान पहली बार यात्रियों की मासिक संख्या डेढ़ करोड़ के पार पहुंच जायेगी। इसके बाद 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ और लोगों ने जम्मू-कश्मीर की टिकट रद्द करनी शुरू कर दी। फिर मई की शुरुआत में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किये।




इसके बाद सीमा पर संघर्ष शुरू हो गया। पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए और भारत ने पाकिस्तानी विमान सेवा कंपनियों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिये जो अब तक जारी हैं। इसका असर भारतीय विमानन क्षेत्र पर पड़ना शुरू हो गया। कई मार्गों पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और कई अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर घूमकर जाने से यात्रा का समय और एयरलाइंस की लागत बढ़ गयी।

ऊपर से विमान ईंधन की कीमतों में इजाफे के कारण मुनाफा कमाने के लिए पहले से संघर्ष कर रही विमान सेवा कंपनियों की वित्तीय स्थिति और खराब हो गयी। मई में हवाई यात्रियों की संख्या में सालाना आधार पर महज 1.89 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि माह-दर-माह लगातार दूसरी गिरावट दर्ज की गयी। देश ने जून महीने में अपने विमानन इतिहास से सबसे बुरे हादसों में से एक का समाना किया।

एयर इंडिया की उड़ान संख्या 171 ने गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे से 230 यात्रियों और चालक दल के 12 सदस्यों के साथ लंदन के गैट्विक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी थी। टेकऑफ के तुरंत बाद विमान ऊंचाई हासिल करने में असफल रहा और बी.जे. मेडिकल कॉलेज के होस्टल से टकरा गया और उसमें आग लग गयी। देखते ही देखते विमान आग के गोले में तबदील हो गया।

# विकास में कोई कमी नहीं रखेंगे, हम सब मिलकर प्रदेश को बनायेंगे समृद्ध : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री का शाजापुर जिले के जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संघों ने किया सम्मान

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अपनेपन से कुछ और बेहतर करने की नई ऊर्जा मिलती है। शाजापुर जिले ने प्रदेश को विचारों की दिशा दी है। इसलिए विकास में पहला हक भी शाजापुर का है। हम शाजापुर जिले के विकास में कोई कमी नहीं रखेंगे। मक्सी के साथ-साथ अब शाजापुर में भी बदलाव की बयार बह रही है। हम सब मिलकर मध्यप्रदेश को एक विकसित और समृद्ध प्रदेश बनायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का शाजापुर जिले के जनप्रतिनिधियों, उद्योग संघ, डाक्टर्स एसोशिएशन, कर्मचारी संघ, अधिवक्ता संघ, उद्योग भारती के गणमान्य जनों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पहारों के साथ अंगवस्त्रम ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर मुख्यमंत्री निवास पर अभिनन्दन कर आभार व्यक्त किया। बीते 2 साल के दौरान शाजापुर जिले को विकास की विभिन्न सौगातें देने के लिए आयोजित इस अभिनंदन समारोह में जिले के जनप्रतिनिधियों ने बीते दो साल की उपलब्धियों का हर्षित होकर जिक्र किया और समवेत् स्वर में 2 साल-बेमिसाल का उद्घोष किया।



***शाजापुर 2 मेट्रोपोलिटन का केन्द्र बिन्दु***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 मेट्रोपोलिटन एरिया के बीच में शाजापुर सबसे अच्छी जगह है। शाजापुर 2 मेट्रोपोलिटन का केन्द्र बिन्दु है। शाजापुर में जल्द ही मेडिकल कॉलेज बनेगा। वहीं शुजालपुर में भी आयुर्वेदिक कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है। मक्सी बहुत पहले औद्योगिक केन्द्र बन गया था लेकिन उसका विकास रूका हुआ था। अब मक्सी भी विकास की नई राह पर है। शाजापुर में भी विकास के कई काम हो रहे हैं। उन्होंने शाजापुर जिले के नागरिकों से कहा कि हम आपके लिए वो सब कुछ करेंगे, जो आप चाहेंगे।

***मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश की काया पलट दी***- शाजापुर के विधायकअरुण भीमावद ने कहा कि मुख्यंमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश का गौरव हैं। दो साल की अल्प अवधि में भी मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश की काया पलट दी है। शाजापुर जिले को तो सबसे अधिक सौगातें मिली हैं। इसलिए यहां के नागरिक अभिभूत हैं। हम सब हमेशा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के ऋणी रहेंगे। विधायक श्री भीमावद ने कहा कि इन्दौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन रीजन के प्रस्तावित क्षेत्र में शाजापुर जिले के अधिकांश हिस्सा को इस रीजन के दायरे में ले लिया गया है। इससे संपूर्ण जिलेवासियों में हर्ष का माहौल है, क्योंकि अब इस क्षेत्र के विकास की नई गति मिलेगी।

***शाजापुर जिला 2 महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं से लाभान्वित***- विधायक भीमावद ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाजापुर विधानसभा के मक्सी क्षेत्र में 8000 करोड़ रुपये निवेश वाली सोलर प्लेट बनाने वाले उद्योग की सौगात दी है। इसका भूमि-पूजन भी हो चुका है। इससे जिले के विकास को नये पंख मिल गये हैं। उन्होंने बताया कि शाजापुर जिला 2 महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं (पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना एवं नर्मदा-कालीसिंध परियोजना) से लाभान्वित हुआ। शाजापुर में मेडिकल कॉलेज की सौगात, आलू-प्याज की मंडी को मंजूरी, शाजापुर शहर का एबी रोज-4 लेन, मक्सी से मोहन बड़ौदिया बायपास निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इन सभी सौगातों से जिले के सभी नागरिक बेहद खुश और अभिभूत हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हृदय से आभार व्यक्त किया।

***कालापीपल विधानसभा क्षेत्र में भी विकास के कई काम मंजूर***- कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कहा कि 2 साल में कालापीपल विधानसभा क्षेत्र में भी विकास के कई काम मंजूर होकर प्रारंभ हो गए हैं। कालापीपल क्षेत्र में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं बहुप्रतीक्षित रोड का न केवल भूमिपूजन हो गया है, बल्कि उसका निर्माण कार्य भी अब प्रारंभ हो गया है। उन्होंने इस बड़ी सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार जताया। इस अवसर पर शाजापुर जिले से आए हेमराज सिंह सिसौदिया, दिनेश तिवारी, अन्य जनप्रतिनिधि, डॉक्टर्स, व्यापारी, उद्योगपति और बड़ी संख्या में नागरिकगण भी उपस्थित थे।



# हमने बनाया है खेलों को शिक्षा पाठ्यक्रम का हिस्सा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन्दौर में 7वें नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट को किया संबोधित

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खेल हमेशा से हमारी भारतीय संस्कृति का एक अहम अंग रहा है। हमारे व्यक्तित्व के विकास में एक प्रमुख पक्ष के रूप में खेलों में हमारे जीवन को दिशा दी है। हमने खेलों को स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। हमारे खिलाड़ी प्राय: हर खेल में देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खिलाड़ियों से आव्हान किया कि वे चाहे जिस किसी भी खेल के खिलाड़ी रहें, अपनी लगन और मेहनत से हमेशा अपना उत्कृष्ट देने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इन्दौर में एक निजी स्कूल द्वारा आयोजित 7वें नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट-2025 को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश राज्य ऑलम्पिक एसोशिएशन के संरक्षक भी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैदिककाल से हमारी संस्कृति में खेलों का बड़ा योगदान रहा है। कई मामलों में भारतीयों ने अपने दौर से भी आगे बढ़कर विश्व में खेलों में नाम कमाया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के नवनिर्माण में खिलाड़ियों की भी अहम भूमिका है। खिलाड़ियों के योगदान से हम अपनी भावी पीढ़ी के लिए एक सकारात्मक वातावरण तैयार कर रहे हैं। इससे न केवल नए खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं, बल्कि खेल अधोसंरचना के विकास को भी नए आयाम मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश में सबसे तेज गति से औद्योगिक प्रगति करने वाला राज्य बन रहा है। औद्योगिक विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाईयों, कुटीर एवं ग्रामोद्योग सहित कृषि एवं संबंद्ध क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में मध्यप्रदेश का सर्वाधिक योगदान होगा। निजी स्कूल के अध्यक्ष स्वप्निल कोठारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पुरुषार्थ से ही व्यक्तित्व का विकास होता है।

# शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में 10वीं, 12वीं के विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन




दमोह (स्वतंत्र मत)

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित अतिरिक्त कोचिंग कक्षाओं के दौरान थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, बंटी दुबे, राजेश सिंघई और मोंटू बाजपेई विद्यार्थियों के बीच पहुंचे। विद्यार्थियों को उनके विषय-संबंधी प्रश्नों के उत्तर देकर जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए और उन्हें प्रोत्साहित किया। यह आयोजन छात्रों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करनें और उन्हें स्थानीय नेतृत्व से जोड़ने का एक प्रयास किया। कार्यक्रम में प्राचार्य मोहन सेन, नंदकिशोर बाजपेई और राहुल शर्मा की उपस्थिती रही।

## संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष का होगा नरसिंहगढ़ आगमन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन में समाज को नशा मुक्ति, मांसाहारमुक्त एवं चरित्रवान चेतनावन बनाने हेतु अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ आरती एवं महाआरती के माध्यम से परिवर्तन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में ग्राम नरसिंहगढ़ में जिला स्तरीय 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन 21 से 22 दिसंबर को दोपहर 12 बजे समापन किया गया हैं। जिसकी समापन की बेला में भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष पूजा दीदी काआगमन होगा। समस्त जाति धर्म संप्रदाय के लोगों से धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर युग परिवर्तन के कार्य में सम्मिलित होकर अपना सौभाग्य बनाएं।

# खेल महोत्सव के तहत लोकसभा स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित

दमोह (स्वतंत्र मत)

दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी के नेतृत्व में आयोजित लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत लोकसभा स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 120 पहलवानों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है और ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता के दौरान पहलवानों ने दमखम और तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया। अंत में विजेता एवं प्रतिभागी पहलवानों को सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं को खेलों से जोड़ना है। इस अवसर पर सतीश तिवारी, महेश पटेल, संजय सेन, अमित बजाज, करण सिंह, भरत सिंह, विनीता सिंह कोलस्ते, श्यामा उर्रेती, रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, महेंद्र राठौर, डब्बू श्रीवास्तव, राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत वाजपेई, कविता राय, कृष्णा पटेल, धीरेंद्र तिवारी, जय हजारी, वीरेंद्र सोनी रहे।



# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



दमोह (स्वतंत्र मत)

बुंदेलखंड नवनिर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति के तत्वाधान में 21 दिसंबर को नरसिंहगढ़ में एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एन के हॉस्पिटल एंड क्लिनिक के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक प्यासी द्वारा 180 मरीजों की नेत्र संबंधी जांच की गई। जिसमें से 35 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। वहीं डॉ. बहादुर सिंह ठाकुर एमडी मेडिसिन ने 160 मरीजों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श किया। इस प्रकार शिविर में कुल 340 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र बिदोल्या सरपंच डालचंद रैकवार, राधे मिश्रा, महेंद्र सिंह ठाकुर एवं अमित दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने इस जनसेवा कार्य की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय पर उपचार उपलब्ध कराना है।

## एकलव्य आश्रम के बच्चों की मदद के लिए अनेक समाजसेवी सामने आए: संजय राय

हटा (स्वतंत्र मत)

रामगोपाल जी मन्दिर में एकलव्य वनवासी आश्रम नामक छात्रावास संचालित है जो समाजसेवियों के सहयोग से जरूरतमंद बच्चों को उनकी आवश्यकतानुसार दैनिक उपयोग की सामग्री पाठन पठन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। कुछ सामग्री की जरूरत पर सूची सोशल मीडिया पर प्रसारित होते ही कुछ लोगों ने उनकी मदद करने की इच्छा जताई थी चूंकि मदद करने वाले ज्यादा हो गए थे, इसलिये किसी एक से ही पूरी सामग्री प्रदान करवाने की व्यवस्था अनुसार समाजसेवी स्व. इमरत राय के कनिष्ठ पुत्र संजय राय ने शाम को उन्हें बुलाकर बच्चों को चप्पल जूते एवं मोजे दिलाये। स्टेशनरी से इन्हें इनके स्कूल के प्रोजेक्ट वर्क की सामग्री दिलाई। बाल काटने के लिए कैंची और 1 ट्रिमर मशीन भी दिलाई और सभी बच्चों को पेटिस भी खिलाई गई। सभी बच्चों ने मनमाफिक सामग्री पाकर प्रसन्नता जाहिर की और आभार जताया। इस दौरान अंकु परिहार सोनू चौरसिया ओमी मिश्रा भी उपस्थित रहे। इसी संबंध में एक और अपील की गई है कि एकलव्य आश्रम में सभी समाजसेवी पहुंचकर यहां की व्यवस्थाओं पर नजर रखें और जरूरतों की पूर्ति हेतु समय समय पर सहयोग हेतु तत्पर रहें।

# राज्यमंत्री पटेल ने बटियागढ़ विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम जांगुपुरा का किया भ्रमण

दमोह (स्वतंत्र मत)

पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल द्वारा बटियागढ़ विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम जांगुपुरा का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने पशुपालक हरगोविंद आदिवासी एवं भगत सिंह आदिवासी के निवास पर पहुंचकर अभियान के अंतर्गत दी जा रही जानकारी के संबंध में पशुपालकों से चर्चा की। उन्होंने दूध उत्पादन के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु किसानों से सेक्स सॉर्टेड सीमन के माध्यम से पशुओं का गर्भाधान कराने का आग्रह कियाए जिससे नस्ल उन्नयन एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो सके।



राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा किसानों एवं पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनमें दूध उत्पादन को दुगना करना एक प्रमुख उद्देश्य है। इसी क्रम में 31 दिसम्बर तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा हैए जिसके अंतर्गत पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान, संतुलित पशु आहार एवं टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार पशुपालकों को उनके उत्पादित दूध का उचित मूल्य दिलाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए दुग्ध समितियों का गठन किया जा रहा है। सरकार द्वारा प्रदेश में 52000 दुग्ध समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिससे पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके।

# विदेशी कम्पनी भगाओ स्वदेशी जगाओ जनजागरण यात्रा हटा पहुंची

## गायत्री शक्तिपीठ में मीटिंग कर स्वदेशी अपनाओ की शपथ दिलाई गई

हटा (स्वतंत्र मत)

स्वदेशी जागरण मंच और कंफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स कैट द्वारा विदेशी कम्पनियां भगाओ स्वदेशी बचाओ अभियान के अंतर्गत निकाली जा रही स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का देर शाम हटा आगमन हुआ। गायत्री शक्ति पीठ में यात्रा में शामिल सभी संगठन के पदाधिकारियो का स्वागत किया गयाएइस दौरान आयोजित कार्यक्रम में कैट के जिला महामंत्री जुगल अग्रवाल ने सभी का परिचय कराते हुए यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। स्वदेशी जागरण मंच के प्रताप पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी दुकानदार ऐसी ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियां जैसे अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, वॉलमार्ट आदि ऑनलाइन शॉपिंग कंपनिया जो हमारे देश से ऑनलाइन शॉपिंग के जरिए करोड़ों रुपया हमारे देश का विदेश ले जा रही हैं। ऐसी कंपनियों के विरोध के लिए जन जागरण का कार्य किया जा रहा है। कैट के जिला अध्यक्ष प्रमोद बजाज ने अभियान के बारे में बताया और कहा कि कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बक्तव्य को जो स्क्रीन पर सुनाया गया हैं, उसमें पूरे अभियान का विस्तार से वर्णन है। उन्होंने कहा कि सामान्य से सामान्य आदमी की सोच में परिवर्तन स्वदेशी जागरण मंच और केट के संयुक्त रूप से किया जा रहा है। राष्ट्र के विकास प्रदेश का विकास करने के लिए हमें स्वदेशी का उपयोग करना है। श्री बजाज ने कहा कि स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक पूरे देश को स्वदेशी तक पहुंचाने का लक्ष्य है। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग पूर्ण रूपेण करने के अभियान में यह अय्योजन है। केट के प्रांतीय मंत्री राकेश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह रथ महाराष्ट्र से चलकर आया है। उन्होंने संकल्प रथ यात्रा के माध्यम से जागरूकता फैलाने व्यापार बढ़ेगा देश बचेगा, हर घर देशी हर घर स्वदेशी आदि नारे लगवाए।

# मानसिक स्वास्थ्य और ध्यान आधारित पुलिसिंग की नई दिशा

## डीजीपी कैलाश मकवाणा को प्रथम 'हार्टफुलनेस चेंज मेकर अवार्ड'

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश पुलिस में मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं संवेदनशील पुलिसिंग को सुदृढ़ करने की दिशा में किए गए दूरदर्शी प्रयासों के लिए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा को हार्टफुलनेस संस्था द्वारा 'प्रथम हार्टफुलनेस चेंज मेकर अवार्ड' से सम्मानित करने की घोषणा की गई। यह घोषणा हैदराबाद स्थित कान्हा शांतिवनम में आयोजित भव्य समारोह में भारत के माननीय उपराष्ट्रपति की गरिमामयी उपस्थिति में की गई।

डीजीपी श्री मकवाणा का मानना है कि एक सशक्त एवं प्रभावी पुलिस बल की नींव सशक्त और संतुलित मन पर आधारित होती है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश पुलिस ने न केवल दशकों से चली आ रही नक्सल समस्या के उन्मूलन की दिशा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की, बल्कि 'नशे से दूरी है जरूरी' जैसे व्यापक सामाजिक अभियानों को भी प्रभावी रूप से जन-आंदोलन का स्वरूप दिया। इन प्रयासों के लिए मध्यप्रदेश पुलिस को पूर्व में 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।



***हार्टफुलनेस मेडिटेशन से पुलिसिंग में सकारात्मक परिवर्तन***- पुलिसकर्मियों के बढ़ते कार्यभार, तनावपूर्ण परिस्थितियों एवं मानसिक दबाव को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 2022 से मध्यप्रदेश पुलिस में हार्टफुलनेस मेडिटेशन को अपनाया गया। इस पहल को सुदृढ़ करने के लिए फरवरी 2025 में हार्टफुलनेस संस्था के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी किया गया।

***बेहतर निर्णय क्षमता और बदलती छवि***- डीजीपी श्री मकवाणा ने ध्यान और रिलैक्सेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चुनौतीपूर्ण पुलिस सेवा में इमोशनल इंटेलिजेंस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे शांत जल में गहराई तक सब कुछ स्पष्ट दिखाई देता है, उसी प्रकार स्थिर और संतुलित मस्तिष्क ही सही और समयबद्ध निर्णय लेने में सक्षम होता है। इस पहल के सकारात्मक परिणाम धरातल पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। वर्तमान में प्रदेशभर में लगभग 800 हार्टफुलनेस प्रशिक्षक सक्रिय हैं तथा पुलिस विभाग अपने इन-हाउस प्रशिक्षक भी तैयार कर रहा है। इससे पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता में वृद्धि हुई है तथा समाज में पुलिस के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है। यह तकनीक पुलिसकर्मियों के साथ-साथ उनके परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो रही है।

***राष्ट्रीय स्तर पर मॉडल बनने की दिशा में पहल***- मानसिक शांति, अनुशासन और संवेदनशीलता आधारित यह प्रयोग संभवत: देश में अपनी तरह का पहला प्रयास है, जिसमें इतने बड़े स्तर पर किसी पुलिस बल द्वारा ध्यान को संस्थागत रूप से अपनाया गया है। यह पहल भविष्य में एक राष्टीय मॉडल के रूप में उभरने की क्षमता रखती है। आईजी प्रशासन श्री रुचिवर्धन मिश्रा के अनुसार योग एवं ध्यान के माध्यम से पुलिस बल के तनाव को कम कर उनके शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक संतुलन को सशक्त करना इस पहल का प्रमुख उद्देश्य है। वर्तमान में प्रदेश के सभी प्रशिक्षण संस्थानों में नवआरक्षकों को नियमित रूप से मेडिटेशन कराया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम स्वरूप कार्य के प्रति उनकी अभिवृत्ति में सुधार एवं सामान्य तनाव स्तर में कमी देखी जा रही है।

# ई-रिक्शा चालक की गले में चाकू मारकर हत्या

## ई-रिक्शा-बाइक की टक्कर को लेकर हुआ था विवाद, हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस





जबलपुर (स्वतंत्रमत)

दीनदयाल चौक के समीप रविवार शाम सरेराह एक ई-रिक्शा चालक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि घटना का कारण ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत बताई जा रही है। विवाद के दौरान ई-रिक्शा चालक पवन अहिरवार पर एक बाइक सवार और उसके दोस्त ने हमला कर दिया। दोनों ने मिलकर पहले उससे मारपीट की। इसके बाद उसके गले पर चाकू मार दिया गया। घटना के बाद उसे लहूलुहान छोड़कर दोनों मौके से भाग निकले। खून से लतफत ई-रिक्शा चालक सड़क पर पड़ा रहा। स्थानीय लोगों ने युवक को गंभीर हालत में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

***संदेही की तलाश में जुटी पुलिस टीमें***- बताया जा रहा है कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और सीएसपी भगत सिंह मौके पर पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। सीएसपी भगत सिंह गोठरिया ने बताया कि आईबीटी के पास कॉफी हाउस के सामने सड़क पर यह घटना हुई है। मृतक का नाम पवन अहिरवार उम्र 40 वर्ष है। वह माढ़ोताल थाना अंतर्गत राजीव नगर का निवासी था। उसके गले में गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई।

***मौके पर ही हुई मौत***- प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ई-रिक्शा चालक और बाइक सवारों के बीच मामूली टक्कर हो गई थी। जिसके बाद बाइक सवार दोनों युवक उससे विवाद करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों युवकों ने ई-रिक्शा चालक से मारपीट शुरु कर दी। इस दौरान एक युवक ने चाकू निकालकर उसके गले पर हमला कर दिया। जिससे गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही ई-रिक्शा चालक ने दम तोड़ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद तत्काल आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गए।

# चर्च में घुसकर लगाए जय श्रीराम के जयकारे, धर्मांतरण के आरोप मचा बवाल

## माढ़ोताल क्षेत्र का मामला, पुलिस ने संभाला मोर्चा



*जबलपुर (स्वतंत्र मत)।* माढ़ोताल में एक चर्च में रविवार को जमकर हंगामा हुआ। हिंदू संगठन के लोग यहां पहुंचे और प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का आरोप लगाया। आरोपों के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ी और मारपीट होने लगी। जो मारपीट तक पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह हिंदू सेवा परिषद के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि शिव शक्ति नगर के पास स्थित एक चर्च में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए हैं। इनमें कुछ हिंदू दूसरे जिले से आए हैं। कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। यहां प्रार्थना भवन में काफी लोग मौजूद थे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने केवल इतना पूछा कि यहां इतनी भीड़ क्यों जुटी है और ये लोग कहां के हैं। इसी बात पर वहां मौजूद लोग भड़क गए। प्रार्थना भवन में मौजूद लोगों ने विवाद करते हुए अचानक हमला कर दिया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

***महिलाओं, बच्चों से मारपीट का आरोप***- चर्च में मौजूद लोगों ने बताया कि चर्च में प्रभु की आराधना होती है, न कि धर्मांतरण। वर्षों से लोग अपनी मर्जी से यहां आते हैं और प्रार्थना करते हैं। आज जब प्रार्थना सभा चल रही थी, तभी 15 से 20 युवक जय श्रीराम कहते हुए अंदर घुस आए। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट की। चर्च में मौजूद लोगों ने सवाल उठाया कि जब दूसरे लोग अपने-अपने पूजा स्थल पर पूजा करते हैं तो कोई वहां हस्तक्षेप नहीं करता, फिर उनकी प्रार्थना सभा में आकर हंगामा क्यों किया गया। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

## महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष जमकर की नारेबाजी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मनरेगा का नाम बदलने को लेकर केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ जबलपुर समेत प्रदेशभर के कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इधर शहर में भी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने टाउनहॉल में गांधीजी की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के नगर अध्यक्ष समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। विरोध जताते हुए कांग्रेसियों ने कहा कि मनरेगा वह कानूनी अधिकार है जो देश के मजदूर को 100 दिन के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करती है। कांग्रेस की यूपीए सरकार ने इस देश के गरीब मजदूरों को दिया था ताकि उनकी 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित हो सके। मनरेगा के चलते अपने देखा कि किस तरह कोरोना काल जैसी आपदा में भी हमारे गरीब मजदूर भाई महफूज रहे। अर्थव्यवस्था को संभालने का काम किया लेकिन वर्तमान में जो सरकार है ये गोडसे की अनुयायी वाली सरकार है। इनको महात्मा गांधी के नाम से भी तकलीफ है। इनको इस देश के गरीब से भी तकलीफ है।

***महात्मा गांधी के नाम को समाप्त करना चाहती है भाजपा***- कांग्रेसियों ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार बोल रही है कि हम 100 नहीं सवा सौ दिन का रोजगार देंगे। 2024 और 2025 के आंकड़े उठा कर देख लीजिए। इस देश के गरीबों को मिला मनरेगा से मात्र 42 से 44 दिन का रोजगार मिला है। उन्हें बस इस योजना को समाप्त करना है। महात्मा गांधी के नाम को समाप्त करना है। इस देश के गरीब मजदूरों के साथ खिलवाड़ करना है। इसलिए इस योजना का नाम बदल रहे हैं। प्रदर्शन के कहा गया कि आप जो ये नई योजना लाए हैं जिसको हमने कानूनी अधिकार दिया था। उस कानून को समाप्त करते हुए आप ये योजना का नाम बदल रहे हैं। आगे चलकर ये योजना भी बंद कर देंगें।

# सूने घरों में सेंध लगाने वाले चोर को पुलिस ने दबोचा

## चुराये सोने चांदी के जेवर कीमती लगभग 4 लाख रूपये जप्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

थाना संजीवनीनगर की टीम द्वारा सूने घर में चोरी की वारदात को अंजाम देकर लाखों रूपये कीमत के जेवर चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की कब्जे से चुराये हुये सोने चांदी के जेवर कुल कीमती लगभग 4 लाख रूपये के जप्त किये गये हैं। जानकारी अनुसार संतोष कुमार पंडित उम्र 32 वर्ष निवासी चंदन कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर के बाजू से उसके भाई मदन पंडित, चंदन पंडित एवं आनंद पंडित अपने परिवार के साथ रहते हैं। दिनांक 16 दिसंबर को दोपहर लगभग 3 बजे उसकी पत्नी सुनीता ने अपने बाक्स के डिब्बे में रखे सोने चांदी के जेवर देखे तो सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये गायब थे। पत्नी ने उसे बताया फिर जब उसने घर में लगे कैमरे चैक करवाये तो दिनांक 12-12-25 को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे के बीच कैमरा बंद था। उसे शक है कि कैमरे बंद के दौरान कोई अज्ञात चोर घर में घुसकर जेवर चोरी कर लिआ होगा। दौरान विवेचना चंदन कॉलोनी, गंगा नगर निवासी संदेही अभिषेक कुम्हार को थाना तलब कर चोरी के संबंध में पूछने पर उसने संतोष कुमार के घर की स्थिति एवं परिवार की दिनचर्या की जानकारी होने का फायदा उठाकर चोरी की घटना को कारित करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर चुराए हुए जेवर बरामद कर लिया है।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**